हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, शनिवार 12 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 107, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal sambad news


## संक्षिप्त खबरें

### गिरिडीह में एसीबी की टीम ने गावां अंचल के राजस्व कर्मचारी अलोक रंजन को 20 हजार रूपये घूस लेते किया गिरफ्तार



गिरिडीह : एसीबी की टीम ने गावां अंचल के राजस्व कर्मचारी अलोक रंजन को 20 हजार रूपये घूस लेते रंगे हाथों धरा, गावां बाजार स्थित बेलु राम के घर में स्थित अपने आवास पर राजस्व कर्मचारी को घूस लेते एसीबी धनबाद की टीम ने धरा है, एसीबी की कार्रवाई के बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मचा हड़कंप.

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को आएंगी झारखंड, बाबा मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना



रांची(ईएमएस)।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को झारखंड दौरे पर आएंगी। राष्ट्रपति भवन से राज्य सरकार को भेजी गई सूचना के अनुसार, वह एक अगस्त को बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी और उसके बाद देवघर एम्स के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। समारोह में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।राष्ट्रपति के दौरे को लेकर देवघर में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।राष्ट्रपति के देवघर दौरे के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड से विशेष जुड़ाव रहा है। वह पहले झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं और उनके झारखंड दौरे को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

### लातेहार में बस की चपेट में आकर 10 साल के बच्चे की मौत, विरोध में एनएच जाम

लातेहार(ईएमएस)।रांची-मेदिनीनगर राष्ट्रीज उच्च पथ 75 पर शुक्रवार की दोपहर बस की चपेट में आकर बाइक सवार 10 वर्षीय अंकित कुमार की मौत हो गयी। मनिका थाना क्षेत्र के नामूदाग गांव के पास हुई इस दुर्घटना में बाइक चला रहा नाबालिग राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल है। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही माधव बस ने विपरित दिशा से आ रही बाइक को धक्का मार दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल राहुल कुमार को मनिका सीएचसी पहुंचाया।वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्सन रेफर कर दिया गया।हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला।घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच-75 को जाम कर दिया। परिवार वाले मुआवजा देने की मांग रहे थे।जाम की सूचना पर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझा कर करीब एक घंटा बाद जाम हटवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया, जबकि बस को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार को प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने नहीं दी बेल

रांची(ईएमएस)। टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया है। हाईकोर्ट ने आलमगीर आलम की याचिका को खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है।हाईकोर्ट के आदेश से आलमगीर आलम को बड़ा झटका लगा है।दरअसल 26 जून को ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई हुई।आलमगीर आलम को रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इंकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई गई थी। लेकिन हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली।

### देवघर में सावन के पहले दिन ही बाबा मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

देवघर (ईएमएस)। पवित्र सावन का महीना शुक्रवार 11 जुलाई से शुरू हो गया। इसके साथ ही देवघर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम में कांवरियों के जल चढ़ाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सुल्तानगंज स्थित उत्तर वाहिनी गंगा का जल लेकर कांवरिये 105 किलोमीटर की कठिन यात्रा कर बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।मंदिर प्रांगण से लेकर पूरे रूट लाइन में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।पहले दिन ही बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।अहले सुबह से ही मेला की सारी गतिविधियों की मॉनिटरिंग खुद जिले के डीसी नमन प्रियेश लकड़ा व एसपी अजित पीटर डुंगडुंग कर रहे हैं। सावन के पहले दिन ही बाबा नगरी भगवा मय हो गई।बाबा मंदिर में आस्था का जनसैलाब शुक्रवार से उमड़ना शुरू हो गया है। सभी श्रद्धालु कतारबद्ध होकर सुलभ जलार्पण कर रहे हैं। शुक्रवार से बाबा मंदिर में भक्तों से दूर होकर बाबा बैद्यनाथ अरघा के माध्यम से जल को स्वीकार कर रहे हैं। सरकार के मिल रही सुविधाओं का श्रद्धालु सराहना कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता स्व. ददई दुबे को दी श्रद्धांजलि

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड सरकार में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता दिवंगत चंद्रशेखर दुबे (ददई दुबे) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में ईश्वर से संबल प्रदान करने की कामना की।बता दें कि झारखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सांसद और इंटक नेता ददई दुबे का दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के क्रम में उन्होंने राजधानी में बीते दिन गुरुवार की संध्या अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से झारखंड की सियासत और श्रमिक संगठनों में शोक की लहर है।चंद्रशेखर दुबे, जिन्हें ददई दुबे के नाम से जाना जाता था, का जन्म 2 जनवरी 1946 को हुआ था। वे बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक रहे। झारखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य कर चुके थे। वर्ष 2013 में हेमंत सोरेन सरकार में उन्हें राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी।

## कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी

# झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से

### डीए में 6 फीसदी बढ़ोत्तरी

रांची। झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से शुरू होगा। यह सत्र सात अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल पांच कार्य दिवस होंगे।शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इसकी स्वीकृति दी गई। कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनधारियों के महंगाई भत्ता में 6 फ़ीसदी की वृद्धि की गई।महंगाई भत्ता को 246 फीसदी से बढ़ाकर 252 फीसदी कर दिया गया।इसके तहत राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।वहीं राज्य सरकार के पेंशनधारियों व पारिवारिक पेंशन भोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केन्द्रीय वेतनमान) में दिनांक एक जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (पंचम वेतनमान) में जनवरी 2025 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गई।कैबिनेट की बैठक में सभी थानों के लिए 1697 दो पहिया वाहन और 1255 चारपहिया वाहनों की खरीद की स्वीकृति दी गई।दो पहिया वाहनों में टीवीएस अपाची और चार पहिया वाहनों में बलेरो की खरीद की



जाएगी।चार पहिया वाहनों की खरीद में 126.38 करोड़ और दो पहिया वाहनों की खरीद में 20 करोड़ 41 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रति बलेरो की खरीद नौ लाख 59 हजार और प्रति टीवीएस अपाची की खरीद एक लाख 14 हजार 573 रुपए में की जाएगी।मंत्रिपरिषद की बैठक में राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत एकीकृत पेंशन स्कीन के संचालन की स्वीकृति दी गई। इसके तहत जिन्होंने ओल्ड पेंशन स्कीम को नहीं चुना हैं, वे इस पेंशन को चुन सकते हैं। इसमें राज्य सरकार का अंशदान 18.5 फीसदी रहेगा।झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्तमान आवश्यकतानुसार पदों का प्रत्यर्पण एवं स्वीकृति दी गई।इसमें 318 प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। 130 पद लेवल सात के और 17 पद लेवल आठ के होंगे।झारखंड उत्पाद (झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली, 2022 के तहत राजस्वहित में अल्पकालीन वैकल्पिक व्यवस्था की गई है. इसके तहत नई खुदरा उत्पाद नीति के तहत खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन प्रारम्भ होने तक श्रम, विभाग द्वारा निर्धारित दर के आलोक में दैनिक पारिश्रमिक पर मानव बल की सेवा प्राप्त कर झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों के संचालन होगा।जिला योजना अनाबद्ध राशि के भूगतान की मार्गदर्शिका में संशोधन की स्वीकृति दी गई।पहले योजना के निर्माण कार्य में मरम्मत और जीर्णोद्धार की राशि का प्रावधान नहीं था। अब जिलों को मिलने वाली राशि में 30 फीसदी राशि पुरानी योजना के मरम्मत व जीर्णोद्धार में खर्च होगा।कैबिनेट की बैठक में संस्था निबंधन नियमावली के गठन की स्वीकृति दी गई। इसके तहत 2014 से संस्थाओं का ऑनलाइन निबंधन किया जा रहा है।




## गुरु पूर्णिमा के दिन मंदिर में हुआ भव्य भंडारा का आयोजन



धनबादः कोयला नगर स्थित साईं मंदिर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के भव्य भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से बीसीसीएल सीएमडी सिमरण दत्ता, डीपी एम.के रमैया,झरिया विधायक रागिनी सिंह आशिनी सिंह समेत हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। रागिनी सिंह ने गुरु पूर्णिमा की सबको बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साईं बाबा सभी कोयलांचलवासिओं का कल्याण करें यही कामना करती हूँ। भंडारा में श्रद्धालुओं की सेवा में सक्रिय श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जजमान उदय प्रताप सिंह ने बताया कि कल 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया था मंदिर में पूजा अर्चना तुफानी बाबा के द्वारा विधि विधान से पुजा किया जा रहा है आज संध्या बेला में साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा मंदिर से निकल जाएगी जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। साथ ही साईं बाबा को 56 भोग अर्पित किया गया है। इस कार्यक्रम में उमाशंकर सिंह, युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह, मनोज सिंह, उदय प्रताप सिंह की पत्नी रेनू सिंह, नीतू तिवारी, सोनिका सिंह, युवा , चंदन कुमार, मुनि देवी, पिंकी पाली मनीष कुमार सिंह, जयकांत झा पम्मी बबीता सिंह, पूनम मिश्रा, प्रीति अविनाश कुमार,परवीन समेत अन्य का योगदान है.

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रामनिवास यादव ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की

### सभी मतदान केंद्रों पर अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर होगी सुव्यवस्थित

### मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्रों से सूचीबद्ध किया जायेगा




गिरिडीह, 11 जुलाई 2025:- आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करनी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा है कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध किया जायेगा।

जिसके माध्यम से यह प्रयास किया जाएगा कि एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र में हो, जिससे कि मतदाताओं को मतदान करने में सहूलियत हो। साथ ही बताया गया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नजरी नक्शा, की मैप, भवनों का मानकीकरण, तथा बीएलओ को प्रशिक्षण देने संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी पार्टी अपने स्तर से BLA बूथ लेवल एजेंट की प्रतिनियुक्ति करेगी, जो बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर निर्वाचन संबंधी कार्यों को गति देंगे। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नये तरीके से मतदाता सूची तैयार किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करने की बात कहीं। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाजपा, इंडियन नेशनल कांग्रेस, राजद, आजसू, बीएसपी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा का किशोर मंत्री ने किया स्वागत



रांचीः झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के निवर्तमान अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश बस ओनर एसोसिएशन उपाध्यक्ष किशोर कुमार मंत्री ने परिवहन आयुक्त संजीव कुमार बेसरा से मुलाकात की। श्री मंत्री ने शुक्रवार को एफएफपीबिल्डिंग के परिवहन विभाग में पदस्थापित नवनियुक्त झारखंड परिवहन आयुक्त का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री मंत्री ने कहा कि परिवहन आयुक्त का पद कई वर्षों से रिक्त था। संजीव बेसरा के आने से बस मालिकों में खुशी की लहर दौड़ी है। परिवहन कार्य को गति मिलेगी और परिवहन व्यवसाय का राज्य में विकास तेजी से होगी।

किशोर मंत्री ने परिवहन आयुक्त से एक वर्षों से रुका हुआ परमिट नवीनीकरण का मामला को संचिका के माध्यम से नवीकरण करने का अनुरोध किया। साथ ही राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक एक वर्षों से नहीं हुई है, उसे जल्द कराने का अनुरोध किया। किशोर मंत्री ने परिवहन मंत्री दीपक बिरूवा को भी धन्यवाद दिया। जिन्होंने वर्षों से रिक्त पद परिवहन आयुक्त को पद स्थापित करने का कार्य किया। श्री बेसरा ने आश्वस्त किया कि अब कार्य में तेजी लाई जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त राज्य परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश, वकील, सुशील तिवारी एवं अशफाक आजम उपस्थित थे।

## खूंटी में धंस गया पुल, अब जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे बच्चे



### बांस की 20 फीट की सीढ़ी से रोज चढ़ते-उतरते हैं लोग, वीडियो वायरल

खूंटी,(ईएमएस)। बारिश के कारण देश के कई राज्यों से पुल टूटने और कई सड़कें धंसने की खबर सामने आई। कुछ ऐसा ही हादसा हाल ही में झारखंड के रांची के पास खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर पेलौल गांव के पास बनई नदी पर बना पुल तेज बारिश में धंस गया था। पुल का एक पिलर झुकने से स्लैब करीब 20 फीट नीचे चला गया है, जिसके चलते लोगों को बांस की सीढ़ी लगानी पड़ी थी। लोग अब इस बांस की सीढी के सहारे चढ़कर पुल पार कर रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने के लिए जान जोखिम उठाना पड़ रहा हैं, क्योंकि स्कूल जाने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। अब इसका वीडियो वायरल हो गया है।

बता दें पिछले दिनों बनई नदी पर बना ये पुल तेज बारिश के कारण धंस गया था। इस ब्रिज के टूटने से बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया। स्कूल प्रबंधन ने बसें बंद कर दी, जिसके कारण बच्चों को टूटे पुल से जाना पड़ता है। बताया जा रहा है कि बारिश के बावजूद भी बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बच्चों के माता-पिता अपने निजी वाहन से बच्चों को धंसे पुल तक लाते हैं और यहां से बच्चों को 20 फीट की बांस की सीढी के सहारे नीचे उतारा जाता है। ऐसा रोज होता है। बारिश के कारण सीढ़ी बहुत फिसलन भरी और खतरनाक हो चुकी है। कई बार माता-पिता बच्चों को अपनी पीठ पर लादकर सीढ़ी से ऊपर चढ़ते हैं और नीचे उतरते हैं। बांस की सीढ़ी के सहारे पुल पार करना आसान नहीं है। इसमें जान जाने का खतरा है।

## स्वर्गीय पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे का जाना अत्यंत दुखद एवं अपूरणीय क्षति हैः राधा कृष्ण किशोर मंत्री



रांचीः स्वर्गीय पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे जी का जाना अत्यंत दुखद एवं अपूरणीय क्षति है। 'ददई दुबे' जी के नाम से लोकप्रिय, चंद्रशेखर दुबे जी ने मजदूर संगठन इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मजदूरों, वंचितों औरसमाज के कमज़ोर वर्गों के अधिकारों की लड़ाई पूरे दमखम से लड़ी थी। वे एक जुझारू, संवेदनशील और कर्मठ नेता थे, जिन्होंने हमेशा जन सरोकारों को प्राथमिकता दी। आज रांची स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## भुवनेश्वर महतो को झारखंड आंदोलनकारी सम्मान रत्न देकर किया गया सम्मानित



रांची : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा आज डोरंडा भवानीपुर स्थित कार्यालय परिसर में झारखंड आंदोलनकारी चिंहितिकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो को झारखंड आंदोलनकारी सम्मान रत्न 2025 देकर सम्मानित किया गया. यह सम्मान झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो के कर कमल द्वारा प्रदान किया गया. इस मौके पर संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा केंद्रीय उपाध्यक्ष दो रामनाथ मेहता प्रधान महासचिव अजीत मिंज केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सरोजिनी कछप दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की , झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष ललित नारायण, केंद्रीय सचिव सुबोध कुमार लकड़ा, एंथन लकड़ा, सुजीत कुमार राम पुष्पा बरडेवा, अमर भेंगरा प्रमूख थे। मौके पर सभी केंद्रीय नेताओं को भी बारी-बारी से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

## मंत्री इरफान अंसारी मंत्री राधा कृष्ण ने कहा अच्छी सेहत के लिए अच्छी खुराक ज़रूरी

### हैदराबादी जायका का तड़का, तीसरी ब्रांच का आगाज़

रांची : झारखंड सरकार के स्वास्थ मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और झारखंड सरकार के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि अच्छी सेहत के लिए अच्छी खुराक ज़रूरी है। एक स्वस्थ आहार शरीर को ज़रूरी पोषक तत्व प्रदान करता है, जिससे बीमारियों से बचाव होता है। अच्छा खाना शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे आप पूरे दिन सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करते हैं। वह शुक्रवार को डंगरा टोली स्थित हैदराबादी जायका रेस्तरां के तीसरे ब्रांच के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मंत्री ने कहा कि हमने खाना खाया। खाना लाजवाब है। क्वालिटी का ध्यान, साफ सफाई का ध्यान रखा गया है। खाना और बिरयानी कि बात हो और हैदराबादी बिरयानी का नाम न आए ऐसा नहीं हो सकता। खाने के शौकीन के लिए अच्छी खबर है। हैदरबादी जायका की जिनका जलवा पुरे भारत से लेकर विदेश मे हर जगह कायम है। हैदराबाद के मसाले किसी भी व्यंजन के टेस्ट में चार-चांद लगा देते है। इसी सिलसिले को ज़ारी रखते हुए नए रेस्तरां हैदराबादी जायका पुरुलिया रोड, रिलायंस मार्ट के पास, डंगराटोली चौक रांची का भव्य उद्घाटन झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वेज हो या नॉनवेज हैदराबादी जब कुछ खास डिश बनाते हैं तो लोग उंगलियां चाटने को मजबूर हो जाते हैं। हैदराबादी जायका के डायरेक्टर शेख साहिल अली ने अपने तीसरे ब्रांच के उद्घाटन पर दस प्रतिशत छूट का ऐलान किया है। शेख साहिल हैदराबादी जायका रेस्टोरेंट्स का दावा है कि ऐसा टेस्ट कहीं और नहीं मिलेगा। आगे बोलते हुए संचालक शेख साहिल अली ने कहा की यहां अरेबियन, मंडी स्पेशल, इंडियन और चाइनीस बिरयानी,शोरमा,तंदूर,अलफहम ,टर्किश डिशेज, गिरिल्ड, रेशमी कवाब, टिक्का कवाब, मलाई कवाब, हरयाली कवाब, लेमन टिक्का कवाब, तंदूरी चिकन, मुर्ग मुस्सल्लम, साउथ इंडियन डिशेज और मिठाइयां समेत कई खाद्य पदार्थ उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि उद्घाटन के मौके पर सभी ग्राहकों को तीन दिन के लिए 10% का डिस्काउंट दी जा रही है। इस मौके पर संचालक शेख साहिल अली,मोहम्मद इस्माइल अंसारी, मुदस्सर नजर, असमत अली, अफजल अली, अफसर अली, इक़बाल सबा,नदीम ज़फर ज़िलानी,इरफान अंसारी, हदीसुन बीबी, मनव्वर अली, अफजल शेख, अस्मत शेख समेत कई विशिष्ट लोग मौजूद थे।

## नशेड़ियों और अपराधियों के खिलाफ जन आक्रोश सह जागरूकता मार्च निकालने का निर्णय



रांचीः कुछ महीनों से रांची शहर के लगभग सभी थाना अंतर्गत पड़ने वाले विभिन्न गली मोहल्लों में बेखौफ होकर खुलेआम चरस अफीम ब्राउन शुगर गांजा जैसे मादक पदार्थों की खरीद बिक्री तथा सेवन हो रहा है। खासकर सुखदेव नगर और पंडरा दोनों ही थाने के अंदर पड़ने वाले विभिन्न गली मोहल्ले में तो नशेड़ियों और अपराधियों ने तांडव मचा रखा है। आम नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। बच्चियों और महिलाओं का चलना मुश्किल हो गया है। पुलिस और प्रशासन के नाक के नीचे सबकुछ हो रहा है। लेकिन इसपर नियंत्रण तो दूर कोई सतही कार्रवाई भी नहीं होती है। थकहार कर सुखदेव नगर और पंडरा थाने के अंदर रहने वाले नागरिकों ने नशेड़ियों और अपराधियों के खिलाफ जन आक्रोश सह जागरूकता मार्च निकालने का निर्णय लिया है।

## साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, आए दर्जनों फरियादी, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन




### जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य

गिरिडीह, 11 जुलाई 2025:- जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए दर्जनों लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, दाखिल खारिज, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, राशन, भू अर्जन, पेयजल आदि से संबंधित विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कारवाई हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया तथा जल्द से जल्द शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनता दरबार का उद्देश्य आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। गौरतलब हो कि समाहरणालय में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिलेवासी उपायुक्त से मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं तथा उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निष्पादन और प्रभावी समाधान करना जनता दरबार का उद्देश्य है।

## जिला भू-अर्जन कार्यालय, जामताड़ा।
## आम सूचना

जामताड़ा जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 419 में कि.मी. 11.069 से कि.मी. 11.700 पथांश अन्तर्गत चितरंजन (ग्राम-कानगोई) में एक अद्द ROB निर्माण के प्रयोजनार्थ ग्राम-कानगोई, थाना संख्या-16, कुल रकवा 3.47 एकड़ (जिला जामताड़ा) के भू-अर्जन के एवज में मुआवजा राशि प्राप्ति हेतु निम्नांकित रैयतों/पंचाटियों के द्वारा दावा/अभिश्रव समर्पित नहीं किया गया है।

| अर्जनाधीन भूमि का क्षेत्रफल | | | | रैयतों का नाम | संबंधित पिता / पति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकवा (एकड़) | | |
| 1 | 50/1 | 1056 | 0.06 | रमेश राय | पिता स्व0 राजन राय |
| 2 | 50/1 | 1056 | lajpuk | श्री मानिक माजि | पिता स्व0 अनील कुमार माजि। |
| 3 | 50 | 1061 | 0.05 | कल्पना माजि | पति स्व0 हिरालाल माजि |
| 4 | 50 | 1061 | 0.05 | कालाचाँद माजि | माता स्व0 कुदुरा वाला माजि |
| 5 | 50 | 1177 | 0.54 | कल्पना माजि | पति स्व0 हिरालाल माजि |
| 6 | 50 | 1182 | 0.62 | कल्पना माजि | पति स्व0 हिरालाल माजि |
| 7 | 7 | 509 | 0.08 | दुलाल राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 8 | 7 | 509 | 0.08 | बुलु राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 9 | 7 | 509 | 0.08 | निमाई राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 10 | 7 | 509 | 0.08 | जगदीश राय | पिता स्व0 संतोष राय |
| 11 | 7 | 509 | 0.08 | सुनिल राय | पिता स्व0 अनन्त राय |
| 12 | 7 | 527 | 0.02 | दुलाल राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 13 | 7 | 527 | 0.02 | बुलु राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 14 | 7 | 527 | 0.02 | निमाई राय | पिता स्व0 आतव राय |
| 15 | 7 | 527 | 0.02 | जगदीश राय | पिता स्व0 संतोष राय |
| 16 | 7 | 527 | 0.02 | सुनिल राय | पिता स्व0 अनन्त राय |
| 17 | 34 | 525 | 0.09 | नारायण राय | पिता स्व0 हाराधन राय। |
| 18 | 22 | 529 | 0.01 | जामिनी गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 19 | 22 | 529 | 0.01 | भरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 20 | 22 | 529 | 0.01 | शरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 21 | 22 | 529 | 0.01 | लखन गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल। |
| 22 | 22 | 993 | 0.24 | जामिनी गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 23 | 22 | 993 | 0.24 | भरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 24 | 22 | 993 | 0.24 | शरत गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 25 | 22 | 993 | 0.24 | लखन गोराई | पिता स्व0 जानकि मंडल |
| 26 | 22 | 993 | 0.24 | मदन गोराई | पिता स्व0 भूरू गोराई |
| 27 | 22 | 993 | 0.24 | मंजु गोराई | पिता स्व0 फटिक गोराई |
| 28 | 22 | 993 | 0.24 | प्रफुल्य गोराई | पिता स्व0 सहदेव गोराई |
| 29 | 22 | 993 | 0.24 | दिनेश गोराई | पिता स्व0 सहदेव गोराई |
| 30 | 22 | 993 | 0.24 | मानिक गोराई | पिता स्व0 मोतीलाल मंडल |
| 31 | 22 | 993 | 0.24 | शंकर गोराई | पिता स्व0 मोतीलाल मंडल |
| 32 | 22 | 993 | 0.24 | निरा गोराई | पति स्व0 निमाई गोराई |
| 33 | 22 | 993 | 0.24 | दुलाली गोराई | पति स्व0 कर्णधर गोराई |
| 34 | 22 | 993 | 0.24 | अमर जोति गोराई | पिता स्व0 विजय गोराई। |
| 35 | 22 | 993 | 0.24 | देवजोति गोराई | पिता स्व0 विजय गोराई। |
| 36 | 22 | 993 | 0.24 | ध्रुवजोति गोराई | पिता स्व0 विजय गोराई। |
| 37 | 9 | 1009 | lajpuk | आनन्द कुमार सिंह | पिता अरविन्द नारायण सिंह |
| 38 | 9 | 1002 | lajpuk | श्रीमति किरण देवी | पति श्री अनिल कुमार |
| 39 | 9 | 1002 | lajpuk | श्रीमति सोना देवी | पति श्री राजेश प्रसाद साव |
| 40 | 9 | 1002 | lajpuk | श्रीमति शियासुन्दर देवी | पति श्री रामवचन शर्मा। |
| 41 | 26 | 1001 | 0.03 | दिनेश माजि | पिता स्व0 बलराम माजि |
| 42 | 26 | 1001 | 0.03 | परितोष माजि | पिता स्व0 बलराम माजि |
| 43 | 26 | 1001 | 0.03 | जयराम माजि | पिता स्व0 वामा पद माजि |
| 44 | 26 | 1001 | 0.03 | अभिराम माजि | पिता स्व0 वामा पद माजि |
| 45 | 26 | 1000 | 0.04 | मेघनाथ माजि | पिता स्व0 रामगति माजि |
| 46 | 26 | 1000 | 0.04 | तारापद माजि | पिता स्व0 दिवाकर माजि |
| 47 | 26 | 1000 | 0.04 | लाल मोहन माजि | पिता स्व0 सुदर्शन माजि |
| 48 | 26 | 1000 | 0.04 | गुरूपद माजि | पिता स्व0 पशुपति माजि। |
| 49 | 26 | 999 | lajpuk | श्रीमति आशा शर्मा | – |
| 50 | 26 | 997, 998 | lajpuk | श्रीमति रिंकु शर्मा | पति श्री धर्मेन्द्र शर्मा |
| 51 | 46 | 1003 | 0.04 | वासुदेव राय | पिता स्व0 हेलु राय |
| 52 | 20 | 1007 | lajpuk | श्रीमति द्रोपदी देवी | पति श्री रामजीवन शर्मा |
| 53 | 3 | 996 | 0.15 | हरि साधन माजि | पिता स्व0 निवारण माजि |
| 54 | 3 | 996 | 0.15 | श्यामल माजि | पिता स्व0 निवारण माजि |
| 55 | 3 | 996 | 0.15 | उतम माजि | पिता स्व0 निवारण माजि |
| 56 | 3 | 996 | 0.15 | धिरेन माजि | पिता स्व0 नारायण माजि |
| 57 | 3 | 996 | 0.15 | राखाल माजि | पिता स्व0 नारायण माजि |
| 58 | 3 | 996 | 0.15 | सखाल माजि | पिता स्व0 पुन्दर माजि |
| 59 | 3 | 996 | 0.15 | नटवर माजि | पिता स्व0 पुन्दर माजि |
| 60 | 3 | 996 | 0.15 | विश्वजीत माजि | पिता स्व0 कान्हाई लाल माजि |
| 61 | 3 | 996 | 0.15 | सुजित माजि | पिता स्व0 कान्हाई लाल माजि |
| 62 | 3 | 996 | 0.15 | हरेकृष्ण माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 63 | 3 | 996 | 0.15 | सुवल चन्द माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 64 | 3 | 996 | 0.15 | ध्रुवक चन्द माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 65 | 3 | 996 | 0.15 | प्रशान्त कुमार माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 66 | 3 | 996 | 0.15 | सुकान्त माजि | पिता स्व0 मधुसुधन माजि |
| 67 | 3 | 996 | 0.15 | प्राण कृष्ण माजि | पिता स्व0 निमाई माजि |
| 68 | 3 | 996 | 0.15 | असिम कृष्ण माजि | पिता स्व0 निमाई माजि |
| 69 | 3 | 996 | 0.15 | जगवन्धु माजि | पिता स्व0 देवेन्द्र नाथ माजि |
| 70 | 3 | 996 | 0.15 | यादव माजि | पिता स्व0 उपेन्द्रनाथ माजि। |
| 71 | 36 | 995 | 0.24 | विकास चन्द माजि | पिता स्व0 धनंजय माजि |
| 72 | 36 | 1643 | 0.02 | विकास चन्द माजि | पिता स्व0 धनंजय माजि |

अतः अनुरोध है कि मुआवजा राशि प्राप्ति हेतु निर्गत नोटिस (मूल प्रति), बैंक खाता, आधार, पर्चा एवं लगान रसीद की छायाप्रति आदि सात दिनों के अन्दर जिला भू-अर्जन कार्यालय, जामताड़ा में समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा किसी प्रकार का दावा नहीं होने पर उपरोक्त जमीन के भू-अर्जन से संबंधित मुआवजा राशि सक्षम न्यायालय में जमा कर दी जाएगी।

PR 357038 District(25-26)D

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जामताड़ा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बोकारो : आज 11'जुलाई को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के विभिन्न विभागों के कुल 71 अधिकारी, कर्मचारीगण तथा निविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा अभियंत्रण विभाग तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग से सहायक महाप्रबंधक सुखदेव महतो, तथा ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक बी पी एस राणा उपस्थित थे.ऊर्जा प्रबंधन विभाग से सहायक महाप्रबंधक बी पी एस राणा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा सुरक्षा शपथ दिलाई. तत्पश्चात गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व के बारे में बताया एवं सभी प्रतिभागियो से इस कार्यक्रम से अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील के साथ प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबन्धित विस्तृत जानकारी दी.

### डालसा द्वारा बासुकीनाथ श्रावणी मेला में लगाया गया विधिक जागरूकता शिविर

दुमकाः झालसा, रांची के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, शत्रुंजय कुमार सिंह के आदेशानुसार बासुकीनाथ में श्रावणी मेला 2025 में डालसा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। महीने भर चलने वाली श्रावणी मेला के इस कानूनी जागरूकता शिविर द्वारा लोगों को कानूनी जागरूकता सहित सरकार द्वारा चलाये जा रहें विभिन्न योजनाओं एवं लाभों के बारे में बताया जाएगा। जिसके लिये प्राधिकार द्वारा पारा लिगल वालंटियर्स का एक टीम भी बनाया गया है जो प्रत्येक दिन श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में समझाएंगे एवं कानूनी सहायता भी प्रदान करेंगे। साथ ही कानूनी जागरूकता हेतु पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के द्वारा पंपलेट एवं कानूनी पुस्तकों का भी वितरण किया गया। मौके पर पारा लीगल वालंटियर कैलाश रामदास, रोहित राय, कौशल कुमार, जीवेश खिरहर के साथ अन्य उपस्थित थे।

#### एबीवीपी ने विवि के नए कुलसचिव से की मुलाकात

### विश्वविद्यालय और एसपी कॉलेज की समस्याओं के समाधान व एसपी कॉलेज प्राचार्य को हटाने की रखी मांग

दुमकाः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दुमका इकाई ने सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) के नवपदस्थ कुलसचिव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय और एसपी कॉलेज, दुमका से संबंधित गंभीर छात्रहित के मुद्दों को उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की।एबीवीपी कार्यकर्ता ने कुलसचिव से मुलाकात के दौरान बताया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा, परीक्षा, परिणाम, खेलकूद और प्रशासनिक स्तर पर लगातार अव्यवस्था बनी हुई है। एसपी कॉलेज में तो स्थिति और भी चिंताजनक है यहाँ न तो विधि की पढ़ाई प्रारंभ हो रही है, न ही खेल गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं।नगर सह मंत्री विवेक धर ने कहा कि यह भी आरोप लगाया कि एसपी कॉलेज के वर्तमान प्राचार्य का व्यवहार छात्रहित में नहीं है। उनके कार्यकाल में कॉलेज का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हुआ है। छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे छात्रों में भारी आक्रोश है। एबीवीपी ने कुलसचिव से मांग की कि एसपी कॉलेज के प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए और किसी योग्य एवं छात्रहितैषी व्यक्ति की नियुक्ति की जाए।एबीवीपी खेलो भारत प्रमुख आदित्य जोशी ने कहा कि परिषद लगातार छात्रहित में आवाज उठा रही है और अब समय आ गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ठोस कदम उठाए। यदि शीघ्र कोई कार्वाई नहीं की गई, तो परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि सभी समस्याओं की गंभीरता से समीक्षा की जाएगी और शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।इस मुलाकात में एबीवीपी दुमका विभाग संगठन मंत्री हिमांशु कुमार दुबे, नगर सहमंत्री विवेक धर, खेलो भारत प्रमुख आदित्य जोशी, सोशल मीडिया प्रमुख राज केसरी इकाई के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सिदो कान्हू मुर्मू विवि परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

दुमकाःरोटी बैंक दुमका की ओर से शुक्रवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व हरित वातावरण सुनिश्चित करना रहा।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति,प्रो डॉ कुनुल कंडीर, कुलसचिव डॉ राजीव रंजन शर्मा, रोटी बैंक के संस्थापक जतिन कुमार, दंत चिकित्सक डॉक्टर श्वेता स्वराज की उपस्थिति में जामुन, कटहल, आम आदि पौधो का रोपण किया गया।मौके पर कुलपति प्रो डॉ कुनुल कंडीर ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अनमोल हैं। यह पहल समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण की रक्षा में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।कुलसचिव डॉ राजीव रंजन शर्मा ने रोटी बैंक के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि छात्रों को प्रकृति के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करती हैं।दंत चिकित्सक डॉ श्वेता स्वराज ने सभी से विनती किया कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार ने कहा कि यही एक छोटा सा प्रयास हमारे पर्यावरण को हरा-भरा और जीवन को संतुलित बनाए रखने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

### धोबा पंचायत भवन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा के आदेश पर प्रखंड के धोबा पंचायत भवन में शुक्रवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जनजाति विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वृद्धा पेंशन, विधवा पैंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा अंतर्गत जांब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, सिकल सेल टेस्टिंग, मिशन इन्द्र धनुष सहित केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मुखिया ज्योति देवी ने बताया कि ग्रामीण संबंधित विभाग से लाभ हेतु आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि पूर्व में 15 से 30 जून तक पूरे जिले के सभी गांवों में शिविर आयोजित कर सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए आवेदन लिए गए थे। पुनः 15 जुलाई तक तिथि विस्तार कर प्रखंड के छुटे हुए 43 गांवों में शिविर का आयोजन कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।मौके पर मुखिया ज्योति देवी, पंचायत सचिव गीत माला कुमारी, वार्ड सदस्य गोल्डेन रक्षित, रोजगार सेवक बिटिया टुडू, डीलर शंकर लाल अग्रवाल, प्रदीप भगत, बजरंग अग्रवाल स्वयं सेवक सुरेश सोरेन, रोहित कुमार के साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थे।

### श्रावणी मेला के पहले दिन 38,925 श्रद्धालुओं ने किया बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण

दुमकाः श्रावणी मेला के पहले दिन फौजदारी दरबार बासुकीनाथ में शाम 4 बजे तक 38,925 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ पर जलार्पण किया। रुट लाइन से 34690, शीघ्र दर्शनम से 1950 एवं जलार्पण काउंटर से 2285 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया।शीघ्र दर्शनम से 5,85,000 रुपये,गोलक से 2,57,400 रुपये एवं गोलक से चांदी 2350 ग्राम प्राप्त हुए। बताते चलें कि चाक चौबंद इंतजाम के बीच श्रद्धालुओं ने अहले सुबह से बोल बम के गगनभेदी नारों के साथ जलार्पण शुरू किया जो समाचार लिखे जाने तक अनवरत जारी था।

# विधायक प्रदीप यादव ने किया हंसडीहा में टेंट सिटी सह प्रशासनिक शिविर का उद्घाटन



दुमकाःश्रावणी मेला 2025 के अंतर्गत हंसडीहा में टेंट सिटी सह प्रशासनिक शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव द्वारा मयूराक्षी कला मंच परिसर में फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे लगातार 28वीं बार इस शिविर का उद्घाटन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला आपसी प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, जहां लोग जाति-धर्म से ऊपर उठकर एक-दूसरे की सेवा करते हैं। खासकर शनिवार और रविवार को स्थानीय लोग टोली बनाकर डाक कांवरियों की सेवा करते हैं। यह मेला कई परिवारों के लिए आजीविका का भी स्रोत है।उन्होंने श्रीकालाहस्ती मंदिर के भक्त कनप्पा की भक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान शिव की भक्ति में समर्पण की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि इस धार्मिक माहौल में राजनीति की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।डीडीसी अनिकेत सचान ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कांवरियों को हर संभव सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष पहली बार एआई तकनीक का प्रयोग खोया-पाया केंद्र में किया जा रहा है, जिससे सेवा में और गति आएगी।

#### प्रशासन की ओर से बनायी गई सुविधाएँ

300 बेड की टेंट सिटी, जिसमें पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग आदि की समुचित व्यवस्था है।24 घंटे कार्यरत अस्थाई अस्पताल जिसमें 5 ऑक्सीजनयुक्त बेड सहित चिकित्सक मौजूद रहेंगे।सांस्कृतिक मंच, जहां मयूराक्षी कला मंच द्वारा प्रतिदिन भक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे कांवरियों को मानसिक शांति और आनंद मिल रहा है।श्रावणी मेला के इस शुभ अवसर पर जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों का संयुक्त प्रयास सराहनीय है, जो श्रद्धालुओं की सेवा में पूरी निष्ठा से जुटे हैं।इस अवसर पर डीडीसी अनिकेत सचान, सर्कल इंस्पेक्टर विशुन देव पासवान, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रभा रानी प्रसाद एवं थाना प्रभारी प्रकाश सिंह सहित कई अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### फीता काट कर किया परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 का उद्घाटन

दुमकाःविश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जामा डॉ शशिधर मिश्रा एवं डेंटल सर्जन डॉ राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर परिवार स्वास्थ्य मेला 2025 का उद्घाटन किया। इसके उपरांत परिवार नियोजन जागरूकता रथ को हरी झंड़ी दिखाकर क्षेत्र भ्रमण के लिए रवाना किया गया।यह कार्यक्रम 1 से 31 जुलाई तक चलेगा, जिसमे योग्य दंपत्ति से संपर्क कर उन्हें परिवार नियोजन के महत्व पर जागरूक किया जाएगा तथा इससे संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। डॉ शशिधर मिश्र ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन के महत्व और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी।इस मौके पर बीटीटी पम्मी देवी , काउंसलर बबीता बास्की, उषा रानी बास्की परिवार नियोजन कार्यकर्ता , जीएनएम रीता हांसदा, वेरोनिका हांसदा, अजितेश राय, पवन कुमार, सुमित कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## राजकीय श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा, उपायुक्त ने किया टेंट अस्पताल का निरीक्षण



दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला 2025 के दौरान श्रद्धालुओं को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा बासुकीनाथ में टेंट अस्पताल की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने टेंट अस्पताल का निरीक्षण किया एवं मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि अस्पताल में लगाए गए सभी चिकित्सा उपकरण पूर्णतः कार्यशील अवस्था में रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपात या विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य टीम हर समय सतर्क और तैयार रहे। इसके साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि आवश्यक दवाओं की कोई कमी नहीं होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्थायी रूप से बनाए गए वार्ड का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड में उपलब्ध ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, स्ट्रेचर, बेड आदि उपकरणों की जांच सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में उनका तत्काल उपयोग किया जा सके।श्रद्धालुओं की सुविधा और आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता के लिए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि बाइक एम्बुलेंस और चारपहिया एम्बुलेंस दोनों ही 24x7 अस्पताल परिसर में तैनात रहें। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से दूर-दराज या भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से रोगियों को तेजी से अस्पताल तक पहुंचाया जा सकेगा।उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला में देशभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिनकी सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## दुमका की टीम फिर बनी चैंपियन, हासिल किया प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करने का गौरव

#### गोड्डा को मिला उपविजेता का पुरस्कार, जामताड़ा ने हासिल किया तीसरा स्थान

दुमकाःझारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के तत्वावधान में दुमका जिला के जामा प्रखंड स्थित कमारदुधानी स्थित आर्चरी स्टेडियम सह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित 64वीं सुब्रतो मुखर्जी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (बालिका) के अंतर्गत 17 वर्ष से कम आयु की स्कूली बच्चियों के लिए शुक्रवार को प्रमंडल स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की विजेता टीम ने अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में संताल परगना प्रमंडल के सभी छः जिलों की टीम ने भाग लिया।प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मुकाबले में दुमका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोड्डा को 01-00 से परास्त कर न सिर्फ प्रमंडल स्तरीय फाइनल का खिताब हासिल किया बल्कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में संताल परगना प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करने का गौरव भी हासिल कर लिया। तीसरे स्थान के लिए टाइब्रेकर के माध्यम से फैसला हुआ, जिसमें जामताड़ा ने पाकुड़ को 03-01 के अंतर से परास्त किया।पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दुमका ने जामताड़ा को 01-00 तथा गोड्डा ने पाकुड़ को 02-00 से परास्त कर फाइनल में जगह बनाई। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीम को आयोजन समिति द्वारा ट्राफी तथा विजेता टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व छः जिलों की टीमों को दो पुल में बांटकर राउंड रोबिन आधार पर हुए लीग मैच में दुमका ने पाकुड़ को 04-00 से, गोड्डा ने जामताड़ा को 06-00 से, पाकुड़ ने देवघर को 01-00 से, जामताड़ा ने साहेबगंज को 01-00से, दुमका ने देवघर को 06-00 से तथा गोड्डा ने साहेबगंज को 05-00 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।प्रतियोगिता के सफल संचालन में झारखंड शिक्षा परियोजना दुमका के सहायक कार्यक्रम प्रबंधक विभाष चंद्र महतो, शिक्षक मदन कुमार, शारीरिक शिक्षक क्रमशः ज्ञानप्रकाश ठाकुर, अमित कुमार, सुमन कुमार, मोइम अंसारी, कुमार नवनीत, शिवराम सिमोन टुड्डु, असीम हेम्ब्रम, प्रीतम मरांडी,जोसेफ मुर्मू, मानवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, सरोज, सचिन कुमार, जूली किरण मुर्मू ,संतोष कुमार पटेल, दीपांकर कुमार मंडल,सुहागिनी मुर्मू, रामानंद घोष और रेफरी के रुप में इग्न्यायुस टुड्डू, पिंटू मुर्मू, उमेश टुड्डू तथा लारेंस मुर्मू की भूमिका अहम रही।

# श्रावणी मेला के पहले दिन उपायुक्त ने लिया सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का जायजा

#### श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और दर्शन प्रक्रिया से जुड़े सभी बिंदुओं पर की बारीकी से समीक्षा

#### बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त



दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला 2025 के पहले दिन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बासुकीनाथ पहुँचकर पूरे मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और दर्शन प्रक्रिया से जुड़े सभी बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने विशेष रूप से मेला क्षेत्र में बनाए गए अस्थायी पुलिस आउट पोस्ट (ओपी) का निरीक्षण किया और ओपी में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपने-अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णतः सजग और जिम्मेदार रहने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी पदाधिकारी या जवान अपने कर्तव्य स्थल को तब तक न छोड़ें, जब तक उनके स्थान पर उनका सहयोगी उपस्थित न हो जाए।उन्होंने यह भी जोड़ा कि श्रावणी मेला में लाखों श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं, अतः उनकी सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### श्रद्धालुओं से बातचीत, व्यवस्था पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने रूट लाइन में दर्शन हेतु आये श्रद्धालुओं से संवाद भी किया। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि व्यवस्था में कोई कमी नहीं है। हमें बहुत ही आसानी और शांति के साथ पूजा करने का अवसर मिला।इस सकारात्मक प्रतिक्रिया से उपायुक्त ने मौके पर मौजूद कर्मियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें इसी तरह कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मेला क्षेत्र की निरंतर निगरानी करते रहें और किसी भी प्रकार की परेशानी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही, उन्होंने मेला क्षेत्र में लगे सूचना केंद्रों और नियंत्रण कक्षों को पूरी सक्रियता से कार्य करने का निदेश दिया।

### अत्यधिक बारिश से खैरबनी गांव में गौशाला धाराशाई, पीड़ित किसान ने प्रशासन से की पशु शेड की मांग

दुमकाःमसलिया अंचल क्षेत्र के नयाडीह पंचायत स्थित खैरबनी गांव में लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के कारण एक किसान की गौशाला ढह गयी। ईंट और खपड़ैल से बनी यह गौशाला शिवनारायण साह की थी, जो स्थानीय स्तर पर पशुपालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।गौशाला गिरने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अब उनके पास पशुओं को रखने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। शिवनारायण साह ने बताया कि घटना गुरुवार रात की है,लगातार बारिश के कारण गौशाला की दीवारें कमजोर हो गईं और पूरी संरचना भरभराकर गिर गई। सौभाग्यवश गौशाला की दीवार बाहर की ओर गिरी, जिससे अंदर बंधे पशुओं को कोई नुकसान नहीं हुआ। यदि दीवार भीतर की ओर गिरती, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी और जान-माल की भारी क्षति होती। किसान ने बताया कि वे वर्षों से इस गौशाला में मवेशियों को रखते आ रहे थे। अब बारिश के मौसम में बिना शेड के पशुओं की देखभाल करना काफी मुश्किल हो गया है। शिवनारायण साह ने अंचल सह प्रखंड प्रशासन से तत्काल पशु शेड की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि उनके पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सके।

## उपायुक्त ने किया जेटीडीसी द्वारा निर्मित टेंट सिटी का निरीक्षण टेंट सिटी में विश्राम कर रहे श्रद्धालुओं से किया संवाद



#### उपायुक्त का स्पष्ट निर्देश -श्रद्धालुओं को एक बेहतर अनुभव के साथ अपने घर लौटने का अवसर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए

दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2025 के पहले दिन उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बासुकीनाथ धाम पहुँचकर जेटीडीसी द्वारा निर्मित टेंट सिटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालयों की सफाई, स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि देवतुल्य श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्रद्धालुओं को एक बेहतर अनुभव के साथ अपने घर लौटने का अवसर मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने टेंट सिटी में विश्राम कर रहे श्रद्धालुओं से बातचीत भी की। उत्तर प्रदेश से आये श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाबा बासुकीनाथ के दर्शन बिना किसी कठिनाई के सम्पन्न हुए। सावन माह में उन्हें बहुत ही सरलता से पूजा करने का अवसर मिला जिसके लिए उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।वहीं, बिहार की रीता देवी, जो वर्षों से बासुकीनाथ धाम आती रही हैं, ने उपायुक्त से कहा,"बचपन से यहाँ आ रही हूँ, लेकिन हर वर्ष कुछ नया और बेहतर देखने को मिलता है। इस बार की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है। सावन में इतनी आसानी से पूजा कर सकी हूँ।यहाँ की साफ सफाई एवं टेंट सिटी की व्यवस्था देखकर थकान ही दूर हो गयी। धन्यवाद साहब,उपायुक्त ने श्रद्धालुओं से कहा कि पूरे मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर बंध्याकरण एवं नशबंदी के लिए खोज पखवाड़ा अभियान की शुरुआत

दुमकाःविश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीकांदर में शुक्रवार को परिवार नियोजन एवं जनसंख्या वृद्धि के नियंत्रण हेतु बंध्याकरण एवं नशबंदी के लिए खोज पखवाड़ा अभियान की शुरुआत की गई।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विश्वनाथ मंडी के द्वारा फीता काट कर किया गया, तथा हरी झंडी दिखाकर खोज पखवाड़ा को चालू किया गया। यह खोज पखवाड़ा अभियान 15 दिनों तक चलेगा। 11 जुलाई से 26 जुलाई तक चलने की संभावना है। इसके लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। साथ ही इसके लिए स्वास्थ्य कर्मी को लगाया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में के टी एस प्रेमतोष बास्की, लेखापाल बिनोद पाण्डे, बी डी एम प्रदीप, परिवार नियोजन बी टीटी प्रोमिला हेंब्रम, बीटी टी सुवासिनी हांसदा, प्रोग्राम प्रबंधक दिलीप कुमार मिंज, सहिया साथी एवं सहिया सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ

दुमकाःविश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मसलिया के सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन धोबनाहरिनबहाल पंचायत के पिपरा गांव निवासी महावीर राय और चिकित्सा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले जनसंख्या स्थिरीकरण जागरूकता पखवाड़ा की शुरुआत की गई।कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता महावीर राय उम्र 31 वर्ष ने अपने जीवन में परिवार नियोजन की स्थायी विधि, पुरुष नसबंदी को अपनाकर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। दो संतान के उपरांत उन्होंने नसबंदी कराकर यह संदेश दिया कि पुरुषों को भी परिवार नियोजन की जिम्मेदारी साझा करनी चाहिए। उनके इस साहसिक निर्णय की प्रशंसा पूरे प्रखंड में हो रही है। इस पखवाड़े के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से परिवार नियोजन के महत्व और इससे जुड़े लाभों की जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से परिवार कल्याण रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण आज के समय की आवश्यकता है और इसके लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि स्थायी व अस्थायी दोनों प्रकार की परिवार नियोजन सेवाएं केंद्र पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। समारोह का उद्देश्य लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक करना और एक संतुलित व स्वस्थ समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर निबंध व चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित

दुमकाःमसलिया में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय गमहरिया में निबंध एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्रधानाचार्य के कर कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात रानी कुमारी एवं जुली कुमारी द्वारा देशभक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।चित्रांकन प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें कक्षा सप्तम की ज्योति कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पूनम कुमारी तथा तृतीय स्थान कक्षा षष्ठ की लक्ष्मी कुमारी को प्राप्त हुआ। वहीं निबंध प्रतियोगिता का विषय "जनसंख्या वृद्धि का परिणाम" रखा गया था, जिसमें 13 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति, द्वितीय स्थान रानी कुमारी तथा तृतीय स्थान आलोक झा ने प्राप्त किया।प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक देवीसन सोरेन, अखिलेश्वर मुर्मू, उज्ज्वल कुमार ठाकुर, संतोष दे, लखन पंडित, नीतू झा एवं दुलाल राय की उपस्थिति रही। मंच संचालन शिक्षक उज्ज्वल कुमार ठाकुर ने सफलतापूर्वक किया। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों पर छात्रों को जागरूक किया गया, जिससे वे सामाजिक सरोकारों के प्रति सजग हों।

# राजद का नीतीश पर हमला, तेजस्वी की योजनाएं चुरा रहे, नकलची सरकार

## वोटर लिस्ट पुनरनिरीक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का रुख, हमारी जीत



पटना, (ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष को करारा जवाब देकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 400 से बढ़ाकर 1100 किया और आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन पाने वाले राज्य के 1 करोड़ 11 लाख लाभुकों को डीबीटी से सीधे राशि भेजी जा रही है, लेकिन नीतीश के काम में योजना चुराने का आरोप लगा है। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि नकलची सरकार है।राजद प्रवक्ता तिवारी ने कहा कि हमारे नेता तेजस्वी यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाने की घोषणा की थी। उन्होंने योजना बनाई और इस सरकार ने उस योजना को चुरा लिया, हालांकि यह चुनावी घोषणा है आज राशि दे रहे और चुनाव के बाद कहा जाएगा कि ये जुमला है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने घोषणा की थी कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 किया जाएगा। इन्होंने सिर्फ 1100 ही किया है।राजद नेता तिवारी ने कहा कि युवा आयोग जो नीतिश ने गठन किया है यह भी तेजस्वी की ही योजना थी। यह सरकार हमारे नेता तेजस्वी की नकल कर रही है, यह नकलची सरकार है। अब यह क्या करेगी, इससे भलाई बिहार का होने वाला नहीं है, नीतीश सरकार की विदाई जनता करेगी।वहीं वोटर लिस्ट पुनरनिरीक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर तिवारी ने कहा कि तेजस्वी जो मांग कर रहे थे कि आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की मान्यता मिलनी चाहिए, तब इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी सवाल खड़े किए हैं। चुनाव आयोग से कहा है कि यह सब मान्य होना चाहिए, तब यह हम लोग की जीत है।उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में अपराधियों की बहार है और यह डबल इंजन की नीतिशे सरकार है। बिहार में नीतिश सरकार के दौरान क्राइम आउट ऑफ कंट्रोल है लेकिन सरकार मस्त है और बिहार की जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि अब बिहार छोड़कर लोग भाग रहे हैं। कब कौन किसे कहां गोली मार दे पूरे बिहार की जनता भयभीत होकर जी रहे हैं।तिवारी ने बिहार में बढ़ती अपराध दर पर भी गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने पटना में बालू व्यवसायी रमाकांत यादव और गोपाल खेमका की हालिया हत्याओं का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों का बोलबाला है और डबल इंजन नीतीश सरकार अपराध को नियंत्रित करने में विफल रही है, जिससे जनता भयभीत है।

# केंद्र सरकार की राहवीर योजना लागू, अब सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की जान बचाने वालों को मिलेगा 25 हजार इनाम



पटना, (ईएमएस)। केंद्र सरकार की राहवीर योजना लागू हो गई है और इसके तहत सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की जान बचाने वाले राहवीर को 25 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। इस स्कीम का नाम राहवीर योजना रखा गया है। जिसे केंद्र सरकार द्वारा 31 मार्च 2026 तक संचालित किया गया है। राष्ट्रिय स्तर पर 10 राहवीरों को 1-1 लाख रुपये का ईनाम की राशि दिया जायेगा। परिवहन मंत्री शीला कुमारी की अध्यक्षता में कल मुख्य सचिवालय स्थित सभाकक्ष में बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क सुरक्षा हेतु विभिन्न विभागों (स्टेक होल्डर) द्वारा किये जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की गयी। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार सुधांशु कुमार, गृह रक्षा वाहिनी सह अग्निशमन के पुलिस उप महानिरीक्षक सुधीर कुमार पोरिका, उत्पाद आयुक्त, बिहार रजनीश कुमार, परिवहन विभाग के अपर सचिव प्रवीण कुमार, संयुक्त सचिव कृत्यानंद रंजन, उप सचिव अरुण कुमारी एवं अर्चना कुमारी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न पणधारी विभागों (स्टेक होल्डर) जैसे पथ निर्माण, परिवहन, ग्रामीण कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, गृह विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रुप से घायलों की त्वरित सहायता कर उनकी जान बचाने वाले को राहवीर/ गुड सेमेरिटन के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इस उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा राहवीर योजना 31 मार्च 2026 तक लागू की गई है, जिसके अंतर्गत सड़क पर गंभीर रुप से घायल व्यक्ति की मदद करने वाले सजग नागरिकों को प्रोत्साहन स्वरूप 25,000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। वर्तमान में परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले गुडसेमेरिटन को 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद करने वाले अधिक से अधिक गुडसेमेरिटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा राहवीर/ गुड सेमेरिटन योजना शुरु की गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महुआ में दिखे तेज प्रताप के बगावती तेवर, नए झंडे के साथ की रैली

पटना,(ईएमएस)। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से निष्कासित तेज प्रताप यादव नए अंदाज में महुआ विधानसभा क्षेत्र पहुंचे और चुनाव का बिगुल फूंक दिया। इस दौरान तेज प्रताप की गाड़ी पर लगा आरजेडी का झंडा गायब था। वह गाड़ी पर नया झंडा लगाकर महुआ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह किसी के वश में रहने वाले नहीं है और जनता के फैसले के मुताबिक खुद अपना अगला फैसला लेंगे।उन्होंने कहा कि वह महुआ में मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने आए थे। हमने चुनाव के दौरान महुआ को मेडिकल कॉलेज देने का वादा किया था। हमारे मैनिफेस्टो में यह बात थी तो हमने वादा निभाते हुए क्षेत्र को मेडिकल कॉलेज दे दिया है। अब इंजीनियरिंग कॉलेज देना है। हम जो वादे करते हैं, उसे निभाते हैं। तेज प्रताप ने कहा कि हम जनता के बस में रहने वाले लोग हैं। जनता जैसा चाहेगी, वैसा करेंगे। जहां से जनता की मांग होगी, वह वहां से चुनाव लड़ेंगे। किस पार्टी से लड़ेंगे, यह बाद की बात है।बता दें तेज प्रताप यादव 2015 से महुआ से विधायक रहे हैं। 24 मई को तेज प्रताप ने अनुष्का यादव के साथ अपनी तस्वीर शेयर कर दावा किया था कि दोनों 12 साल से रिलेशनशिप में हैं। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद उन्होंने इसे डिलीट कर दिया था और सफाई दी थी कि उनका अकाउंट हैक किया गया है। इस घटना के बाद आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने तेज प्रताप को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। उन्होंने तेज प्रताप के व्यवहार को पारिवारिक और सामाजिक मूल्य के अनुकूल नहीं बताया था।

### युवक की अजीबो-गरीब हरकतों से घंटों तक परेशान रहे यात्री और रेल प्रशासन

खगड़िया, (ईएमएस)। शुक्रवार सुबह बिहार के खगड़िया रेलवे स्टेशन पर मानसिक रूप से अस्वस्थ एक युवक की अजीबो-गरीब हरकतों ने यात्रियों और रेलवे प्रशासन को घंटों तक परेशान कर दिया। युवक कभी स्टेशन पर खड़ी राजधानी एक्सप्रेस की छत पर चढ़ता तो कभी फुट ओवरब्रिज के ऊपरी हिस्से में पहुँच जाता। इतना ही नहीं वह स्टेशन परिसर में बनी अर्धनिर्मित लिफ्ट के अंतिम सिरे पर चढ़कर बैठ गया और वहाँ से पत्थर फेंकने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्टेशन प्रबंधक ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद करवा दी ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। इस एहतियाती कदम के चलते करीब आधे घंटे तक ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हुई। उधर रेल पुलिस द्वारा युवक को नीचे उतारने के लिए लगातार समझाने और रेस्क्यू करने की कोशिशें जारी रहीं। अंततः मौके पर मौजूद कुछ यात्रियों ने हिम्मत दिखाते हुए लिफ्ट पर चढ़कर युवक को एक गमछे की मदद से बांधकर कड़ी मशक्कत के बाद नीचे उतारा। रेस्क्यू ऑपरेशन के सफल होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की गई और ट्रेनों का परिचालन सामान्य किया गया।

### क्रिकेट खेलने के दौरान छात्र को मारी गोली

पटना, (ईएमएस)। पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद के बाद कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र मयंक को गोली मार दी गई, जो उनकी अंगुली में लगी है। घायल मयंक को आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने घटनास्थल से एक खाली कारतूस बरामद किया है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। घटना गुरुवार की शाम की बताई जा रही है। कल शाम जब वेटनरी कॉलेज के छात्र मैदान में क्रिकेट खेलने पहुंचे तो वहां पहले से कुछ बाहरी लड़के पिच पर खेल रहे थे। कॉलेज के छात्रों ने उन्हें दूसरी जगह खेलने को कहा, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। इस बीच बाहरी लड़कों ने फोन करके अपने साथियों को बुलाया और इसके बाद एक व्यक्ति ने वहां फायरिंग कर दी, जिसमें मयंक को गोली लग गई। गोलीबारी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उधर मयंक के दोस्तों और स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों और छात्रों का कहना है कि वेटनरी कॉलेज मैदान में बाहरी लड़कों के साथ क्रिकेट पिच को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका है। इस घटना सेकॉलेज परिसर की सुरक्षा पर सवालिया निशान लग गया है।

### निगरानी विभाग ने राजस्व कर्मचारी को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

भोजपुर, (ईएमएस)। बिहार के निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने भोजपुर जिले के पीरो अंचल कार्यालय में एक राजस्व कर्मचारी को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मचारी का नाम राजा कुमार दास है और वह मधुबनी जिले के रहिका गांव का निवासी है। बताया गया है कि राजा दास लंबे समय से पीरो अंचल कार्यालय में कार्यरत था और भूमि संबंधी कार्यों के नाम पर अवैध वसूली में लिप्त था। मामला पीरो के हसनबाजार थाना क्षेत्र के वैसाडीह गांव से जुड़ा है। शिकायतकर्ता महावीर उपाध्याय ने अपनी पुश्तैनी जमीन के दाखिल-खारिज और ऑनलाइन परिमार्जन के लिए आवेदन किया था। उनकी कुल 165.5 डिसमिल जमीन में से 128.5 डिसमिल का रसीद कट चुका था, लेकिन बचे जमीन के दस्तावेज पूरे करने के लिए राजस्व कर्मचारी राजा कुमार दास ने 45 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। जिसके बाद महावीर ने 8 जुलाई को पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में लिखित शिकायत दर्ज की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ब्यूरो ने तुरंत जांच शुरू की। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने पूर्व नियोजित रणनीति के तहत कल पीरो अंचल कार्यालय में छापेमारी की और राजा कुमार दास जैसे ही महावीर उपाध्याय से 20 हजार रुपये की रिश्वत ली, टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान रिश्वत की पूरी राशि भी बरामद कर ली गई. इस कार्रवाई से अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया. गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पटना ले जाया गया, जहां उससे पूछताछ जारी है। निगरानी ब्यूरो के पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि अब इस मामले में गहन जांच की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि राजा कुमार दास ने और किन मामलों में अवैध वसूली की है।

# नालंदा में लूटपाट व छिनतई के दो मामलों का खुलासा, आठ आरोपी गिरफ्तार



नालंदा : नालंदा जिले की पुलिस ने लूटपाट और छिनतई की दो अलग-अलग घटनाओं का खुलासा करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये घटनाएं दीपनगर और सारे थाना क्षेत्र में हुई थीं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई संपत्ति, मोबाइल फोन, नकदी और घटना में प्रयुक्त बाइक व हथियार भी बरामद किए हैं। दीपनगर थाना क्षेत्र में अमन आनंद नामक युवक के साथ 5 जुलाई की रात लूटपाट की वारदात हुई थी। उन्होंने 8 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। अमन ने बताया कि पावापुरी ट्रेन से उतरने के बाद करीब रात 1:15 बजे रेलवे ओवरब्रिज के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अपराधियों ने उन्हें जबरन बाइक पर बैठा लिया और यूनिवर्सिटी के पास ले जाकर उनका मोबाइल, पर्स और ऑनलाइन 1000 ट्रांसफर करवा लिया। प्राथमिकी दर्ज होते ही विशेष टीम ने छापेमारी कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई संपत्ति भी बरामद कर ली गई। डीएसपी सदर नुरुल हक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से वनप्लस, वीवो, पोको और लावा कंपनी के मोबाइल, एक पर्स, लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और 8000 नकद बरामद किए गए हैं। सभी आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। वहीं 9 जुलाई को सारे थाना क्षेत्र में एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर के साथ हुई छिनतई की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कुंदन कुमार (जंगीपुर, सारे थाना क्षेत्र) और रॉबिन उर्फ चंदू कुमार (रामी बीघा, अस्थावां थाना क्षेत्र) शामिल हैं। इनके पास से लूटा गया 30,000 नकद, एक देसी पिस्टल और घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है। इस मामले में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। माइक्रोफाइनेंस कर्मी बिंद रोड की ओर जा रहे थे, जब तीन अपराधियों ने उनका बैग झपट लिया। छापेमारी टीम में दीपनगर और सारे थाना अध्यक्ष व उनकी टीम शामिल रही।

### एटीएम काटकर चुराया लाखों रुपया


सारण, (ईएमएस)। बिहार के सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र में चोरों ने टीएम काटकर लाखों रुपया चुरा लिया। बताया गया है कि अमनौर बाजार से तकरीबन 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक एटीएम मशीन को अज्ञात चोरों द्वारा गैस कटर से काटकर उसमें रखे 6 लाख 66 हजार 100 रुपया चुराया गया है। इस मामले में अमनौर थाना कांड संख्या 210/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। मौके पर खुद डीआईजी और एसएसपी ने पहुंचकर मौके का जायजा लिया। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर अपराधियों की पहचान कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही सारण क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक, वरीय पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सारण के एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इस घटना की जानकारी दी है।

## सीवान तिहरे हत्याकांड के दो नामजद आरोपियों ने अदालत में किया आत्मसमर्पण, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



सीवान : सीवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक पर 4 जुलाई को हुए तिहरे हत्याकांड में फरार चल रहे दो नामजद आरोपियों ने शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में कौड़िया गांव निवासी स्व. बागेश्वर राय का पुत्र शत्रुघ्न सिंह (मुख्य आरोपी) और उसी गांव का पवन कुमार (पुत्रः शत्रुघ्न प्रसाद) शामिल हैं। तलवार से दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद से ही पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दबाव बढ़ गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने खुद निगरानी करते हुए गिरफ्तारी के लिए टीमों को लगातार छापेमारी के निर्देश दिए थे। एसपी मनोज तिवारी ने कहा कि पुलिस की सख्ती और दबिश के चलते आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया है। जल्द ही दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी ताकि हत्या की असली वजहों का खुलासा किया जा सके। वहीं, अधिवक्ता अविनाश सिंह ने बताया कि आत्मसमर्पण के साथ ही दोनों आरोपियों की ओर से जमानत याचिका दायर की गई थी, जिसे अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दिया। इसके बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में लेकर मंडल कारा, सीवान भेज दिया गया।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस हत्याकांड में अभी भी कुछ आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरे जिले में इस जघन्य हत्याकांड को लेकर जनआक्रोश बना हुआ है और लोग आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े डकैती से हड़कंप, छह बदमाश दुकान में घुसे, 20 लाख के जेवरात लूटकर भागे



वैशाली : वैशाली जिले के हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 के पास गोरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरौल बाजार में एक आभूषण दुकान दिनदहाड़े डकैती हुई है। छह नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर सोना-चांदी के करीब 20 लाख रुपये का आभूषण लूट लिया। यह घटना थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर शुक्रवार की दोपहर को हुई। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदार इकट्ठा हो गए और गोरौल थाना की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार से घटना की विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद बदमाशों के भागने की दिशा में छापेमारी शुरू कर दी गई। पुलिस घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और बदमाशों के भागने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई कर रही है। महुआ एसडीपीओ कुमारी दुर्गा शक्ति भी घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानदार से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई में जुटी हैं। मिली जानकारी के अनुसार, गोरौल बाजार स्थित कोलकाता अलंकार ज्वेलर्स एंड बर्तन भंडार में छह नकाबपोश बदमाश हथियार के बल पर घुस आए और दुकान से सोना-चांदी के जेवर, नगद रुपए तथा अन्य सामान लूट कर ले गए।आभूषण दुकानदार अरुण शाह ने बताया कि दो बाइक पर सवार करीब आधा दर्जन बदमाश दुकान में घुसकर करीब 20 लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवर और नगद रुपए सहित अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। बताया गया है कि सभी अपराधी 20 से 25 वर्ष के आयु के हैं। इस संबंध में एसडीपीओ कुमारी दुर्गा शक्ति ने बताया कि लूटपाट की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचकर दुकानदार से पूछताछ के बाद आवश्यक कार्रवाई कर रही हैं।

## ड्रोन से खुला शराब तस्करी का भंडाफोड़ : इंटरसिटी एक्सप्रेस की बोगी से बरामद हुई शराब की खेप, तस्कर फरार



कटिहार : शराबबंदी वाले बिहार में तस्करों की नई तरकीबों पर अब हाईटेक नजर रखी जा रही है। कटिहार में रेलवे पुलिस ने ड्रोन की मदद से इंटरसिटी एक्सप्रेस की बोगी में छिपाकर लाई जा रही शराब की बड़ी खेप बरामद की है। हालांकि, तस्कर मौके से फरार हो गया, लेकिन आरपीएफ इस कार्रवाई को बड़ी सफलता मान रही है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि सिलिगुड़ी से कटिहार आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस पर ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही थी। इसी दौरान बोगी में संदिग्ध गतिविधि देखी गई। गुप्त सूचना के आधार पर जब ट्रेन की तलाशी ली गई तो उसमें छुपाकर रखी गई शराब की बड़ी मात्रा बरामद हुई। सूत्रों के अनुसार, यह शराब पश्चिम बंगाल सीमा से लाई गई थी और कटिहार में इसकी सप्लाई की जानी थी। ड्रोन से निगरानी के चलते तस्करों का यह प्रयास विफल हो गया। इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में इस तरह की कार्रवाई तेज की जाएगी और ड्रोन के माध्यम से ट्रेनों और रेलवे यार्डों की निगरानी लगातार जारी रहेगी। रेलवे पुलिस का मानना है कि ड्रोन तकनीक शराब तस्करी रोकने में गेमचेंजर साबित हो सकती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब आसमान से निगरानी हो रही है, तो तस्कर कब तक बच पाएंगे?

## सड़क हादसे में युवक की मौत, पत्नी के सामने तोड़ा दम



जमुई : जमुई में मलयपुर थाना क्षेत्र के पतोना चौक पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के खैरमा मोहल्ला निवासी स्वर्गीय जगदीश साह के पुत्र 40 वर्षीय अमर साह के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, अमर साह अपनी पत्नी के साथ पूजा-अर्चना के लिए पतनेश्वर धाम मंदिर गए थे। लौटते समय पतोना चौक के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमर साह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश कर ही रहे थे कि पत्नी के सामने ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर मलयपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल जमुई भेज दिया। डॉक्टरों ने जांच के बाद अमर साह को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सिकंदर साह ने बताया कि अमर पूजा करने के लिए अपनी पत्नी के साथ मंदिर गए थे और लौटते समय यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि अमर को पहले से किडनी की बीमारी थी और डायलिसिस का इलाज चल रहा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पत्नी और अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की समस्या को लेकर चिंता जताई है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महाराष्ट्र में नाबालिग लड़की का अपहरण कर ट्रेन में दुष्कर्म

अकोला (ईएमएस) । महाराष्ट्र के कसारा और अकोला के बीच चलती मेल एक्सप्रेस ट्रेन के टॉयलेट में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया। आरोपी को कल्याण रेलवे पुलिस ने अकोला से गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है।आरोपी ने कल्याण स्टेशन पर लड़की से दोस्ती कर उसे अकोला ले जाकर ट्रेन में बलात्कार किया और फिर फरार हो गया। गजानन चव्हाण नामक व्यक्ति ने कल्याण स्टेशन पर लड़की से दोस्ती की और उसे अकोला ले गया। ट्रेन में आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार किया और अकोला रेलवे स्टेशन पर उसे छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर अकोला रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज किया और कल्याण रेलवे पुलिस ने आरोपी को अकोला से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया है कि पीड़िता के साथ इससे पहले भी एक और बलात्कार की घटना हुई थी।यह घटना लगभग आठ महीने पहले डोंबिवली में उसके घर के पास हुई थी। उस मामले की जांच मानपाड़ा पुलिस कर रही है। ओकोला पुलिस ने कहा कि आरोपी को गांव से गिरफ्तार किया गया है और इस मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### 125 किलो डायनामाइट के साथ तीन गिरफ्तार

देहरादून(ईएमएस)। सघन चेकिंग अभियान के दौरान थाना त्यूणी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑल्टो कार से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। चेकिंग के दौरान वाहन से 125 किलोग्राम डायनामाइट, दो डब्बे डेटोनेटर, लाल तार का रोल और एक बंडल बत्ती बरामद हुई। कार सवार आरोपी विस्फोटक ले जाने के वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए। तीनों आरोपी रिंकू, रोहित और सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना त्यूणी में विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए है।

### दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में भूकंप के झटके महसूस किए गए

नई दिल्ली (ईएमएस) । दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों में फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता 3।7 मैग्नीट्यूड थी और इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्र भूकंप के लिहाज से संवेदनशील हैं। दिल्ली डेंजर जोन-4 में आता है, जिसका मतलब है कि यहां भूकंप का खतरा अधिक है। इस क्षेत्र में कई सक्रिय फॉल्ट लाइनें हैं।

### युवक और युवती को जानवरों की तरह हल से बांधा गया और खेत जुतवाया गया

भुवनेश्वर (ईएमएस) । ओडिशा में इंसानियत को शर्मसार करने वाले मामले में एक प्रेमी जोड़े को सजा देने में हैवानियत की हदें पार कर दी गईं। प्रेमी जोड़े को जानवरों की तरह हल से बांधा गया और खेत जुतवाया गया। इस दौरान डंडे से उनकी पिटाई भी की गई। इतने से मन नहीं भरा तो बाद में मंदिर में ले जाकर उनका शुद्धिकरण कराया गया। ओडिशा के रायगढ़ा जिले के कंजामझीरा गांव में प्यार करने के लिए एक कपल को तालिबानी सजा दी गई। उनका जुर्म इतना था कि उन्होंने गांव की सामाजिक परंपराओं के खिलाफ जाकर शादी कर ली थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे लेकर लोगों में काफी नाराजगी है।

### कश्मीरियत की विरासत के तौर पर 13 जुलाई को मनाया जाता है शहादत दिवस

श्रीनगर,(ईएमएस)। हर साल 13 जुलाई को जम्मू-कश्मीर में 'शहादत दिवस' मनाया जाता है। यह दिन 1931 में डोगरा शासक महाराजा हरि सिंह की सेना द्वारा 22 लोगों की गोली मारकर हत्या की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन कश्मीरियत की विरासत का प्रतीक माना जाता है, जिस पर अब राजनीती भी शुरु हो गई है। जानकारी अनुसार 13 जुलाई 1931 को श्रीनगर सेंट्रल जेल के बाहर राजद्रोह के आरोप में कैद एक व्यक्ति के समर्थन में एकत्र भीड़ पर गोलीबारी की गई थी। इस घटना में 22 लोग मारे गए थे, जिन्हें बाद में शहीद का दर्जा दिया गया और इन्हें कश्मीरी प्रतिरोध का आरंभिक प्रतीक माना गया।

### फर्जी कागजात पर जमीन बेचने के आरोपी को जेल


रांची(ईएमएस)। पिठोरिया पुलिस ने फर्जी कागजात और वंशावली बनाकर जमीन की खरीद-बिक्री करने के आरोपी ओरमांझी के मायापुर निवासी हसीब अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस संबध में पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि हसीब कांके के सतकनातू मौजा की जमीन का फर्जी कागजात और वंशावली बनाकर बिक्री कर रहा था। मूल रैयत ने पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जांच के बाद हसीब को पुलिस ने धर दबोचा। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### आरटीई नामांकन का उल्लंघन करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग

रांची(ईएमएस)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत चयनित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन नहीं लेनेवाले निजी स्कूलों पर सख्त कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इस मामले को लेकर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि राजधानी रांची के 45 निजी विद्यालयों द्वारा आरटीई का नामांकन लेने में कोताहीकी जा रही है। प्रशासन द्वारा तीन बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद इन 45 स्कूलों ने नामांकन नहीं लिया। यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। कहा कि दोषी विद्यालयों की मान्यता रद्द की जानी चाहिए।

### ओडिशा में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा

# अडाणी चला रहे ओडिशा सरकार, इलेक्शन कमीशन भाजपा का कर रहा काम




भुवनेश्वर(ईएमएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा में कहा कि अडाणी ओडिशा सरकार चलाते हैं। अडाणी नरेंद्र मोदी को चलाते हैं। जब ओडिशा में जगन्नाथ यात्रा निकाली जाती है, तो लाखों लोग इसे देखते हैं। फिर एक नाटक होता है कि अडाणी और उनके परिवार के लिए रथ रोक दिए जाते हैं। इससे आपको ओडिशा सरकार के बारे में सब कुछ समझ में आ जाएगा। यह ओडिशा सरकार नहीं है, यह अडाणी जैसे 5-6 अरबपतियों की सरकार है। इसका लक्ष्य आपकी जमीन, जंगल और भविष्य को चुराना है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ समावेश सभा को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की है। वह भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा के बीच में 1 करोड़ नए वोटर आ गए। आज तक पता नहीं चल पाया कि ये वोटर्स कहां से आए। हमने इलेक्शन कमीशन से कई बार कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट, वीडियोग्राफी दीजिए। उन्होंने नहीं दिया। हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे।

#### भाजपा सरकार गरीबों को पैरा चुरा रही

राहुल ने कहा कि सरकार ओडिशा की गरीब जनता का पैसा चुराने का काम करती है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता दलित, आदिवासी, कमजोर, किसान और मजदूर है और दूसरी ओर 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार। इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता ही ओडिशा की जनता के साथ मिलकर जीत सकता है। भाजपा पूरे देश में संविधान पर आक्रमण कर रही है।

#### कंपनियों को दिया जा रहा पैसा

राहुल गांधी ने कहा कि ओडिशा में ये(भाजपा) 5-6 बड़ी कंपनियों को आपका सारा धन दे रहे हैं। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की है और आदिवासियों की ही रहेगी। आदिवासियों को बिना पूछे जमीन से हटा दिया जाता है। ये सभी चीजें उनकी है।

# दुमका में विश्वप्रसिद्ध बासुकिनाथ धाम राजकीय महोत्सव शुरू



दुमका(ईएमएस)।दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम राजकीय श्रवण मेला महोत्सव का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। बासुकीनाथ मेला क्षेत्र में बनाए गए मयूराक्षी कला मंच पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीपक प्रज्वलित कर और नारियल फोड कर जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुंवर, जामा की विधायक लुईस मरांडी, दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार, पूर्व सांसद अभय कांत प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा ने इस मासव्यापी मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पुस्तक का विमोचन भी किया गया और अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने कहा कि एक महीने तक यहां आने वाले श्रद्धालुओं को हर स्तर पर सेवा, सुविधा और सुरक्षा मुहैया करायी जायेगी। मेला क्षेत्र में बारह टेंट सिटी का निर्माण किया है। जगह-जगह पर वाटर पोस्ट, स्वास्थ्य सेवा केंद्र, 20 एम्बुलेंस एक्टिव की व्यवस्था की गयी है। स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में चौबीसों घंटे डॉक्टर और जरूरी दवाइयां उपलब्ध रहेगीं। मेला क्षेत्र में 750 सीसीटीवी कैमरे के साथ एआई कैमरे,ड्रोन कैमरे तथा 450 सफाई मित्र तैनात किये गये हैं। जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुँवर ने कहा कि जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय हैं। बाबा बासुकीनाथ के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था ही है, जिसके कारण प्रतिवर्ष देशभर से लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखें, उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए सजग रहें।कहा कि प्रशासन द्वारा की गई तैयारियाँ इस बात का स्पष्ट प्रमाण हैं कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।जामा विधायक लुईस मरांडी ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश के विभिन्न हिस्सों से बासुकीनाथ धाम पहुंचते हैं,और यह सुनिश्चित करना कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, जिला प्रशासन की प्राथमिकता रही है। अतिथियों ने टेंट सिटी का भी फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। इसके साथ ही बासुकिनाथ मेला शुरू हो गया। शुक्रवार से कांवरियों के और शिवभक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो जायेगा।

## महाराष्ट्र विधानसभा ने 'अर्बन नक्सल' के खिलाफ पास किया सख्त विधेयक

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र विधानसभा ने 'अर्बन नक्सल' गतिविधियों से सख्ती से निपटने के लिए महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया। इस विधेयक को 'महाराष्ट्र विशेष जन सुरक्षा विधेयक' का नाम दिया गया। इसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में छिपे उन व्यक्तियों और नेटवर्क पर कानूनी कार्रवाई करना है, जो नक्सली विचारधारा को वैचारिक समर्थन देकर युवाओं को हिंसा के रास्ते पर ले जाने का प्रयास करते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा से पास विधेयक के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति प्रत्यक्ष हिंसा में शामिल न होकर भी नक्सली विचारों का प्रचार करता है या डिजिटल माध्यमों पर उग्रवाद फैलाता है, तब अपराधी माना जाएगा। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को निगरानी, जांच और गिरफ्तारी के व्यापक अधिकार मिले हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, जो गृह विभाग देखते हैं, ने विधेयक विधानसभा में पेश कर कहा कि यह कानून राज्य की आंतरिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधेयक के अंतिम मसौदे में 12,500 से अधिक सुझावों को सम्मिलित किया गया है और इस दोनों सदनों की संयुक्त प्रवर समिति ने अनुमोदित किया है। समिति में किसी भी सदस्य ने असहमति नहीं जाहिर की है।

विधेयक में एक सलाहकार बोर्ड गठित करने का प्रावधान है, जिसके अध्यक्ष उच्च न्यायालय के सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश होगा। साथ ही एक सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के सरकारी वकील सदस्य के रूप में शामिल होगा, जिससे संतुलन और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। हालांकि विपक्षी दलों और कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने 'अर्बन नक्सल' शब्द की व्यापक परिभाषा को लेकर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि असहमति या आलोचना करने वाले लोगों को कानून के तहत निशाना बनाए जाने की आशंका रहती है। फडणवीस ने जवाब देकर कहा, "शक्ति का दुरुपयोग नहीं होगा। यह कानून तेलंगाना, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों के मुकाबले अधिक संतुलित और प्रगतिशील है।"

## 37 लाख के इनामी 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर

जगदलपुर(ईएमएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शुक्रवार 11 जुलाई को 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में 14 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं, जिन पर कुल 37 लाख 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है। ये सभी नक्सली अबूझमाड़ और इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय थे। अब हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और मुख्य धारा में लौटा आए हैं।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 50 हजार से लेकर 8 लाख रुपए तक के इनामी नक्सली हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस के लगातार बढ़ते दबाव, नए सुरक्षा कैंप और एनकाउंटर के डर से इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने के बाद सभी ने सरकार के साथ जुडक़र विकास काम में साथ देने का वादा किया है। ये सभी नक्सली अलग-अलग इलाके में कई बड़े लीडरों के साथ भी काम कर चुके हैं। इनमें से कई ऐसे नक्सली भी हैं, जो गांव में रहकर नक्सलियों के लिए मीटिंग की व्यवस्था करना, खाने-पीने की व्यवस्था करना, स्कूल तोडऩा, सडक़ काटना, आईईडी प्लांट करना जैसे काम किया करते थे। 11 जुलाई को नारायणपुर एसपी रॉबिंसन गुडिय़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर नक्सलियों के सरेंडर की जानकारी दी। एसपी ने कहा कि, ये पुलिस की बड़ी कामयाबी है। नक्सलियों के खिलाफ लगातार ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं। सरकार की पुनर्वास नीति के फायदे, घर, नौकरी ने इन्हें आकर्षित किया है। खुद की भलाई के लिए सोचा और हिंसा का रास्ता छोड़ दिए।

### ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बोले एनएसए डोभाल, कहा

# एक फोटो दिखाएं जिसमें भारत का नुकसान नजर आए, हमने 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए



चेन्नई(ईएमएस)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा कि कई विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर सवाल उठाए। भारत को नुकसान की खबरें चलाईं। उन्होंने कहा कि विदेश मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। डोभाल ने यह बात शुक्रवार को आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में कही।

एनएसए ने कहा कि वे कहते रहे कि पाकिस्तान ने ये किया, वो किया लेकिन मुझे एक फोटो दिखाइए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो। हमसे कोई चूक नहीं हुई। हम उस पॉइंट तक सटीक थे जहां हमें पता था कि कौन कहां है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने 7 मई को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। इस दौरान सेना ने 100 आतंकी मार गिराए थे। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी।

#### ऑपरेशन सिंदूर पर हमें नाज

डोभाल ने कहा कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था।

हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। उन्होंने कहा, आप एक ऐसे देश, एक ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार सालों से संकटग्रस्त और लहूलुहान रही है।

हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है। मुझे नहीं पता कि राष्ट्र की इस धारणा को जिंदा रखने के लिए उन्होंने कितना अपमान और तकलीफ सही होगी। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत एक राष्ट्र के रूप में हजारों सालों से अस्तित्व में है।


## झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

### न्यायालय-अनुज्ञापन पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जप्त अवैध आरा मिल संयंत्र एवं प्रकाष्ठ के विरूद्ध राज्यसात की सुनवाई की अगली तिथि 18.07.2025 को निर्धारित की गई है। नीचे दिये गये प्रतिवादी के अलावे भी उन सभी व्यक्तियों जिनकी अभिरूची निम्नलिखित जप्त आरामिल संयंत्र एवं प्रकाश्ठ से है एवं जो इस पर अपना दावा करना चाहते हैं दिनांक 18.07.2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे निर्धारित तिथि को ससमय अनुज्ञापन पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल के न्यायालय कक्ष में आप स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर कारण पृच्छा समर्पित करें। अन्यथा वाद में एक तरफा निर्णय ले लिया जाएगा।

| क0 सं0 | अधिहरण वाद सं0 | वादी का नाम | प्रतिवादी का नाम | शिकायद वाद सं0 | घटना की तिथि | जप्त आरा मिल संयंत्र | जप्त वन सम्पदा | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 04/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | केदार साव, पिता–स्व0 गोवर्धन साव, ग्राम–बांधी थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 878 / 2022 | 02.04.2022 | 1. आरा पत्ती–02 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–1.90 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 18.07.2025 |
| 2 | 06/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | रोहन साव, पिता–स्व0 गोवर्धन साव, ग्राम–बांधी थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 877 / 2022 | 02.04.2022 | 1. आरा पत्ती–02 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–1.8735 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 18.07.2025 |
| 3 | 13/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | शिव कुमार राणा पिता–सन्तु राणा ग्राम–पलौंजिया, थाना–बिरनी, जिला–गिरिडीह। | 1063 / 2022 | 28.04.2022 | 1. बैंड शॉ–01 2. डीजल इंजन–01 3. आरा पत्ती–02 4. चकरी–01 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–1.1147 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 18.07.2025 |
| 4 | 14/2022 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. केदार साव, पिता–स्व0 गोवर्धन साव, 2.धर्मेन्द्र प्रसाद साहु, पिता–केदार साव, ग्राम–बांधी थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 1062 / 2022 | 28.04.2022 | 1. बैंड शॉ–01 2. आरा पत्ती–02 | 1. विविध प्रजाति की लकड़ी–3.7673 घन मीटर 2. चिरान भुसी–01 बोरा | 18.07.2025 |
| 5 | 11/2023 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | सहदेव साव, पिता– स्व0 गोवर्धन साव, ग्राम– बांधी, थाना–धनवार जिला–गिरिडीह। | 613 / 2023 | 24.02.2023 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 2 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0. 4906 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 18.07.2025 |
| 06 | 12/2023 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. रोहन साव, पिता– स्व0 गोवर्धन साव, 2. शैलेन्द्र साव, पिता–रोहनसाव, ग्राम– बांधी,थाना–धनवार जिला–गिरिडीह। | 614 / 2023 | 24.02.2023 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 1 पीस 6. लाईन सॉफ्ट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–1. 3461 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 18.07.2025 |
| 07 | 13/2023 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. केदार साव, पिता–स्व0 गोबर्धन साव 2. धमेन्द्र प्रसाद साहू, पिता–केदार साव, ग्राम–बांधी, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 615 / 2023 | 24.02.2023 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 2 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0. 3043 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 18.07.2025 |
| 08 | 02/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | विनोद कुमार राणा, पिता–धानुखी राणा, ग्राम–बेको, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 902 / 2025 | 09.05.2025 | 1. बैड शॉ – 1 पीस 2. आरा पती–2 पीस 3. ट्राली – 1 पीस 4. चकरी – 2 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–1.258 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 18.07.2025 |
| 09 | 03/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | सुनील राणा, पिता–मुरारी राणा, ग्राम–बेको, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 903 / 2025 | 09.05.2025 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–1 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 1 पीस 6. लोहा प्लेट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–1.3 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 1 बोरा | 18.07.2025 |
| 10 | 04/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | रंजीत राणा, पिता–शंकर राणा, ग्राम–गुड़ीटाँड़, थाना–बिरनी, जिला–गिरिडीह। | 904 / 2025 | 09.05.2025 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.डीजल इंजन–1पीस 3.आरा पती–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.72 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 18.07.2025 |
| 11 | 05/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. रीतलाल राणा, 2. शुखदेव राणा दोनों के पिता– स्व0 बासों राणा, ग्राम–बोदगों, थाना–बिरनी, जिला–गिरिडीह। | 905 / 2025 | 09.05.2025 | 1.बैड शॉ – 1 पीस 2.शॉफ्ट – 1पीस 3.आरा पती–2 पीस 4. ट्राली – 1 पीस 5. चकरी – 2 पीस 6. लोहा प्लेट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.79 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 18.07.2025 |
| 12 | 06/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | 1. अहमद अंसारी पिता–गफुर मियां, 2. राजकुमार दास पिता–खुशी दास, 3. सहदेव दास, पिता–डीलो दास सभी ग्राम–परसन (महुआटांड़) थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 906 / 2025 | 09.05.2025 | 1.डीजल इंजन– 1 पीस 2.आरा पती–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.58 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 18.07.2025 |
| 13 | 07/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | केदार विश्वकर्मा, पिता–स्व0 किशुन विश्वकर्मा, ग्राम–परसन, थाना–धनवार, जिला–गिरिडीह। | 907 / 2025 | 09.05.2025 | 1.डीजन इंजन– 1 पीस 2. आरा पती–1 पीस 3. ट्राली – 1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–0.85 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 18.07.2025 |
| 14 | 08/2025 | राज्य सरकार (धनवार वनरोपण प्रक्षेत्र) | घनश्याम वर्मा, पिता–गोविन्द वर्मा, ग्राम–पोटमा, थाना–सरिया, जिला–गिरिडीह। | 908 / 2025 | 09.05.2025 | 1. बैड शॉ – 1 पीस 2. शॉफ्ट– 1 पीस 3. आरा पती–1 पीस 4. डीजल इंजन – 1 पीस 5. चकरी – 1 पीस 6. लोहा प्लेट–1 पीस | 1. विविध प्रजाति लकड़ी–2.43 घन मीटर 2. चिरान भुसी – 2 बोरा | 18.07.2025 |

अंकित कुमार सिंह, भा0व0से0
अनुज्ञापन पदाधिकारी,–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गिरिडीह पश्चिमी वन प्रमण्डल

PR 357053 Forest, Environment and Climate Changes (25-26)_D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को मानेगा चुनाव आयोग?

बिहार में मतदाता सूची की गहन समीक्षा को लेकर कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गईं थीं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई हुई, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जायमाल्या की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के पश्चात चुनाव आयोग को सुझाव दिया, कि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मान्यता दें। सुप्रीम कोर्ट में लगभग साढ़े 3 घंटे बहस चली। दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। इसको ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वोटर लिस्ट की गहन समीक्षा करने पर कोई रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव के रूप में कहा है, चुनाव आयोग बिहार मतदाता सूची की गहन समीक्षा पर, आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को भी शामिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने 28 जुलाई को मामले की फिर सुनवाई करने की तारीख नियत की है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट कोई फैसला कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं उसको लेकर तरह-तरह की आशंकायें व्यक्त की जा रही हैं। राजनीतिक हल्कों में कहा जा रहा है, सुप्रीम कोर्ट जब भी इस तरह के सुझाव देती है सरकार और चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के सुझाव और आदेशों को नहीं मानता है। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह से याचिकाओं का निपटारा किया था। जो आदेश और सुझाव दिये, उसे सरकार ने नहीं माना। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को नजर अंदाज कर दिया। मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की। सुप्रीम कोर्ट में अभी भी याचिका लंबित है, जिस पर सुनवाई होनी है। सरकार द्वारा जिस मनमाने तरीके से चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की गई। उसके बाद से ही चुनाव आयुक्तों की भूमिका सरकार परस्त होकर रह गई है। विपक्षी दलों द्वारा लगातार चुनाव आयोग के निर्णय और कार्यवाही का विरोध जताया जा रहा है। सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए जो कानून बनाया उसमें 2014 के बाद के किसी भी चुनाव आयुक्त के ऊपर कोई भी अपराधिक मुकदमा दायर नहीं हो सकता है। जब से यह प्रावधान कानून में किया गया है, उसके बाद से चुनाव आयोग के ऊपर सरकार के इशारे पर काम करने के आरोप लग रहे हैं। चुनाव आयुक्त को अब कोई डर और भय नहीं रहा, जिसके कारण चुनाव आयोग विपक्षी दलों की शिकायतों और उनके द्वारा मांगी गई जानकारी नहीं दे रहे हैं। चुनाव आयुक्त के ऊपर अब कोई जिम्मेदारी या कानूनी कार्रवाई तय नहीं हो सकती है। जिसके कारण चुनाव आयुक्त सरकार के ऊपर पूरी तरह से निर्भर हो गए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका से एक तरह से सत्ता पक्ष के राजनीतिक दल को फायदा मिला है। सरकार ने चुनाव आयोग के लिए समय-समय पर नियमों में बदलाव किए हैं। चुनाव आयोग अब कोई भी डेटा विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं करा रहा है। चुनाव के दौरान की गई शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। चुनाव का रिकॉर्ड रखने की 45 दिन की समय सीमा तय कर दी है। ऐसे नियमों से राजनीतिक दलों को जो जानकारी प्रमाण के रूप में चहिए होती है, वह नहीं मिल रही है। इस कारण वो चुनावी गड़बड़ियों को लेकर अपनी लड़ाई न्यायालय में नहीं लड़ पा रहे हैं। चुनाव और मतदान के समय मतदान केंद्र के बाहर की वीडियो ग्राफी भी विपक्षी दलों को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसको लेकर चुनाव आयोग के ऊपर अविश्वास बढ़ता चला जा रहा है। चुनाव आयोग को लेकर आम जनता और राजनीतिक दलों को अब वह विश्वास नहीं रहा जो चुनाव आयोग की निष्पक्ष भूमिका के लिए होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आदेश के स्थान पर चुनाव आयोग को सुझाव दिया है। सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को चुनाव आयोग मानेगा या नहीं, यह चुनाव आयुक्तों के ऊपर निर्भर करेगा। चुनाव आयोग की किसी भी कार्यवाही पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। ना ही सुप्रीम कोर्ट ने कोई स्पष्ट आदेश दिए हैं। ऐसी स्थिति में बिहार में चुनाव प्रक्रिया एक बार शुरू हो गई उसके बाद सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करने से इनकार कर सकती है। ऐसा पहले भी हो चुका है। इस बात को लेकर राजनीतिक दलों में संशय और आशंका देखने को मिल रही है। यह आमधारणा बनती चली जा रही है कि न्यायपालिका पर सरकारी दवाब है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से सरकार के खिलाफ आदेश देने में जज डरने लगे हैं। ऐसी स्थिति में मामलों को टाल दिया जाता है। जिसके कारण अब राजनीतिक दल भी आक्रामक होते चले जा रहे हैं। चुनाव आयोग के खिलाफ जो अविश्वास देखने को मिल रहा है, उसे देखते हुए राजनीतिक दलों ने जन आंदोलन की शुरुआत करके नई रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। लोकतंत्र बचाने के लिए अब राजनीतिक दल और जनता सड़कों पर आने लगी है। बिहार से यह शुरुआत हो गई है। चुनाव आयोग ने यदि आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को आधार नहीं माना। मतदाता सूची के परीक्षण कार्य में निष्पक्ष भूमिका और विपक्षी दलों को विश्वास में नहीं लिया। तो इसकी परणति एक जन आंदोलन के रूप में हो सकती है। बांग्लादेश में शेख हसीना के चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने एकतरफा चुनाव कराया था। विपक्षी दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। शेख हसीना की पार्टी को चुनाव में वहां के चुनाव आयुक्त ने भारी बहुमत से जितवा दिया था। उसके बाद एक जन-आंदोलन खड़ा हुआ। शेख हसीना को जान बचाने के लिए बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। वह भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश के चुनाव आयुक्त को वहां की जनता ने सड़क पर घसीट कर मारा पीटा। अब उनके खिलाफ बांग्लादेश में मुकदमा चल रहा है। भारत में पिछले 75 वर्षों में लोकतांत्रिक व्यवस्था और चुनाव को लेकर आम नागरिकों में हमेशा भरोसा रहा है। यदि यह भरोसा नहीं रहेगा, तो आगे चलकर कुछ भी हो सकता है। चुनाव को लेकर जिस तरह से मतदाताओं में संशय की स्थिति बन गई है। चुनाव आयोग के खिलाफ लगातार विरोध और आंदोलन सड़कों पर देखने को मिल रहे हैं। जो विरोध बिहार से शुरू हुआ है उसने 1975 के छात्र आंदोलन की याद दिला दी है। देखते ही देखते 1975 का छात्र आंदोलन बिहार से चलकर राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन में परिवर्तित हो गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आपातकाल लगाकर अपनी सत्ता को बचाना पड़ा था। जब 1977 में चुनाव हुए, तब इंदिरा गांधी की कांग्रेस को करारी पराजय का सामना करना पड़ा था। पहली बार 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी थी। सरकार, सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों और मतदाताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। चुनाव निष्पक्ष तरीके से हों। आम जनता का विश्वास चुनाव पर बना रहे। इसके लिए सभी को अपनी-अपनी भूमिका का जिम्मेदारी से निर्वहन करना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो देश में अराजकता की स्थिति बन सकती है।

#### चिंतन-मनन

### अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे।

एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं।

बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी ईमानदार हैं

**संजय गोस्वामी**



बिहार वोटर लिस्टः राहुल गांधी और तेजस्वी यादव का विरोध, बिहार बंद में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन हुआ कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की इस रैली में महागठबंधन का हिस्सा नहीं बने और वाहन में बाहर कर फेंकना अच्छा नहीं है और एक तरफ मोदी जी नीतीश कुमार को अपनी माला में जगह देते हैं वोट आपका अधिकार है लेकिन जानिए संसार में अधिकांश लोग अपने-अपने स्वार्थों में फँसे हुए हैं तथा जहाँ भी किसी का कोई स्वार्थ टकराता है, वह आपकी व्यर्थ निन्दा शुरु कर देता है। मनुष्य किस-किस क्षेत्र में कहाँ तक हटे ? कभी-कभी संघर्ष करना जरूरी हो जाता है। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरता है और प्रभाव बढ़ता है। संघर्ष में साथी और विरोधी भी परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। जो कल विरोधी था, वह आज साथी हो सकता है और जो कल साथी था, वह आज विरोधी हो सकता है। केवल मित्रता स्थायी होती है, किंतु मित्र तो जीवन में एक-दो ही होते हैं। उदारताजन्य सद्भावना सबके लिए होनी चाहिए, यद्यपि मित्रता तो एक-दो से ही हो सकती है। उदारता अथवा सद्भावना का अर्थ तुष्टीकरण कदापि नहीं होता है।

संघर्ष में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुँह देखना पड़ेगा; क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाये बिना न रह सकेंगे। संघर्ष में यह स्मरण रखना उचित है कि किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए तथा घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दण्ड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारु न हो जाएँ। ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानिय न खो बैठे तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें। धीरे-धीरे जब मनुष्य विचार-क्षेत्र में ऊँचे स्तर पर आ जाता है, तब वह जीवन में अधिक उदात्त होकर तथा अधिक ऊँची वस्तुओं में रुचि लेकर तुच्छ प्रकार के संघर्ष करना छोड़ देता है तथा अधिक उपयोगी दिशा में संघर्ष करना प्रारंभ कर देता है। यह पलायान नहीं, बुद्धिमता होती है, जीवन में स्वस्थ मोड़ होता है। इसे पलायन कहना भूल होती है। पलायन के मूल में भय होता है तथा मोड़ का कारण होता है-मन का ऊँचे धरातल पर पहुँचना। सन्त-वृत्ति अपनाने पर तथा आध्यात्मिक रुचि ग्रहण कर लेने पर, मनुष्य धन अथवा पद आदि के लिए लौकिक संघर्ष से अधिक-से-अधिक संभव सीमा तक दूर हटकर स्वाध्याय, ज्ञानार्जन, ध्यान के अभ्यास, प्रार्थना, परोपकार, सेवाकार्य आदि में जुट सकता है। यह रुचि परिष्कार कहलाता है। अरविंद घोष सहसा राजनीति से हटकर अध्यात्म में लग गये थे। पनी रुचियों को खोजकर उन्हें उचित दिशा देने से विशेष सुख मिलता है। यदि आपमें कलाकार, चित्रकार, वैज्ञानिक, विचारक, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता छिपा पड़ा हो, तो उसे जगायें। यश की इच्छा छोड़कर अपने व्यक्तित्व की गहरी माँगों को तन्मयता से पूरा करके उसका विकास करना मानो ईश्वर की योजना को पूरा करना है तथा प्रगाढ़ सुख की ओर बढ़ना है। दि ईमानदारी, सचाई और योग्यता होने पर भी उन्नति न मिले, तो उसे ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करें तथा ईमानदारी को न कोसने लगें। ईमानदारी का फल सदा मीठा ही होता है। प्रभु आपको किसी अन्य रूप में( स्वास्थ्य, यश, पुत्रादि की उन्नति) पुरस्कार देगा। वास्तव में सुख मन की एक आन्तरिक अवस्था है, जो बाह्य पदार्थों पर निर्भर नहीं है तथा चरित्रवान् व्यक्ति को वह सहज ही प्राप्त हो जाती है। आन्तरिक सुख ही चरित्र का सर्वोत्कृष्ट पुरस्कार होता है। जिनके पास धन और ऐश्वर्य है, किंतु आन्तरिक सुख नहीं है, वे अभागे हैं। भीतर का धन ही सच्चा धन है।मोदी ईमानदार और सच्चे हैं, ईमानदारी होने के अतिरिक्त उचित सहायता-सहयोग देने के लिए सदैव प्रस्तुत रहने की भावना होना मनुष्य को स्वस्थ और संतुलित रखता है, मानव को मानव बनाये रखता है। कभी-कभी ईमानदारी की धुन मनुष्य को वहमी बना देती है।–जैसे दफ्तर की पैंसिल और कलम से अपना व्यक्तिगत पत्र भी न लिखना। व्यावहारिता और यथार्थ का धरातल कभी न छोड़ें। सिद्धान्तों का उद्देश्य मानवहित होता है तथा सीमा से परे जाने पर सिद्धान्त अमानवीय हो जाते हैं। मोदी ईमानदार हैं.जब तक लोकतांत्रिक है कोई हटा नहीं सकता हैं।कम से कम आतंकवादी से लड़ाई तो लड़ी 26।11। में आपके पास भी समय था लड़ने की हिम्मत तो दिखा देते उस समय न जाने कितने लोग मारे गए देश को चलाना इतना आसान है।

# झींगुर बना छांगुर

**बीपी गौतम**

उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के कुकृत्य के खुलासे से न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि, समूचा देश स्तब्ध दिखाई दे रहा है। एक समय भीख मांग कर जीवन गुजारने वाला छांगुर बाबा न सिर्फ करोड़ों की संपत्ति का स्वामी बन गया बल्कि, उसने समूचे सिस्टम पर ही कब्जा कर लिया। हिंदुओं और विशेष कर सवर्ण लड़कियों को मुस्लिम बनाने का अभियान चला रहा था, इसके बदले मोटी रकम देता था, अब छांगुर बाबा मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के निशाने पर आ गया है। छांगुर बाबा और उसके गिरोह पर लगातार शिंकजा कसा जा रहा है, इस स्टोरी में छांगुर बाबा के कुकृत्यों की ही चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

### यह है ताजा प्रकरण

बलरामपुर जिले में उतरौला क्षेत्र के निवासी 50 हजार के इनामी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को विदेशी फंडिंग से धर्मांतरण कराने के प्रकरण में महिला मित्र व कथित बीवी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन के साथ शनिवार को गिरफ्तार किया था। छांगुर बाबा और नसरीन को न्यायालय में पेश किया गया। एनआईए की विशेष अदालत के विशेष न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने बुधवार को छांगुर बाबा और नसरीन की सात दिन की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली, दोनों की रिमांड अवधि बृहस्पतिवार से शुरू होगी, इस दौरान छांगुर बाबा से आईबी और एनआईए के अधिकारी भी पूछ-ताछ करेंगे, जिससे और बड़े खुलासे हो सकते हैं, इस मामले की जांच यूपी एटीएस और एसटीएफ के साथ अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भी की जायेगी। छांगुर बाबा और नीतू की गिरफ्तारी से पहले ही छांगुर बाबा के बेटे महबूब और नीतू के पति नवीन को जेल भेजा चुका है। एटीएस की विवेचना में उपरोक्त चारों के साथ लगभग 18 लोग सम्मिलित हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### ऐसे हुआ सनसनीखेज खुलासा

लखनऊ के शनिदेव मंदिर में तीन जुलाई को विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने धार्मिक विधि से इस्लाम स्वीकार कर चुके 15 लोगों को पुनः हिंदू बनाया था, इस दौरान विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने आरोप लगाया था कि बलरामपुर जिले में अतरौली क्षेत्र का निवासी छांगुर बाबा ने आर्थिक लालच देकर धर्मांतरण कराता है, इसके लिये उसे भारी मात्रा में विदेशी धन प्राप्त होता है। उन्होंने आरोप लगाया था कि इसके हिंदू महिलाओं की शादी दूसरे धर्म के लोगों से करवाई गई हैं। गोपाल राय ने आरोप लगाया था कि बलरामपुर और आस-पास के जिलों के 6000 से अधिक लोगों का धर्म-परिवर्तन कराया जा चुका है। उन्होंने पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने की मांग की थी, इस आरोप के बाद एसटीएफ और अन्य एजेंसियां हरकत में आईं तो, सनसनीखेज खुलासे होते चले।

### कभी भीख मांगता था छांगुर बाबा

छांगुर बाबा बलरामपुर जिले के गांव रहरा माफी का मूल निवासी है। छांगुर बाबा किसी समय भीख मांग कर गुजारा करता था, इसके बाद महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित एक दरगाह के बाहर अंगूठी बेचने का धंधा करने लगा, इस दौरान ही वह अवैध धर्मांतरण के अंतर्राष्ट्रीय सिंडीकेट का हिस्सा बन गया और फिर खाड़ी देशों की कई संस्थाओं से जुड़ता चला गया, जहां से उसे अपार धन मिलने लगा, इसके बाद उसने अपना नेटवर्क स्थापित किया और बड़े स्तर पर हिंदुओं का धर्म-परिवर्तन कराने लगा, साथ ही स्वयं को उसने जिंदा पीर प्रचारित कर दिया, जिससे उसके प्रति आस्था और श्रद्धा भी बढ़ती चली गई, फिर वह और उसके गिरोह से जुड़े लोग बड़े स्तर पर लोगों को इस्लाम के प्रति प्रेरित करने लगे और प्रलोभन भी देने लगे, इसके लिये छांगुर बाबा जगह-जगह कार्यक्रम भी आयोजित कराने लगा। छांगुर बाबा गांव मधपुर में स्थित चांद औलिया दरगाह में सालाना उर्स भी कराता था, जिसमें विदेश से भी लोग आते थे। छांगुर बाबा का बलरामपुर में बस स्टेशन के पास विशाल कपड़ों का बड़ा शोरूम है, जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है, अब छांगुर बाबा अकूत संपत्ति का स्वामी है।

### छांगुर बाबा की सिस्टम में है गहरी पैठ

छांगुर बाबा ने पुलिस-प्रशासन और न्यायालय में गहरी पैठ बना ली थी। स्थानीय स्तर पर लोगों के विरुद्ध फर्जी शिकायतें करवा देता था एवं न्यायालय में परिवाद दायर करवा देता था, जिसके बाद फैसला कराता था और फिर इस्लाम स्वीकार करने का दबाव बनाता था। सिस्टम में बैठे कई लोगों को वो मोटी रकम देता था और कुछेक लोग धर्म के नाम पर उसकी मदद करते थे, इसकी पुष्टि आगे एजेंसियों की जाँच में ही हो सकेगा। छांगुर बाबा की ताकत का अहसास, इससे लगाया जा सकता है कि उसका कोई विरोध कर देता था तो, उसके समर्थक उसके साथ मारपीट करते थे और फिर विरोध करने वाले पीड़ित पर ही तत्काल मुकदमा दर्ज करा दिया जाता था, उसके कई रिश्तेदारों पर आजमगढ़ के देवगांव थाने में दो वर्ष पूर्व मुकदमा दर्ज हुआ था, फिर भी सब कुछ सामान्य ही रहा।

### डेमोग्राफी बदलना चाहता था छांगुर बाबा

छांगुर बाबा का उद्देश्य घृणित और डरावना कहा जा सकता है। माना जा रहा है कि वह बलरामपुर और आस-पास के जिलों की धार्मिक बसावट बदलना चाहता था। एटीएस ने भी न्यायालय में जानकारी दी है कि उसका मंसूबा बलरामपुर में इस्लामी दावा केंद्र और मदरसा बनाने का था, वह हिंदू धर्म के प्रति नफरत फैलाकर भारत को इस्लामी मुल्क बनाना चाहता था। एटीएस के वकील ने अदालत को बताया कि छांगुर बाबा संगठित रूप से हिंदू, गैर-मुस्लिम समुदाय के गरीबों, असहाय मजदूरों, कमजोर वर्ग के लोगों, विधवा महिलाओं को आर्थिक मदद, शादी कराने, नौकरी का लालच देकर अवैध तरीके से धर्मांतरण कराता था, कई लोगों का धर्मांतरण डरा-धमकाकर भी कराया गया है, वह अवैध धर्मांतरण कर मुस्लिमों की संख्या बढ़ाकर देश की जनसांख्यिकी को प्रभावित कर रहा था।

### धर्म बदला पर कागजों में नाम नहीं बदला

छांगुर बाबा ने अपने साथी नवीन घनश्याम और नीतू की नाबालिग बेटी का दुबई में धर्मांतरण कराया था लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि तीनों के धर्म-परिवर्तन करने के बावजूद उनका पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक खाते हिंदू नाम से ही हैं, इनके नाम पर बड़ी संख्या में जमीनें खरीद रहा था। सूत्रों के अनुसार गिरोह ने अलग-अलग संस्थाओं के नाम से 40 से भी अधिक बैंक अकाउंट खुलवाये हैं, जिनमें 100 करोड़ रुपये से भी अधिक की धन का आवागमन होने की आशंका जताई जा रही है, इसी रकम से न सिर्फ धर्मांतरण कराया जा रहा था बल्कि, छांगुर बाबा आलीशान कोठियां बनवा रहा था और और लग्जरी गाड़ियां खरीद रहा था। नीतू तमिलनाडू मूल की बताई जा रही है, जो हिंदू लड़कियों को फंसाने में अहम भूमिका निभाती थी।

### धर्मांतरण के लिये खोलने वाला था कॉलेज

छांगुर बाबा मधपुर में आलीशान कोठी बनवाने के बाद बराबर में ही डिग्री कॉलेज खोलने की तैयारी कर रहा था, इस दिशा में निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था, इस कॉलेज के द्वारा वह और बड़े स्तर पर धर्मांतरण कराने की योजना बना रहा था।

### छांगुर बाबा की कोठी का अवैध हिस्सा ध्वस्त

छांगुर बाबा पर बुलडोजर कार्रवाई हो गई है, उसकी आलीशान कोठी पर 9 बुलडोजर चढ़ गये। कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं, इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को अवैध बताया गया है। तीन बीघा जमीन पर बनी किले जैसी कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है। उतरौला तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति के अनुसार 17 मई, 17 जून और 7 जुलाई को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस दिया गया था, जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया, इसलिये प्रशासन ने अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का निर्णय लिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देखने के लिये जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों पर इस तरह की कार्रवाई चलती रहेगी। सरकारी जमीन से कब्जा हटाने पर खर्च की वसूली भी संबंधित से ही की जायेगी, वहीं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार का कहना है कि छांगुर बाबा सहित अन्य पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### किला और महल जैसी सुविधा से युक्त थी कोठी

छांगुर बाबा की कोठी के अंदर एक छोटे-मोटे गांव से भी अधिक सुविधायें और साधन दिखाई दिये, इसमें 10 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, कोठी के चारों ओर बाउंड्री वाल पर तार लगा है, जिसमें रात को करेंट दौड़ा दिया जाता है, इसके अंदर मुख्य द्वारा से लेकर 500 मीटर लंबी की प्राइवेट सड़क बनी हुई है। कोठी के अंदर मिनी पॉवर हाउस दिखाई दिया, इसके अंदर अत्याधुनिक बैट्री और विशाल जनरेटर लगे हैं। शानदार घोड़ा और विदेशी कुत्ते देखे गये। छांगुर बाबा के जर्मन शेफर्ड कुत्तों के नौ बच्चों को कार्रवाई के दौरान ग्रामीण उठा ले गये लेकिन, पुलिस की चेतावनी के बाद कुत्ते वापस दे दिये गये, इसके अलावा अत्याधुनिक तकनीक वाले बाथरूम में विदेशी प्रोडक्ट एवं मसाज ऑयल भी मिला।

### संगठित अपराध करता है था छांगुर बाबा

एटीएस चीफ अमिताभ यश ने बताया कि धर्मांतरण गिरोह की साजिशें बेहद खतरनाक थीं। हिंदू समाज की लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर, झूठे नामों से शादी का झांसा देकर उनका ब्रेनवाश किया जाता था। ऐसा ही लखनऊ निवासी गुंजा गुप्ता के साथ हुआ था। अबू अंसारी नामक युवक ने अमित बनकर फंसाया और छांगुर बाबा की दरगाह ले गया, जहां उसका नाम बदलकर अलीना अंसारी कर दिया, इसके बदले उन्हें अच्छी जिंदगी, पैसे और सुरक्षा का लालच दिया गया। गिरोह ने हिंदू लड़कियों के धर्म-परिवर्तन के लिये बाकायदा दरें तय कर रखी थीं। एटीएस की जांच में सामने आया कि ब्राह्मण, क्षत्रिय और सिख लड़कियों के लिये 15-16 लाख, पिछड़ी जातियों के लिए 10-12 लाख और अन्य जातियों के लिए 8-10 लाख तक की राशि निर्धारित थी।

# भारत की तिलहन क्रांतिः आत्मनिर्भरता और पोषण सुरक्षा की दिशा में प्रगति का एक दशक

**पूर्ण चंद्र किशन, ऋषि कांत**

पिछले दशक में भारत ने तिलहन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी यात्रा का आगाज किया। 2014-15 से 2024-25 के बीच, तिलहन का उत्पादन 5 प्रतिशत से अधिक की मजबूत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) के साथ 275 लाख टन से 55 प्रतिशत बढ़कर 426 लाख टन हो गया है। तिलहन की खेती के तहत आने वाले क्षेत्र में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 25.60 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 30.27 मिलियन हेक्टेयर हो गया, जबकि उत्पादकता 1,075 किलोग्राम/हेक्टेयर से 31 प्रतिशत बढ़कर 1,408 किलोग्राम/हेक्टेयर हो गई। खाद्य तेल उत्पादन में भी 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 87 लाख टन से बढ़कर 123 लाख टन हो गया, जो खाद्य सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। भारत के तिलहन क्षेत्र ने 2014-15 से सभी प्रमुख मापदंडों में उल्लेखनीय परिवर्तन का अनुभव किया है। इसके उत्पादन में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 275.1 लाख टन से बढ़कर 426.1 लाख टन हो गया। ऐसा उच्चम उपज देने वाले बीजों की किस्मों को व्यापक रूप से अपनाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और सरकार से निरंतर मिलने वाले नीतिगत समर्थन के कारण हुआ। इसके परिणामस्वरूप खाद्य तेल उत्पादन में भी 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 87 लाख टन से बढ़कर 125 लाख टन हो गया। खेती का रकबा 256 लाख हेक्टेयर से 18 प्रतिशत बढ़कर 302.7 लाख हेक्टेयर हो गया, जो किसानों के बढ़ते आत्मविश्वास तथा परती और कम उपयोग में लाई जाने वाली भूमि को तिलहन की खेती में लाने के रणनीतिक प्रयासों को दर्शाता है। उत्पादकता में सुधार और भी अधिक उल्लेखनीय रहा, जो तकनीकी प्रगति और बेहतर कृषि पद्धतियों के कारण 1,075 किग्रा/हेक्टेयर से 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,408 किग्रा/हेक्टेयर तक पहुँच गयी। रेपसीड-सरसों, सोयाबीन और मूंगफली जैसी प्रमुख तिलहन फसलों ने उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाई, जबकि नारियल, बिनौला और चावल की भूसी जैसे द्वितीयक स्रोतों ने उत्पादन को बढ़ावा दिया।

**किसानों को सशक्त बनानाः न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद क्रांति**

कृषि के क्षेत्र में इस परिवर्तन का आधार तिलहन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में पर्याप्त वृद्धि होना रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य मिलना सुनिश्चित हुआ है। तिलहन के लिए एमएसपी में नाटकीय वृद्धि देखी गई, जिसमें नाइजर बीज 142.14 प्रतिशत (3,600 रुपये प्रति क्विंटल से 8,717 रुपये प्रति क्विंटल), तिल 101.46 प्रतिशत (9,267 रुपये प्रति क्विंटल) और रेपसीड-सरसों (91.94 प्रतिशत ) और मूंगफली (69.58 प्रतिशत ) जैसे अन्य 2014-15 के मुकाबले बढ़े, जिससे किसानों की आय में पर्याप्त वृद्धि हुई, जिससे तिलहन की खेती लाभदायक बन गई। एमएसपी में इस जबरदस्त वृद्धि के साथ-साथ सरकारी खरीद कार्यों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। 2014-15 में तिलहन की सरकारी खरीद न्यूनतम थी, जो कि मात्र 4,200 मीट्रिक टन थी और एक या दो फसलों तक सीमित थी। 2024-25 तक, यह खरीद बढ़कर 41.8 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गई है, जिसमें मूंगफली (17.7 लाख मीट्रिक टन), सोयाबीन (20 लाख मीट्रिक टन) और रेपसीड/सरसों (4 लाख मीट्रिक टन) जैसी प्रमुख फसलें शामिल हैं। यह उल्लेखनीय वृद्धि, विशेष रूप से पीएम-आशा जैसी योजनाओं के माध्यम से हुई है। यह एमएसपी हस्तक्षेपों के सार्थक पैमाने पर संचालन को दर्शाती है, जो बाजार की अस्थिरता के बीच किसानों के लिए आय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। एमएसपी और खरीद समर्थन में वृद्धि को पूर्णता प्रदान करते हुए और खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता में तेजी लाने के लिए, सरकार ने दो प्रमुख मिशन शुरू किएः राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - तिलहन (2024) और राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन – ऑयल पाम (2021)। 10,103 करोड़ रुपये के बजट के साथ, एनएमईओ-तिलहन का लक्ष्य 2030-31 तक उत्पादन को दोगुना करके 69.7 मिलियन टन करना है, 40 लाख हेक्टेयर परती भूमि में खेती का विस्तार करना और उच्च उपज देने वाले बीजों की किस्मों और क्लस्टर-आधारित मॉडल को बढ़ावा देना है। इस बीच, 11,040 करोड़ रुपये से समर्थित एनएमईओ-ओपी, किसानों की आय बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए इसकी उच्च उत्पादकता और आय क्षमता का लाभ उठाते हुए विशेष रूप से पूर्वोत्तर और अंडमान क्षेत्रों में ऑयल पाम की खेती का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

**खपत, आयात और स्वास्थ्य पर गौर करना**

घरेलू उत्पादन में प्रभावशाली वृद्धि होने के बावजूद, बढ़ती आय, शहरीकरण और लोगों द्वारा प्रसंस्कृत और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों का रुख किए जाने ने भारत के खाद्य तेल की खपत को 2023-24 में 27.8 मिलियन टन तक पहुंचा दिया है, जिससे प्रति व्यक्ति सेवन 19.3 किलोग्राम तक पहुंच गया है - जो भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के 12 किलोग्राम के अनुशंसित स्तर से लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। 1950 के दशक से मांग में पाँच गुना वृद्धि है, जिसने देश में तिलहन के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने के बावजूद आयातित तेलों पर हमारी निर्भरता बरकरार रखी है। इसके अलावा, खाद्य तेलों की अधिक खपत से अवांछनीय स्वास्थ्य परिणाम भी होते हैं, जो मोटापे की दर और गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को बढ़ाने में योगदान करते हैं। एनसीडी, आंशिक रूप से अत्यधिक आहार वसा से प्रेरित है, जिससे भारत को 2030 तक 4.58 ट्रिलियन रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। इसे पहचानते हुए प्रधानमंत्री ने तेल की खपत में 10 प्रतिशत कमी लाने का आह्वान किया है, जो मोटापे, मधुमेह और हृदय रोगों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक साहसिक कदम है। स्वास्थ्य के अलावा, यह घरेलू आपूर्ति-मांग की गतिशीलता को संतुलित करने और आयात के दबाव को कम करने में मदद कर सकता है।

**आत्मनिर्भरता को मजबूत करनाः**

आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ खाद्य तेलों-खासकर पाम और सोयाबीन-पर बड़े पैमाने पर भारत की निर्भरता ने एक बड़ी आर्थिक कमजोरी को जन्म दिया है। 2024-25 तक, लक्षित सरकारी सहायता और सक्षम टैरिफ उपायों के संयोजन ने घरेलू तेलों को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाते हुए सभी को समान अवसर दिलाने में मदद की है। इस बदलाव ने सरसों, मूंगफली और तिल की खेती को प्रोत्साहित किया है, जो भारत के विविधतापूर्ण कृषि-जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त हैं। इसके अतिरिक्त, चावल की भूसी और बिनौले जैसे स्वास्थ्यवर्धक तेल मिश्रणों को बढ़ावा देने से भारत के चावल और कपास के प्रचुर उत्पादन का लाभ मिलता है - एक ऐसी रणनीति जिस पर एक दशक पहले सीमित ध्यान दिया गया था।

ये प्रयास न केवल आयात पर निर्भरता को कम करके और विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करके आर्थिक मजबूती बढ़ाने की दिशा में प्रयास करते हैं, बल्कि पर्यावरणीय सह-लाभ भी उत्पन्न करते हैं। परती भूमि में तिलहन की खेती पर जोर, छोटे किसानों द्वारा संचालित ऑयल पाम के विस्तार के साथ मिलकर, पारिस्थितिकीय व्यवधान को कम करता है और जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करता है।

# रामायण में राम की भूमिका में नजर आयेंगे रणबीर

फिल्म रामायण पिछले काफी समय से चर्चा में बनी है। मेकर्स ने फिल्म का पहला प्रोमो वीडियो जारी किया है। इसमें एक्टर रणबीर कपूर के साथ-साथ सुपरस्टार यश की झलक भी देखने को मिली है। बता दें इस फिल्म में कई बड़े सितारे अहम रोल निभा रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे। प्रोमो वीडियो में वह राम के अवतार में काफी प्रभावशाली लग रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी को माता सीता की भूमिका में देखा जाएगा। फैंस दोनों की जोड़ी को स्क्रीन पर देखने के लिए उत्साहित हैं। वहीं केजीएफ से मशहूर हुए सुपरस्टार यश फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे हैं। प्रोमो वीडियो में उनकी भी झलक देखने को मिलती है। प्रोमो वीडियो की शुरुआत में राम और रावण की लड़ाई की छोटी सी झलक दिखाई गई है। इसके बाद राम बने रणबीर को जंगल में पेड़ पर चढ़कर धनुष चलाते देखा जा सकता है। दोनों कलाकारों की स्क्रीन पर मौजूदगी और बैकग्राउंड म्यूजिक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। रणबीर



ने फिल्म में राम के किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए अपनी भाषा के साथ-साथ तीर-कमान चलाने की ट्रेनिंग भी ली है। फिल्म में लक्ष्मण का रोल रवि दुबे निभा रहे हैं और सनी देओल भगवान हनुमान के किरदार में नजर आएंगे। वहीं रकुल प्रीत सिंह शूर्पणखा के रोल में हैं। काजल अग्रवाल मंदोदरी और लारा दत्ता कैकई की भूमिका में नजर आएंगी। अरुण गोविल राजा दशरथ बने हैं। फिल्म सिर्फ एक भाग में नहीं, बल्कि दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला भाग दिवाली 2026 में आएगा और दूसरा भाग 2027 की दिवाली पर रिलीज होगा। रामायण को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और 8 बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डीएनईजी प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रावण का किरदार निभाने के साथ-साथ यश इस फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। फिल्म करीब 835 करोड़ रुपए के बजट से तैयार हुई है, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म मानी जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है

# राशिफल

**शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, तीज, शनिवासरे, आद्रा नक्षत्रे, विव योगे, तैतिल करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 19/26, वक्री शनि, त्रिपुस्कर योग, वाहन व्यापार क्रय विक्रय तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम तथा फलदायी होगी|**

## आज जन्म लिए बालक का फल.......

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम वृत्ति वाला, योगी-भोगी, धनी होगा।**

**मेष राशि :- बेचैनी, उद्विघ्नता से बचें, सोचे कार्य समय पर होंगे, परिश्रम से सफलता मिलेगी।**

**वृष राशि :- चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायेंगे, धन लाभ के योग बनेंगे ध्यान अवश्य दें।**

**मिथुन राशि :- मित्रों के सहयोग से सफलता मिलेगी, कार्य को समय पर करने का प्रयास करें।**

**कर्क राशि :- धन का व्यर्थ व्यय होगा, समय व शक्ति नष्ट होगी, विघटनकारी तत्व परेशान करेंगे।**

**सिंह राशि :- भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति, स्वास्थ्य नरम रहेगा तथा विरोधी वर्ग परेशान करने का प्रयास करेगा।**

**कन्या राशि :- धन व समय नष्ट होगा, चिन्ता, क्लेश व अशांति का वातावरण रहेगा, यात्रा में कष्ट होगा**

**तुला राशि :- परिश्रम से सफलता के कार्य अवश्य जुटायें, कार्य बाधा, अवरोध से बचें।**

**वृश्चिक राशि :- चोटादि से बचिये, क्लेश व अशांति से बचें, व्यर्थ कार्यों में समय नष्ट होगा।**


**धनु राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, क्लेश, अशांति से बचने का प्रयास करें, समय नष्ट होगा।**

**मकर राशि :- स्वास्थ्य नरम रहेगा, यात्रा के योग बनेंगे, चिन्ता से मानसिक अशांति रहेगी, धैर्य रखें।**

**कुंभ राशि :- अकस्मिक घटनाओं से चोटादि का भय होगा, धन का व्यय होगा, कार्य सावधानी से करें।**

**मीन राशि :- अधिकारियों से कष्ट, मित्र सहायक होंगे, व्यर्थ भ्रमण में समय नष्ट होगा, धन व्यय होगा।**

# मासूम – द नेक्स्ट जेनरेशन' लेकर आ रहे शेखर कपूर



चार दशक पहले आई फिल्म 'मासूम' की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए निर्माता शेखर कपूर 'मासूम – द नेक्स्ट जेनरेशन' लेकर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में मूल फिल्म के पोस्टर के साथ साझा एक भावुक पोस्ट में उन्होंने अपनी यात्रा और इस कहानी के प्रति अपने निजी जुड़ाव को याद किया।

शेखर कपूर ने लिखा कि यह फिल्म घर और पहचान के सवालों के बारे में है और इसे गढ़ने में उन्हें पूरे दस साल लगे ताकि यह मूल फिल्म जितनी सरल हो लेकिन उतनी ही गहरी और अर्थपूर्ण भी। कपूर ने माना कि यह सीक्वल उनके अपने जीवन में हमेशा मौजूद रही पहचान की खोज से प्रेरित है, जो उनके लिए बेहद निजी रही है। इसी विषय पर 1983 की 'मासूम' में नजर आई दिग्गज अभिनेत्री शबाना आज़मी ने भी हाल ही में बात की। उन्होंने कहा कि शेखर कपूर को पहचान का सवाल हमेशा उलझाता रहा है और वह लंबे समय से इसे समझने की कोशिश करते रहे हैं। शेखर कपूर ने एक हालिया स्क्रिप्ट नैरेशन का अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब उन्होंने फिल्म उद्योग के अपने करीबी दोस्तों को यह कहानी सुनाई तो हर किसी की आंखों में आंसू आ गए और उनकी अपनी आंखें भी भर आईं। उन्होंने कहा कि अब, जब वह दोबारा निर्देशक की कुर्सी पर लौट रहे हैं, तो वे आशीर्वाद चाहते हैं कि इस कहानी की सच्चाई को उसी सरलता से कह सकें और एक बार फिर परिवार, घर और पहचान के नजरिए से भावनाओं की गहराइयों में उतर सकें। 'मासूम – द नेक्स्ट जेनरेशन' के साथ शेखर कपूर सिर्फ एक सीक्वल नहीं बना रहे हैं, बल्कि उस भावना और ईमानदारी को फिर से जीना चाहते हैं जिसने दशकों पहले लोगों के दिलों को छुआ था। इस बार उनके साथ उनकी बेटी कावेरी कपूर भी हैं, जो फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पद्म भूषण से सम्मानित और विश्व सिनेमा में अपनी अलग पहचान रखने वाले शेखर कपूर इस नई फिल्म के जरिए एक ऐसी कहानी कहना चाहते हैं जो घर, परिवार और पहचान जैसे सार्वकालिक सवालों को नए दौर के नजरिए से फिर से देखने का अवसर दे। बता दें कि फिल्म 'मासूम' ने परिवार, प्यार और गहन भावनाओं के सरल मगर असरदार चित्रण से लाखों दर्शकों का दिल छू लिया था। एक बार फिर निर्माता शेखर कपूर इसी तरह की कहानी दर्शकों के लिए लेकर आ रहे हैं।

# अभिनेता विक्रांत मैसी ने शनाया की जमकर प्रशंसा की

बालीवुड फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' में शनाया कपूर के साथ काम करने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी ने फिल्म के प्रति उनके समर्पण को नेपोटिज्म जैसे स्टीरियोटाइप को तोड़ने वाला बताया। हाल ही में एक इंटरव्यू में विक्रांत ने कहा कि उन्होंने उनसे बहुत कुछ सीखा लेकिन सबसे ज्यादा उनकी ईमानदारी और समर्पण ने उन्हें प्रभावित किया। विक्रांत ने कहा कि शनाया जिस इंटेनसिटी और ईमानदारी के साथ इस फिल्म में उतरीं, वह उनके लिए बेहद प्रेरक और मार्मिक था। उन्होंने माना कि यह सच है कि शनाया एक फिल्मी परिवार से आती हैं और लोगों के मन में उनके प्रति यह धारणा बनी हुई है कि उनके पास विशेषाधिकार है, लेकिन उन्होंने खुद ऐसा कुछ भी महसूस नहीं किया।

विक्रांत ने बताया कि शनाया हर दिन सेट पर मौजूद रहती थीं और इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह से समर्पित थीं। वह अच्छी तरह से तैयारी करके आती थीं और उनका यह कमिटमेंट बेहद प्रेरणादायक था। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं शनाया इस समर्पण को लंबे समय तक बनाए रखें क्योंकि उनके मुताबिक अच्छे और महान के बीच केवल एक बारीक फर्क होता है और शनाया में वह सारे गुण हैं जो उन्हें इस इंडस्ट्री में आगे ले जा सकते हैं। विक्रांत ने यह भी कहा कि शनाया कैमरे के सामने जब होती हैं तो उस पल को पूरी गंभीरता से लेती हैं और यह उनके प्रदर्शन में साफ झलकता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि जब दर्शक फिल्म देखेंगे तो उन्हें भी यही महसूस होगा कि शनाया ने इस मौके को हल्के में नहीं लिया।



फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से शनाया कपूर अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने जा रही हैं। यह फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रस्किन बॉन्ड की चर्चित कहानी 'द आइज हैव इट' से प्रेरित इस फिल्म में शनाया एक थिएटर कलाकार की भूमिका निभा रही हैं जबकि विक्रांत मैसी एक दृष्टिहीन संगीतकार के किरदार में नजर आएंगे।

# फिल्म 'मालिक' में नजर आयेंगे राजकुमार और मानुषी

बालीवुड एक्टर राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की अपकमिंग फिल्म 'मालिक' चर्चा जोरों पर है। फिल्म का अगला गाना 'राज करेगा मालिक' रिलीज़ कर दिया गया है। ट्रेलर में थोड़े समय के लिए सुनाई दी इसकी धुन पहले से ही फैंस को आकर्षित कर चुकी थी। पूरे गाने में इसकी दमदार बीट्स और राजकुमार राव के इंटेंस गैंगस्टर अवतार की झलक इसे एक पावरफुल एंथम बनाती है। गाने की लाइन "सबपे राज करेगा मालिक" न केवल किरदार के प्रभुत्व की घोषणा करती है बल्कि इसके तेवर को भी बखूबी बयान करती है। सचिन-जिगर के प्रोडक्शन में देसी बीट्स और मॉडर्न एटीट्यूड का शानदार फ्यूज़न नजर आता है। अकासा की प्रभावशाली आवाज़ और एमसी स्क्वायर का देसी रैप गाने में जोश और ठहराव दोनों लाते हैं। अमिताभ भट्टाचार्य के लिखे बोल विद्रोह और लय का बेहतरीन संतुलन पेश करते हैं, जिससे यह ट्रैक एक




हाई-एनर्जी पावर एंथम बन गया है जिसे बार-बार सुना जा सकता है। वीडियो में राजकुमार राव की इंटेंस स्क्रीन प्रेज़ेंस और मानुषी छिल्लर का आत्मविश्वासी अंदाज़ इस गाने को और भी प्रभावी बनाता है। फिल्म के ट्रेलर को पहले ही शानदार रिस्पॉन्स मिल चुका है और यह गाना उस हाइप को और बढ़ा रहा है। इंडस्ट्री के एक्सपर्ट्स और फैंस, दोनों ही राजकुमार राव के अब तक के सबसे इंटेंस और डरावने गैंगस्टर अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं, पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने भी अपने किरदार शालिनी के लिए डी-ग्लैमर लुक अपनाकर सराहना बटोरी है। यह उनकी एक्टिंग की गंभीरता और चुनौती स्वीकारने की हिम्मत को दर्शाता है। पहले गाने 'नामुमकिन' में दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया था और अब 'राज करेगा मालिक' ने इस जोड़ी की इमेज को और मजबूत कर दिया है।

# हर किरदार नई चुनौतियां लेकर आता है : शुभांगी अत्रे

हाल ही में छोटे परदे की लोकप्रिय अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने अपने अभिनय के अनुभव और चुनौतियों पर खुलकर बात की। शुभांगी ने कहा कि कई सालों से कैमरे के सामने काम करने के बावजूद, उनके लिए एक्टिंग कभी भी आसान नहीं लगी। लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाली शुभांगी ने कहा, "हर नया किरदार नई चुनौतियां और सीख लेकर आता है। जितना दिलचस्प यह काम लगता है, उतना ही मुश्किल भी महसूस होता है। मुझे 'संघर्ष' शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन एक्टिंग में हर वक्त आगे बढ़ते रहना पड़ता है। यह सफर कभी खत्म नहीं होता बल्कि समय के साथ और खास बनता जाता है।" उन्होंने बताया कि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं और अभिनेता को किसी और की जिंदगी में कदम रखने के लिए ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है। लंबे शूटिंग शेड्यूल और थकावट के बीच खुद को कैसे प्रेरित रखती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, "मैं खुद को याद दिलाती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था।



मुझे अपने काम से बहुत प्यार है। जब दिन मुश्किल होते हैं तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या शानदार सीन। यही मुझे आगे बढ़ने में मदद करता है।" सोशल मीडिया और दर्शकों की प्रतिक्रिया पर शुभांगी ने कहा कि आजकल के भागदौड़ भरे माहौल में दर्शकों का प्यार एक तरह का ईंधन है, जो उन्हें आगे बढ़ाता है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि यह कभी-कभी बहुत दबाव भी पैदा कर देता है। उन्होंने कहा, "मैं कोशिश करती हूं कि इस दबाव में न आऊं और हर किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाऊं ताकि कहानी में सच्चाई और विश्वसनीयता बनी रहे।"

शुभांगी ने टीवी पर कहानी कहने के बदलते तरीके की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, "आजकल के टीवी शो असल जिंदगी से प्रेरित होते हैं और इससे कलाकारों को जटिल और गहराई वाले किरदार निभाने का मौका मिलता है। यह बदलाव हमारे लिए एक नया अध्याय जैसा है। मुझे बहुत अच्छा लगता है जब मैं किसी भी किरदार के अलग-अलग पहलू दिखा पाती हूं। यह सब नया और बहुत मजेदार होता है।" वर्कफ्रंट की बात करें तो शुभांगी अत्रे ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के मशहूर शो 'कसौटी जिंदगी की' से की थी।

## आंध्र प्रदेश में 1310 करोड़ से बनेगा देश का नया विलवणीकरण संयंत्र

अमरावती (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के कोना गांव में खारे समुद्री जल को ताजे पानी में बदलने के लिए एक अत्याधुनिक विलवणीकरण संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह परियोजना ऑरो इंफ्रा रियल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुषंगी कंपनी काकीनाडा एसईजेड लिमिटेड द्वारा 1310 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित की जा रही है। संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन 3800 लाख लीटर (38 करोड़ लीटर) समुद्री जल को प्रसंस्कृत करने की होगी। इसके लिए समुद्र से संयंत्र तक दो विशेष समुद्री जल अंतर्ग्रहण पाइपलाइन बिछाई जाएंगी। संयंत्र से उत्पादित शुद्ध जल को उद्योगों और बंदरगाहों तक विशेष पाइपलाइनों के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। इस परियोजना को हाल ही में केंद्र सरकार के वन मंत्रालय की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति से कुछ शर्तों के साथ तटीय विनियमन क्षेत्र की मंजूरी मिली है। काकीनाडा विशेष आर्थिक क्षेत्र पहले से ही एक उभरता हुआ औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र है, और यह संयंत्र क्षेत्र की जल आवश्यकताओं को पूरा कर औद्योगिक विकास को नई गति देगा। साथ ही, यह पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ जल समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## अमेरिका की नीतियों से तंग आकर देशों ने डॉलर के विकल्प अपनाएः जीटीआरआई

नई दिल्ली (ईएमएस)। अमेरिका की आर्थिक और भू-राजनीतिक नीतियों ने कई देशों को डॉलर की जगह अन्य मुद्राओं में व्यापार करने को मजबूर कर दिया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक अमेरिका द्वारा रूस, ईरान और वेनेजुएला पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते डॉलर आधारित भुगतान बाधित हुआ है, जिससे भारत, चीन और अन्य देशों ने स्थानीय मुद्राओं में व्यापार शुरू किया। जीटीआरआई के सह-संस्थापक ने कहा कि यह बदलाव कोई विद्रोह नहीं, बल्कि विवशता का परिणाम है। उदाहरणस्वरूप, रूस-चीन का 90 फीसदी से अधिक व्यापार अब रूबल और युआन में हो रहा है। भारत भी रूस से तेल खरीदने के लिए रुपये और यूएई की मुद्रा दिरहम का उपयोग कर रहा है। यहां तक कि सऊदी अरब भी अब तेल व्यापार में डॉलर के बजाय अन्य मुद्राओं को स्वीकार करने को तैयार है, जिससे 1970 के दशक के पेट्रो-डॉलर समझौते पर असर पड़ रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डॉलर छोड़ने वाले ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी शुल्क लगाने और रूसी तेल खरीदने वालों पर 500 फीसदी जुर्माना लगाने का प्रस्ताव रखा है। इससे वैश्विक व्यापारिक समझौते और कठिन हो सकते हैं।

## कुमार मंगलम बिड़ला यूएसआईएसपीएफ की कार्यसमिति में शामिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल किया गया है। इसके साथ ही वह संगठन की कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य करेंगे। यूएसआईएसपीएफ ने शुक्रवार को कहा कि बिड़ला की नियुक्ति से अमेरिका और भारत के बीच रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को नई ऊर्जा मिलेगी। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि यूएसआईएसपीएफ की कार्यकारी समिति में शामिल होना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह मंच दोनों देशों के बीच सहयोग, संवाद और विश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आदित्य बिड़ला समूह अमेरिका में सबसे बड़ा भारतीय ग्रीनफील्ड निवेशक है। समूह ने अब तक अमेरिका में 15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इसका संचालन अमेरिका के 15 राज्यों में फैला हुआ है, जो मुख्यतः धातु, कार्बन ब्लैक और रसायन क्षेत्रों में कार्यरत है। यूएसआईएसपीएफ एक गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी और निष्पक्ष संगठन है, जिसका उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना है। इसके सदस्यों में विश्व की प्रमुख कंपनियां शामिल हैं, जिनका संयुक्त बाजार मूल्य 10,000 अरब डॉलर से अधिक है।

## एचसीएल टेक का प्रदर्शन जून तिमाही में रह सकता है कमजोर

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज को वित्त वर्ष 2025 की जून तिमाही में रेवेन्यू और नेट प्रॉफिट दोनों में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार कंपनी का प्रदर्शन इस तिमाही में मौसमी कारणों और सेवाओं के क्षेत्र में सुस्ती के कारण कमजोर रह सकता है। अनुमान है कि एचसीएल टेक का रेवेन्यू तिमाही-दर-तिमाही आधार पर 0.02 फीसदी घटकर 30,240.28 करोड़ रुपए रह सकता है। यह गिरावट मुख्यतः सर्विसेज बिजनेस में सीजनल प्रोडक्टिविटी पास-थ्रू के चलते मानी जा रही है, जो हर साल की पहली तिमाही में सामान्य रूप से देखने को मिलता है। वहीं कंपनी को इस तिमाही में 4,145.13 करोड़ का मुनाफा होने का अनुमान है, जो पिछली तिमाही के मुकाबले 3.76 फीसदी कम है। साल-दर-साल आधार पर भी लगभग 2.65 फीसदी की गिरावट संभावित है।

## टेस्ला 15 जुलाई को मुंबई में खोलेगी अपना पहला स्टोर

नई दिल्ली (ईएमएस)। इलेक्ट्रिक वाहन की बड़ी कंपनी टेस्ला 15 जुलाई को मुंबई में अपना पहला स्टोर खोलेगी। इसके साथ ही कंपनी भारत के ऑटोमोटिव रिटेल सेक्टर में आधिकारिक प्रवेश कर लेगी। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि फाइनेंशियल कैपिटल मुंबई में कंपनी आउटलेट एक एक्सपीरियंस सेंटर के रूप में काम करेगा। ईलॉन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी ने भारतीय बाजार में प्रवेश के हिस्से के रूप में मार्च में मुंबई में जगह के लिए लीज हासिल कर ली थी। ईवी कंपनी ने रिक्रूटमेंट के प्रयासों को भी बढ़ा दिया है और पहले मुंबई और नई दिल्ली दोनों महानगरों में शोरूम के लिए जगह का पता लगाया था। टेस्ला का भारत में प्रवेश करने की कोशिश कई सालों से चल रही थी। इस दौरान ईलॉन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी मुख्य रूप से आयात शुल्क को कम करने के लिए लॉबिंग कर रही है। टेस्ला भारत में अपना ऑपरेशन शुरू कर रही है, लेकिन रिपोर्टों से पता चलता है कि ईवी मैन्युफैक्चर फिलहाल देश के भीतर कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए उत्सुक नहीं है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 689 , निफ्टी 205 अंक नीचे आया

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 689.81 अंकों की गिरावट के साथ ही 82,500.47 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 205.40 अंकों की गिरावट के साथ 25,149.85 अंकों पर बंद हुआ। आज दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर टूटे। आज कारोबार के दौरान टीसीएस के शेयरों में भारी गिरावट रही। शुक्रवार को सेंसेक्स की 30 में से केवल 6 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की 23 कंपनियों के शेयर टूटे। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में आज कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी 50 की 50 में से केवल 11 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 39 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा 4.65 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि टीसीएस के शेयर आज सबसे ज्यादा 3.46 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयर आज हरे निशान में बंद हुए, उनमें एक्सिस बैंक 0.79 फीसदी, सनफार्मा 0.56 फीसदी, एनटीपीसी 0.37 फीसदी, एसबीआई 0.06 फीसदी और आईटीसी 0.04 फीसदी रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर




2.75 फीसदी , भारती एयरटेल 2.20 फीसदी , टाटा मोटर्स 2.00 फीसदी , टाइटन 1.73 फीसदी , एचसीएल टेक 1.58 फीसदी , रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.47 फीसदी , बजाज फाइनेंस 1.46 फीसदी ,नीचे आकर बंद हुए। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट में खुले। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएच) के अप्रैल-जून 2025 तिमाही के नतीजे कमजोर रहने के चलते आईटी शेयर दबाव में दिखे। सेंसेक्स 370 अंक की गिरावट लेकर 82,820 पर खुला। हालांकि, हिंदुस्तान लिवर के शेयर में उछाल से इंडेक्स ने थोड़ी वापसी की। लेकिन सुबह शुरुआत के बाद यह 199.24 अंक की गिरावट लेकर 82,991 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी गिरावट लेकर 25,255 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 39.40 अंक की गिरावट के साथ 25,315 पर कारोबार कर रहा था। टीसीएस के अप्रैल-जून तिमाही 2025 नतीजे कमजोर रहने की वजह से आईटी स्टॉक्स में गिरावट देखी गयी। वहीं एशिया-पैसिफिक के बाजारों में आज मिला-जुला रुख देखने को मिला। एशियाई बाजारों की बात करें तो निक्केई में 0.21 फीसदी की देखी गई, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.71 फीसदी चढ़ा। कोस्पी मामूली 0.013 फीसदी ऊपर रहा और ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स200 0.064 फीसदी हल्की गिरावट में रहा। वहीं गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में मजबूती रही। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.27 फीसदी की बढ़त के साथ 6,280.46 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। नेस्डेक कंपोजिट भी लगातार दूसरे दिन नए शिखर पर पहुंचा और 0.09 फीसदी की तेजी के साथ 20,630.67 पर बंद हुआ।

# 1 जनवरी से 125 सीसी से कम दोपहिया वाहनों में एबीएस अनिवार्य

### मंत्रालय ने कंपनियों की मांग खारिज की

नई दिल्ली (ईएमएस)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने दोपहिया वाहन कंपनियों की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) को सभी नए छोटे वाहनों में अनिवार्य न करने की अपील की थी।




अब 1 जनवरी 2026 से 50 सीसी से अधिक या 50 किमी/घंटा से तेज रफ्तार वाले सभी नए दोपहिया वाहनों में एबीएस लगाना अनिवार्य होगा, चाहे वे पेट्रोल हों या इलेक्ट्रिक। इस फैसले से सबसे अधिक असर 125 सीसी से कम क्षमता वाले वाहनों पर पड़ेगा, जो कुल दोपहिया बाजार का 77 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। कंपनियों का कहना है कि एबीएस लगाने से प्रति वाहन 3,500 से 6,000 रुपए तक की अतिरिक्त लागत आएगी। इससे उनकी सालाना लागत करीब 7,300 करोड़ रुपये बढ़ सकती है और वाहन कीमतें भी बढ़ेंगी।

कंपनियों ने यह भी तर्क दिया कि वर्तमान में बाजार में मांग पहले से ही धीमी है, ऐसे में कीमत बढ़ाना ग्राहकों की जेब पर भी असर पड़ेगा। इसके अलावा एबीएस निर्माण में इस्तेमाल होने वाले दुर्लभ मैग्नेट की आपूर्ति पर चीन का नियंत्रण है, जिसने 4 अप्रैल से इनकी सप्लाई रोक दी है। इससे वाहन निर्माण पर वैश्विक स्तर पर असर पड़ रहा है। बजाज, हीरो, टीवीएस, सुजुकी, होंडा, एथर जैसी प्रमुख कंपनियों और सियाम के प्रतिनिधियों ने हाल ही में मंत्रालय से इस नियम को टालने की अपील की थी, लेकिन मंत्रालय ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अपने फैसले पर अडिग रहने का संकेत दिया है। यह कदम सड़क सुरक्षा की दिशा में बड़ा सुधार माना जा रहा है, लेकिन इसके चलते कंपनियों और उपभोक्ताओं दोनों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है।

## टीसीएस में नहीं बढ़ेगी कर्मचारियों की सैलरी एचआर ने कहा- नहीं हुआ अभी तक फैसला


नई दिल्ली,(ईएमएस)। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी को टाल दिया है। कंपनी के चीफ एचआर ऑफिसर ने बताया कि अभी तक इंक्रीमेंट लगाने का कोई फैसला नहीं हुआ है। परंपरागत रूप से टीसीएस हर वित्तीय वर्ष की शुरुआत में अप्रैल से वेतन वृद्धि की प्रक्रिया शुरू करता है। पहली तिमाही में कंपनी में 5,090 नए कर्मचारी जुड़े, जिससे कर्मचारियों की कुल संख्या 6.13 लाख से ज्यादा हो गई। एचआर ने कहा कि हायरिंग को तिमाही प्रदर्शन से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह योजना वार्षिक स्तर पर बनाई जाती है। टीसीएस ने पहली तिमाही में पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले केवल 1.3 फीसदी की मामूली वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जिससे राजस्व 63,437 करोड़ पहुंच गया। पिछली तिमाही 2024-25 की तुलना में राजस्व में 1.6 फीसदी की गिरावट आई। हालांकि, नेट प्रॉफिट पिछले साल की तुलना में करीब 6 फीसदी और पिछली तिमाही की तुलना में 4.4 फीसदी बढ़कर 12,760 करोड़ हो गया।

## फेरेरो ने केलॉग को 3.1 अरब डॉलर में किया अधिग्रहण

वाशिंगटन (ईएमएस)। इतालवी कंपनी फेरेरो, जो न्यूटेला और किंडर जैसे लोकप्रिय ब्रांडों की मालिक है, ने अमेरिकी नाश्ते के अनाज निर्माता डब्ल्यूके केलॉग को लगभग 3.1 अरब डॉलर में खरीदने की घोषणा की है। यह अधिग्रहण उत्तरी अमेरिका में फेरेरो की बिक्री और उपस्थिति बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। केलॉग की स्थापना 1906 में हुई थी और यह कॉर्न फ्लेक्स, फ्रूट लूप्स, स्पेशल के, राइस क्रिस्पी जैसे प्रसिद्ध नाश्ते के अनाज बनाती है। इस सौदे के पूरा होने के बाद फेरेरो अमेरिका, कनाडा और कैरेबियाई क्षेत्र में केलॉग के उत्पादों का निर्माण, विपणन और वितरण करेगी। यह अधिग्रहण फेरेरो के अमेरिकी विस्तार के अभियान का हिस्सा है, जिसमें उसने पहले 2018 में नेस्ले के कैंडी ब्रांड और 2022 में वेल्स एंटरप्राइजेज के आइसक्रीम ब्रांड भी खरीदे थे।

# ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के शेयरों में आ सकती है तेजी

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के शेयर आगे एक मजबूत दिशा में बढ़ सकते हैं। ब्रोकरेज के अनुसार, भारत की सरकारी डाउनस्ट्रीम कंपनियों ने पहली तिमाही में पेट्रोल और डीजल पर लगभग 10.3 रुपये प्रति लीटर का हाई मार्केटिंग मार्जिन हासिल किया है। यह पिछले पांच वर्षों के औसत 3 रुपये प्रति लीटर से तीन गुना से भी अधिक है। वहीं बढ़े स्तर पर कुछ अहम घटनाएं इस तेजी को और बढ़ा सकती हैं। जैसे कि कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में गिरावट और सरकार की तरफ से ऑइल मार्केटिंग कंपनियों के लिए एक मुआवजा पैकेज लाने की संभावित खबरें। इन कारणों से इन शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त मंत्रालय बीपीसीएल,



आईओसी और एचपीसीएल सहित तेल विपणन कंपनियों के लिए एक राहत पैकेज को अंतिम रूप देने के करीब है। इस पैकेज का उद्देश्य रसोई गैस को लागत से कम कीमत पर बेचने से होने वाले नुकसान की भरपाई करना है। खर्च वित्त समिति इस साल की शुरुआत में ही बकाया राशि के निपटान पर चर्चा कर चुकी है। अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच एलपीजी की बढ़ती कीमतों के कारण इन कंपनियों को कथित तौर पर 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मंजूरी मिलने के बाद, राहत पैकेज इन कंपनियों को या तो अपने नुकसान की भरपाई करने या बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश कर सकेंगी। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने ऑइल एंड मार्केटिंग कंपनियों पर बुलिश आउटलुक देते हुए प्रमुख सरकारी रिफाइनिंग कंपनियां हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर बाय की रेटिंग दी है।

## सिएटल में भारतीय आमों की प्रदर्शनी अमेरिका में बढ़ी मांग

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय आमों की खुशबू और मिठास ने लोगों का मन मोह लिया। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से हाल ही में एक विशेष कार्यक्रम भारतीय आमों के स्वाद का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के प्रीमियम आमों की विभिन्न किस्मों को प्रदर्शित करना और अमेरिकी बाजार में उनके व्यापारिक अवसरों का पता लगाना था। कार्यक्रम में अल्फांसो, केसर, दशहरी जैसी आमों की पांच प्रमुख किस्मों को चखने का अवसर मिला। वहां उपस्थित लोगों ने आमों की विशिष्ट सुगंध, स्वाद और मिठास की खूब सराहना की। वाशिंगटन के अटॉर्नी जनरल निक ब्राउन, भारतीय मूल की सांसद मनका ढींगरा और सिएटल पोर्ट के आयुक्त सैम चो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भारतीय महावाणिज्य दूतावास के अनुसार यह आयोजन व्यापार संवर्धन और भारत के कृषि उत्पादों की वैश्विक पहचान बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। वर्ष 2024 में अमेरिका को भारतीय आमों के निर्यात में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे अमेरिका भारत के प्रमुख आम निर्यात बाजारों में से एक बन गया है।

## टीसीएस का जून तिमाही में मुनाफा 6 फीसदी बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 6 फीसदी बढ़कर 12,760 करोड़ रहा। वहीं कंपनी की कुल आय 1.3 फीसदी बढ़कर 63,437 करोड़ हो गई। टीसीएस ने एक रुपए फेस वैल्यू वाले शेयर पर 11 रुपए के अंतरिम डिविडेंड की घोषणा की है, जिसका भुगतान 4 अगस्त 2025 को किया जाएगा। कंपनी ने बताया कि परिचालन मार्जिन में भी सुधार देखने को मिला है। तिमाही दर तिमाही आधार पर ईबीआईटी मार्जिन 30 आधार अंक बढ़कर 24.5 फीसदी हो गया, जो पिछली तिमाही में 24.2 फीसदी था।

# मेडिक्लेमः मरीजों से बेवजह वसूली करने वाले निजी अस्पतालों पर कसेगी लगाम




नई दिल्ली,(ईएमएस)। स्वास्थ्य बीमा लेकर अगर कोई मरीज अस्पताल किसी बीमारी का ईलाज कराने पहुँचा तो बीमा राशि कैसे हड़पी जाए, कैसे ईलाज के नाम पर गैर मुनासिब बिल थमाये जाएं, इसकी ढेरों शिकायत केंद्र सरकार को मिल रही है। केंद्र ने भी इसको गंभीरता से लिया है। मरीज को उचित खर्च पर उचित ईलाज मिले, इसका मैकेनिज्म केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और वित्त मंत्रालय तैयार कर रहा है। शुरुआती तौर पर मौजूदा राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल (एनएचसीएक्स), जो वर्तमान में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा संचालित है, उसको वित्त मंत्रालय और भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) के तत्वाधान में लाने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों से अत्यधिक शुल्क वसूली को रोकना और स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना है। विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में व्यवस्था रहेगी तो खुली लूट पर अंकुश लगाया जा सकेगा। हाल के वर्षों में, स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इरडा की एक हालिया जांच में पाया गया कि कई निजी अस्पताल उन मरीजों से अधिक शुल्क वसूल रहे हैं, जिनके पास उच्च कवरेज वाली बीमा पॉलिसी है। इससे न केवल मरीजों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि बीमा कंपनियां भी प्रीमियम की दरें बढ़ा रही हैं। भारत में स्वास्थ्य सेवा की लागत में हर साल 13 फीसदी की वृद्धि हो रही है, जो वैश्विक औसत 10 फीसदी से कहीं अधिक है। इससे आम आदमी के लिए स्वास्थ्य बीमा किफायती नहीं रह गया है।

वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, स्वास्थ्य बीमा दावों में पारदर्शिता की कमी और अस्पतालों द्वारा अनुचित शुल्क वसूली की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। बता दें कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय पोर्टल एक डिजिटल मंच है, जो स्वास्थ्य बीमा दावों की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए बनाया गया है। यह पोर्टल अस्पतालों, बीमा कंपनियों और मरीजों के बीच एक कड़ी के रूप में काम करता है, जिससे दावों का निपटारा तेजी से हो सके। वर्तमान में यह पोर्टल आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत संचालित होता है।

# सोने के भाव 97,250 रुपए, चांदी 1,10,400 रुपए के करीब

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव शुक्रवार को तेजी के साथ खुले। चांदी के वायदा भाव सार्वजनिक स्तर पर पहुंच गए। घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,250 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,10,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 561 रुपये की तेजी के साथ 97,252 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,691 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 559 रुपये की तेजी के साथ 97,250 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 210 रुपये की तेजी के साथ 1,09,333 रुपये पर खुला।




पिछला बंद भाव 1,09,123 रुपये था। इस समय यह 1,291 रुपये की तेजी के साथ 1,10,414 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,333.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,325.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 20.10 डॉलर की तेजी के साथ 3,345.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर सार्वजनिक स्तर को छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.64 डॉलर के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 37.30 डॉलर था। इस समय यह 0.53 डॉलर की तेजी के साथ 37.83 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# पाक पीएम के सलाहकार ने की ऐसी बात भड़क गईं इमरान खान की पूर्व पत्नी

### शहबाज सरकार बेटे को पिता से नहीं मिलने दे रही, फोन पर नहीं कराते बात



वॉशिंगटन,(ईएमएस)। बीते करीब दो सालों से जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को अब पहली पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ का समर्थन मिला है। जेमिमा को इमरान से तलाक लिए 21 साल हो चुके हैं, लेकिन जेल में बंद इमरान खान से बच्चों को न मिलने देने पर जेमिमा ने ऐतराज जताया है। जेमिमा और इमरान खान की शादी 1995 में हुई थी और 2004 में दोनों अलग हो गए थे। दोनों के दो बेटे सुलेमान इसा खान और कासिम खान हैं। दोनों बेटे मां के साथ ही रहते हैं, लेकिन इमरान से भी वह संपर्क में रहते थे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान बीते करीब दो सालों से जेल में बंद हैं तो बेटों को भी पिता की फिक्र है। यही नहीं उनकी इमरान खान से फोन पर बात तक नहीं हो पा रही है। इसके अलावा पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह के बयान पर जेमिमा भड़क गईं, जिसमें सनाउल्लाह ने बेटों को भी गिरफ्तार करने की बात कही है। सनाउल्लाह ने कहा था कि यदि इमरान खान के बेटे पाकिस्तान आए और विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस पर जेमिमा ने सख्त ऐतराज जताया है। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चों को अपने पिता इमरान खान से फोन पर बात करने की अनुमति नहीं है। वह लगभग दो सालों से जेल में एकांतवास में हैं। इसके अलावा इमरान के बेटे कासिम ने भी एक्स पर एक पोस्ट लिखी है।कासिम ने लिखा- मेरे पिता इमरान खान को जेल में बंद हैं। वह एकांतवास में है। उन्हें वकीलों तक से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्हें परिवार से दूर रख गया है। वह पूरी दुनिया औऱ यहां तक कि अपने बच्चों से भी कट गए हैं। उनके निजी डॉक्टर को भी मिलने नहीं दिया जा रहा। यह न्याय नहीं अन्याय है। यह एक सोची समझी साजिश है कि कैसे पाकिस्तान में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खड़े एक शख्स को तोड़ दिया जाए। वह लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं।वहीं जेमिमा ने कहा कि पाकिस्तान सरकार कहती है कि इमरान खान के बेटे यदि पिता से मिलने आए तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह कोई लोकतांत्रिक सरकार नहीं है। यह राजनीति भी नहीं है। यह किसी आदमी से बदला लेने वाली बात है। हालांकि राणा सनाउल्लाह अब भी अपनी बात पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई हिंसक आंदोलन को लीड करने के लिए आता है तो उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाएगा। हिंसा भड़काने की कोशिश हुई तो उसका अंजाम तो भुगतना ही पड़ेगा। इस बीच यह भी चर्चा है कि इमरान खान के बेटे वॉशिंगटन में पीटीआई के आंदोलन में हिस्सा लेने जाएंगे।

# कैप्स कैफे पर गोलीबारी, खालिस्तानी आतंकी लड्डी कपिल की कुछ टिप्पणियों से आहत

### एक कैरेक्टर ने निहंग सिखों जैसे कपड़े पहन रखे

ओटावा,(ईएमएस)। कनाडा के सरे में मशहूर भारतीय कॉमेडियन कपिल शर्मा के नए रेस्तरां कैप्स कैफे पर गोलीबारी की घटना हुई है। इस हमले की जिम्मेदारी खालिस्तानी आतंकी हरजीत सिंह लड्डी ने ली है, जो भारत की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा है। कनाडाई पत्रकार बताया कि लड्डी कपिल के एक कॉमेडी शो में की गई कुछ टिप्पणियों से कथित तौर पर आहत था, इसकारण कैप्स कैफे पर गोली चलाई। पत्रकार के अनुसार, खालिस्तानी समूह हमले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि लड्डी लंबे समय से खालिस्तानी आतंकवादी संगठन का सदस्य रहा है और इस तरह की हिंसा उसका तरीका रहा है। पत्रकार ने घटना को राजनीतिक रूप से प्रेरित आतंकवादी हमला बताया, जिसका उद्देश्य कनाडा में भारतीय समुदाय को डराना है। वहीं इस पूरे मामले में खालिस्तानी आंतकी हरजीत सिंह लाडी का बयान सामने आया है। आंतकी लाडी ने बताया कि कपिल शर्मा शो पर एक पार्टिसिपेंट ने निहंग सिखों का मजाक उड़ाया था। उसने निहंगों के पहनावे और व्यवहार पर टिप्पणी की थी। इस तरह से कपिल ने सिख समुदाय की भावनाओं का मजाक उड़ाया था। लाडी ने कहाकि कॉमेडी की आड़ में धर्म का मजाक बर्दाश्त नहीं। हरजीत सिंह बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ा हुआ है। उसने कॉमेडियन के कैफे पर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। लाडी ने कहाकि उसने बीकेआई के एक अन्य साथी तूफान सिंह के साथ मिलकर हमले को अंजाम दिया। हरजीत सिंह लाडी एनआईए की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल है। बता दें कि कनाडाई सरकार बीकेआई को एक आतंकी संगठन मानती है।

### हमले का पूरा मामलाः

कपिल और उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ ने सरे में कैप्स कैफे नाम से अपना पहला इंटरनेशनल रेस्तरां खोला था। 7 जुलाई को भव्य उद्घाटन के बाद, बुधवार रात करीब 1:50 बजे अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर कई राउंड गोलियां चलाईं। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति को कार से कैफे की खिड़कियों पर लगभग 9 से 12 राउंड गोलियां चलाते हुए देखा गया। घटना के समय स्टाफ अंदर मौजूद था, लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस ने जांच शुरू हमलावरों की तलाश जारी है।
यह पहली बार नहीं है जब कनाडा में भारतीय या पंजाबी मूल के व्यवसायों को निशाना बनाया गया हो। हाल के महीनों में सरे शहर में हिंदू समुदाय से जुड़े अन्य व्यवसायों और मंदिरों पर भी हमले की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे भारतीय समुदाय में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बांग्लादेश में महिला सरकारी अधिकारियों को सर कहने का नियम बंद

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक बड़ा फैसला लेकर महिला सरकारी अधिकारियों को सर कहने के पुराने नियम को रद्द कर दिया है। यह नियम पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के दौरान लागू था, जिसके तहत उन्हें और अन्य महिला अधिकारियों को भी सर कहकर संबोधित किया जाता था।एडवाइजरी काउंसिल की बैठक में यह फैसला हुआ। आधिकारिक नोटिस में इस नियम की आलोचना करते हुए कहा गया कि यह सामाजिक और संस्थागत रूप से अनुचित और अवांछनीय था। सरकार ने सही और सम्मानजनक भाषा के उपयोग को सुनिश्चित करने की बात कही है, जो सामाजिक मूल्यों और मानदंडों के अनुरूप हो। इस निर्णय के तहत सर कहने की बाध्यता को पूरी तरह समाप्त किया गया है। इतना ही नहीं अंतरिम सरकार ने अन्य पुराने और जटिल प्रोटोकॉल नियमों की समीक्षा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। इसके लिए एक नई समिति बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता सैयदा रिजवाना हसन कर रही हैं। समिति को एक महीने के भीतर अपनी सिफारिशें सौंपने को कहा गया है। लिंग के अनुसार संबोधन को लेकर पहले भी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी असहजता महसूस की जाती थी।

### यूक्रेन में खुफिया एजेंसी के टॉप अफसर की टारगेट किलिंग

कीव (ईएमएस)। यूक्रेन की राजधानी कीव में दिनदहाड़े यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) के एक वरिष्ठ अधिकारी, कर्नल इवान वोरोनिच की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना एक रिहायशी इलाके में हुई, जहां हमलावर पैदल ही मौके से फरार हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, होलोसीव्स्की जिले में एक अज्ञात व्यक्ति ने पिस्तौल से कर्नल वोरोनिच को पांच गोलियां मारीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक व्यक्ति को रिहायशी इमारत से पार्किंग की ओर जाते दिख रहा है, तभी एक अन्य व्यक्ति उस पर कई गोलियां चलाता है और भाग जाता है। एसबीयू ने पुष्टि की है कि मृतक उनके कर्मचारी थे, लेकिन अधिकारी की पहचान सार्वजनिक रूप से उजागर नहीं की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक हमले के पीछे का मकसद और संदिग्ध की पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। कीव पुलिस ने हमलावर की तलाश के लिए बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।एसबीयू यूक्रेन की घरेलू खुफिया एजेंसी है और 2022 में रूस के हमले के बाद से रूस में तोड़फोड़ अभियानों और हाई-प्रोफाइल हत्याओं सहित खुफिया अभियानों में अधिक सक्रिय हो गई है। इनमें स्पाइडर वेब नामक ड्रोन अभियान भी शामिल है, जिसने रूस के हवाई ठिकानों को निशाना बनाया। यूक्रेनी अधिकारियों ने हालांकि किसी भी हत्या का आरोप नहीं लगाया है।

### फिलिस्तीनी-अमेरिकी शख्स खलील ने ठोंका ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन को एक नई कानूनी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। एक फिलिस्तीनी-अमेरिकी शख्स, महमूद खलील, ने ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा दायर कर 20 मिलियन डॉलर का मुआवजा मांग लिया है। खलील, जो अमेरिका में ग्रीन कार्ड होल्डर हैं, उनका का दावा है कि उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया, इसकारण उन्हें भारी नुकसान हुआ। खलील के वकील ने अमेरिकी सरकार पर झूठे मामलों में गिरफ्तारी का आरोप लगाया है और कहा है कि मामले में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ। वकील के अनुसार, खलील की अमेरिका में उपस्थिति को विदेश नीति के लिए खतरा बताया गया था। खलील को बिना किसी आपराधिक आरोप के 100 दिनों तक हिरासत में रखा गया, और उन्हें अपनी पत्नी के पहले बच्चे के जन्म के समय भी रिहाई नहीं मिली। खलील का कहना है कि अगर वह यह केस जीतते हैं, तब वह मुआवजे की राशि उन लोगों में बांट दूंगा, जिन्हें ट्रंप प्रशासन ने इसी तरह से निशाना बनाया है।हालांकि, खलील पर डिपोर्ट होने का खतरा अभी भी बना हुआ है। क्योंकि अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि खलील ने कुछ यहूदी छात्रों को डराया था। होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के प्रवक्ता का कहना हैं कि खलील को हिरासत में लेना बिल्कुल सही कदम था और उन पर हिंसा के लिए उकसाने, आतंकियों को समर्थन देने और कैंपस की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं।

### साल 2024 में राज परिवार पर कुल 1,555 करोड़ खर्च, हो रहा विरोध

लंदन (ईएमएस)। हाल ही में जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि साल 2024 में ब्रिटिश टैक्स पेयर्स का ब्रिटेन के राज परिवार पर कुल 1,555 करोड़ रुपये की रकम खर्च होने का अनुमान है। इस रकम में महलों का रखरखाव, शाही यात्राएं और कर्मचारियों का वेतन शामिल है, जबकि सुरक्षा जैसे भारी खर्च इसमें नहीं आते।ब्रिटेन के राज परिवार पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। इस बार यह आंकड़ा और भी बड़ा हो गया है। ब्रिटेन के राज परिवार को मिलने वाले इस फंड का नाम है 'सॉवरेन ग्रांट', जो ब्रिटेन के शासक को उनकी आधिकारिक जिम्मेदारियों और महलों के रखरखाव के लिए मिलता है। ये पैसा 'क्राउन एस्टेट' की आय से तय होता है– यानी वो जमीन और प्रॉपर्टी जो राजा के नाम पर होती हैं, लेकिन जिनका मुनाफा सरकार को जाता है। बकिंघम पैलेस के नवीनीकरण और देखरेख पर 485 करोड़ रुपये और कर्मचारियों के वेतन पर 352 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इस बीच आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि जब ब्रिटेन में आम लोग आर्थिक तंगी, महंगे बिल और कमजोर स्कूल और हॉस्पिटल के सिस्टम से जूझ रहे हैं, तब अरबों की संपत्ति वाला शाही परिवार आखिर क्यों जनता के पैसे से चलता है?शाही ट्रेन जैसी महंगी सुविधाएं 2027 तक बंद की जाएंगी, जिससे सालाना 1 मिलियन पाउंड की बचत होगी। लेकिन 'रिपब्लिक' जैसे राजशाही विरोधी संगठन मांग कर रहे हैं कि सॉवरेन ग्रांट पूरी तरह खत्म हो, ताकि टैक्सपेयर्स का पैसा जनहित में खर्च हो सके। दिलचस्प बात ये है कि राजा चार्ल्स को सिर्फ सॉवरेन ग्रांट से ही नहीं, बल्कि डची ऑफ लैंकेस्टर नामक संपत्तियों से भी सालाना करीब 20 मिलियन पाउंड (236 करोड़ रुपये) की कमाई होती है। ये अलग-अलग शहरों में फैली करोड़ों की संपत्तियां हैं। 2023 में केवल शाही यात्राओं पर 55 करोड़ रुपये खर्च हुए। केवल समोआ की फ्लाइट पर ही 4.7 करोड़ रुपये लगे।

# पुजारी ने अंदर बुलाया और आर्शीवाद के बहाने महिला से की अश्लील हरकत

### मलेशिया की मॉडल ने सोशल मीडिया पर साझाकर बताई हकीकत



कुआलालम्पुर, (ईएमएस)। मलेशिया की मॉडल और पूर्व मिस ग्रैंड मलेशिया ने एक हिंदू पुजारी पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। मॉडल ने कहा है कि पुजारी ने मंदिर में पूजा के दौरान उन्हें 'आशीर्वाद देने' के बहाने अंदर बुलाकर और छेड़छाड़ की। यह घटना मलेशिया सेपांग जिले के मरियम्मन मंदिर में पिछले शनिवार की बताई जा रही है। आरोप लगने के बाद पुलिस ने आरोपी पुजारी की तलाश शुरू कर दी है।पीड़िता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि वह पूजा कर रही थी, तभी पुजारी ने कहा कि वह मुझे एक खास पवित्र जल और धागा देना चाहता है, जो भारत से आया है। उसने कहा कि ये आम भक्तों को नहीं दिया जाता है। मीडिया रिपोर्ट में मॉडल के मुताबिक पुजारी ने उसे मंदिर के कमरे में बुलाया और वहां एक तेज गंध वाला तरल पदार्थ पानी में मिलाया। इसके बाद पुजारी ने बार-बार उनके चेहरे पर पानी डाला, जिससे वह अपनी आंखें नहीं खोल पा रही थीं। इसके बाद पुजारी उनके कपड़े उठाने लगा और जब मॉडल रोका तो उनके कपड़ों को 'बहुत टाइट' कहकर ताना मारा। इसी दौरान वह उनके पीछे खड़ा हो गया और उनके ब्लाउज़ में हाथ डालकर अश्लील हरकत करने लगा।पीड़िता ने आगे बताया कि मुझे उस पल में सब कुछ गलत लग रहा था, लेकिन मैं हिल तक नहीं पाई। न बोल सकी, न भाग सकी। आज भी समझ नहीं पाती कि क्यों। सबसे ज्यादा दर्द इस बात का है कि ये सब एक मंदिर में और एक पुजारी ने किया। मॉडल ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने पुलिस में शिकायत की तो जांच अधिकारी ने उन्हें धमकी दी कि यदि वे इस घटना को सार्वजनिक करती हैं, तो 'उन्हीं को दोषी ठहराया जाएगा। इस डर और मानसिक तनाव के चलते उसने सोशल मीडिया पर आकर पूरी आपबीती साझा की।सेपांग जिला पुलिस प्रमुख नोरहिज़ाम बहामन ने पुष्टि की कि शिकायत के आधार पर आरोपी पुजारी की तलाश शुरू कर दी गई है। आरोपी पुजारी भारत का रहने वाला है और मौजूदा समय में स्थायी पुजारी की गैरमौजूदगी में अस्थायी रूप से मंदिर में पूजा करवा रहा था। पुलिस ने बताया कि पुजारी का तरीका था पहले पवित्र जल चेहरे और शरीर पर छिड़कना, फिर छेड़छाड़ करना। घटना के बाद मलेशिया में भारतीय मूल के संगठनों में भारी नाराज़गी है। लोग मांग कर रहे हैं कि आरोपी को जल्द गिरफ़्तार कर सख्त सजा दी जाए।

### आसमान में टकराए दो विमान, भारतीय और कनाडाई छात्रों की मौत

टोरंटो,(ईएमएस)। कनाडा के मैनिटोबा प्रांत में एक भारतीय छात्र पायलट की विमान दुर्घटना में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट में टोरंटो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र की पहचान श्रीहरि सुकेश के रूप में हुई है। यह दुर्घटना तब हुई जब एकल इंजन वाला उसका विमान आसमान में एक अन्य विमान से टकरा गया, जो एक कनाडाई युवती उड़ा रही थी। इस दुर्घटना में कनाडाई युवती की भी मौत हो गई।भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि वह सभी जरुरी सहायता प्रदान करने के लिए शोक संतप्त परिवार, पायलट प्रशिक्षण स्कूल और स्थानीय पुलिस के संपर्क में है। रिपोर्ट में बताया गया है कि दोनों छात्र पायलटों के शव उनके विमानों के मलबे से बरामद किए गए हैं। दुर्घटना मंगलवार सुबह विन्निपेग से करीब 50 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्टाइनबाक के पास हुई। कनाडा में विमानन दुर्घटनाओं की जांच के लिए जिम्मेदार एजेंसी, परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने कहा कि वह जानकारी जुटा रहे हैं और इस घातक दुर्घटना का आकलन कर रहे हैं। श्रीहरि सुकेश की उम्र का उल्लेख नहीं किया गया है।

# शुभांशु शुक्ला समेत अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में हो रही देरी

### आईएसएस के ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल में प्रेसर हो गया था लीक

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। भारत के शुभांशु शुक्ला समेत चार अंतरिक्ष यात्रियों के एक्सिओम-4 मिशन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से लौट में देरी हो रही है। पहले उनकी वापसी 10 जुलाई को होना थी, लेकिन अब इसमें कम से कम चार से पांच दिन की देरी हो सकती है। वापसी की नई तारीख अभी तय नहीं की गई है, लेकिन अनुमान लगायाजा रहा है कि यह 14 जुलाई या उसके बाद ही संभव हो पाएगी। देरी की वजह आईएसएस में आई तकनीकी समस्या बताया जा रहा है।दरअसल आईएसएस के रूसी हिस्से में स्थित ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल में प्रेसर लीक पाया गया। इसे रिपेयर कर लिया गया है, लेकिन उसकी सेफ्टी को लेकर अभी ऑडिट और निगरानी की जा रही है। इसी वजह से वहां से जुड़े सभी मिशनों की वापसी पर नजर रखी जा रही है और जल्दबाजी में कोई रिस्क नहीं लिया जा रहा। शुभांशु और उनके साथी सुरक्षित हैं और आईएसएस में किसी भी तरह का तत्काल खतरा नहीं है। मिशन कंट्रोल और अंतरराष्ट्रीय टीमें स्थिति पर नजर रख रही हैं। एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग भी पहले कई बार टली थी। इसमें इलेक्ट्रिकल हार्नेस की समस्या, फालकॉन-9 रॉकेट में लिक्विड ऑक्सीजन लीक और खराब मौसम जैसी वजहें रही थीं। यह 25 जून को लॉन्च हो पाया था और इसकी अवधि करीब दो सप्ताह तय थी। तय योजना के मुताबिक, 10 जुलाई को स्पेसक्राफ्ट को आईएसएस से अनडॉक कर पृथ्वी पर लौटना था, लेकिन आईएसएस के रूसी मॉड्यूल की तकनीकी दिक्कत ने शेड्यूल बदल दिया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्रू ड्रैगन यान बिल्कुल सुरक्षित स्थिति में है और उसमें कोई नई समस्या नहीं है। उसकी वापसी प्रक्रिया तय प्रोटोकॉल के मुताबिक ही होगी। आईएसएस से अनडॉक होने के बाद यान अपने थ्रस्टर्स से सुरक्षित दूरी बनाएगा, फिर पृथ्वी की दिशा में डिआर्बिट बर्न कर स्पीड घटाई जाएगी। पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के वक्त यह करीब 28,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आएगा। बाहर का तापमान 1600 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा होगा, लेकिन हीट शील्ड इसे सुरक्षित रखेगी। वायुमंडल में घुसते वक्त कुछ मिनट का ब्लैकआउट फेज रहेगा। फिर पैराशूट सिस्टम खुलेगा जो स्पीड को घटा देगा और आखिर में यह अटलांटिक महासागर या मेक्सिको की खाड़ी में पानी पर लैंड हो जाएगा।फिलहाल मिशन कंट्रोल की प्राथमिकता क्रू की सुरक्षा है और इसीलिए आईएसएस की स्थिति पूरी तरह संतोषजनक पाए जाने के बाद ही वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी। शुभांशु शुक्ला और बाकी टीम के सुरक्षित लौटने में थोड़ी देर तो होगी, लेकिन उन्हें अंतरिक्ष में फंसे रहने का कोई खतरा नहीं है

# बलूच विद्रोहियों ने एक घंटे में किए 8 हमले पाकिस्तान के 18 फ्रंटियर कोर के सैनिकों को मार डाला

करांची, (ईएमएस)। बलूच विद्रोहियों ने गुरुवार को एक घंटे में 8 जगह पर हमलों को अंजाम दिया गया। बलूचिस्तान के सुरब में फ्रंटियर कोर के कैंप पर हमला कर उसे कब्जे में ले लिया गया था। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली। साथ ही दावा किया है कि इस हमले में फ्रंटियर कोर के 18 सैनिको को मार गिराया।पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी ने पूरी तरह से गदर मचा दिया है। कोई दिन ऐसा नहीं गुजरता जब किसी जगह पर सेना के काफिले या पोस्ट पर अटैक ना हो रहा हो। इस साल जनवरी से जून तक के आंकड़ों की बात करें तो बीएलए ने 284 हमले को अंजाम दिया। इन हमलों में 9 स्पेशल ऑपरेशन, 3 फिदायीन, 121 बम या आईईडी ब्लास्ट से किए गए। इन हमलों में दावा किया जा रहा है कि 668 पाक सैनिकों की मौत हो गई है। इसके अलावा बीएलए ने बलूचिस्तान में 45 महत्वपूर्ण स्थानों पर कब्जा किया, जिसमें कालट जिला का मंगोचर शहर भी शामिल है।इसमें खारन जिले के लत्ताद में बलूच उग्रवादियों ने एक फ्रंटियर कोर की चौकी पर हमला किया। दूसरा अटैक दश्त में नाकाबंदी के दौरान सचिवालय बस पर गोलीबारी की गई। तीसरा अटैक केच जिले के टम्प में अंजाम दिया गया। इसमें बलूच उग्रवादियों ने बलिचा, मीराबाद, ज़मरान बाजार, रोडबन और बुस्ट में अचानक नाकाबंदी कर दी। नाकाबंदी से पाकिस्तानी सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जाता है। चौथा हमला डोलेजी के झाओ में अंजाम दिया गया, जहां बलूच विद्रोहियों ने एक पाकिस्तानी सेना कैंप पर हमला किया। यह हमला 30 मिनट से ज्यादा समय तक चला। पांचवा अटैक क्वेटा के किरानी रोड में हज़ारा टाउन के पास हुआ, जिसमें एक सुरक्षा चौकी पर हथियारबंद हमलावरों ने हमला किया। छठा हमला टम्प गोमाज़ी में हुआ, जहां शाम को हथियारबंद लोगों ने एक सुरक्षा चौकी पर हमला किया। सातवां हमला खारन के जंगल इलाके के सोपाक क्रॉस पर अंजाम दिया गया, जहां बलूच लड़ाकों ने नाकाबंदी की जो कि लंबे समय तक जारी रही। आठवां हमला दलबंदिन में गैस ले जा रहे बोज़र ट्रकों पर हुआ।बलूचिस्तान के कुल 37 जिले हैं। हर जिले में बलूचियों का विद्रोह चरम पर है। दिन-रात हर वक्त पाक सेना और सरकार को चुनौती दी जा रही है। सुरक्षाबलों पर छोटे-बड़े हमले से लेकर सीपीईसी के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बलूच विद्रोहियों ने अब 'बाम' नाम से एक नया ऑपरेशन लॉन्च किया है, जिसके तहत अब कॉर्डिनेटेड अटैक को अंजाम दिया जा रहा है। हालांकि, इस साल की शुरुआत से ही इस तरह के ऑपरेशन को अंजाम दिया जा रहा है। एक साथ पूरे बलूचिस्तान में अलग-अलग जगह पर हमले हो रहे हैं। बलूचिस्तान के सुरब में फ्रंटियर कोर के कैंप पर हमला कर उसे कब्जे में ले लिया गया था। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली। साथ ही दावा किया है कि इस हमले में फ्रंटियर कोर के सैनिको को मार गिराया।

# यूक्रेन में खुफिया अधिकारी की हत्या के बाद बोले, ट्रंप मैं पुतिन से खुश नहीं हूं

कीव(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे आगामी सोमवार को रूस को लेकर एक 'बड़ा ऐलान' करेंगे। इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, मैं पुतिन से खुश नहीं हूं। वह बहुत से लोगों को मार रहा है। ट्रंप के ये बयान उस वक्त आया जब यूक्रेन के एक खुफिया अधकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूक्रेन की राजधानी कीव गुरुवार सुबह उस वक्त दहल गई जब देश की टॉप सुरक्षा एजेंसी एसबीयू के एक अफसर को सरेआम गोली मार दी गई। यह हत्या कथित रूप से एक सोची-समझी साजिश थी, जिसकी जांच अब पूरी गंभीरता से की जा रही है।घटना राजधानी कीव के एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के बाहर हुई। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी वारदात कैद हो गई, जिसका वीडियो अब स्थानीय टेलीग्राम चैनलों पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शख्स दो बैग्स के साथ अपार्टमेंट से निकलकर अपनी कार की ओर बढ़ता दिखता है। तभी एक नकाबपोश हमलावर उसके करीब आता है और फायरिंग कर देता है।कीव पुलिस के मुताबिक पीड़ित की मौत मौके पर ही हो गई थी। उनके शरीर पर गोली के निशान पाए गए। एसबीयू (यूक्रेन की खुफिया एजेंसी) ने पुष्टि की है कि मारे गए शख्स उनके ही एक अधिकारी थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से उनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। कीव पुलिस ने इसे टारगेटेड किलिंग मानते हुए हत्यारे की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस का कहना है कि वह अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस केस को देख रही है और कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं।एसबीयू यूक्रेन की वही एजेंसी है, जिसने कुछ दिनों पले रूस के सैन्य ठिकानों पर 'ऑपरेशन स्पाइडरवेब' नाम से एक बड़े ड्रोन हमले को अंजाम दिया था। इस हमले में रूस के दर्जनों फाइटर जेट और स्ट्रैटेजिक बमवर्षक विमान तबाह कर दिए गए थे। यह यूक्रेन की सबसे बड़ी खुफिया सफलता मानी गई थी और रूस के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ दिनों पहले सूत्रों ने कहा था कि एसबीयू ने ही रूस के लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की हत्या की थी, जिन पर रासायनिक हथियारों के प्रयोग का आरोप था। ऐसे में माना जा रहा है कि गुरुवार की हत्या भी यूक्रेन-रूस संघर्ष में पलटवार हो सकती है।इस बीच सोमवार को मास्को के एक बेहद आलीशान इलाके में खड़ी टेस्ला कार में रूस के कैबिनेट मंत्री रोमन स्टारोवोइत की लाश मिली, तो रूस भर में सन्नाटा पसर गया। 53 साल के इस पूर्व गवर्नर की मौत से जुड़े सवाल सिर्फ उनके जीवन को नहीं, बल्कि पूरे क्रेमलिन के मौजूदा तंत्र को सवालों के घेरे में खड़ा कर रहे हैं। स्टारोवोइत कुछ ही घंटे पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आदेश पर बर्खास्त किए गए थे। इसके बाद खबर आई कि उन्हें ओडिंत्सोवो जिले में, जहां कई रसूखदार रूसी अधिकारी रहते हैं, गोली लगी हालत में मृत पाया गया।

### खूबसूरती से घबराए चीन की नाक में हुआ दम, अफसरों को दी सख्त हिदायत

बीजिंग(ईएमएस)। चीन अमेरिका जैसे देश को भी आंखें तरेर रहा है, वो एक ऐसी चीज़ के घबराया हुआ है, जिसका तोड़ उसके पास है ही नहीं। वो अपने सरकारी अफसरों को हिदायत दे रहा है कि दिल लगाने से पहले जरा जांच-पड़ताल कर लें। साफ तौर पर सरकारी चेतावनी दी गई है कि कर्मचारियों को किसी से भी रोमांस को लेकर सावधानी रहने की जरूरत है ताकि वे मोहब्बत के चक्कर में देश से गद्दारी न कर बैठें। चीनी मंत्रालय का कहना है कि राजनयिक, वैज्ञानिक, शिक्षक और खासकर विदेशों में पढ़ाई कर रहे छात्र, जो संवेदनशील जानकारी रख सकते हैं, उन्हें इन तरीकों के पहले निशाने पर रखा जाता है।चीन ने सिर्फ खूबसूरत औरतें ही नहीं आकर्षक मर्दों के आकर्षण के प्रति सचेत रहने के लिए कहा है। एमएसएस ने वीचैट पोस्ट में बताया कि कैसे कुछ लोग पूरी तरह विवश हो कर सरकारी गोपनीयता खोल बैठते हैं। ये चेतावनी दी गई है कि हनीट्रैप में कहीं आम जीवन और ऑनलाइन चैटर्स भी शामिल हो सकते हैं। चीन का राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने हाल ही में एक सख्त चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी सुंदर और आकर्षक विदेशी जासूसों को लेकर है। सोशल मीडिया पर अपनी नई वीचैट अकाउंट के माध्यम से एमएसएस ने बताया कि विदेशी जासूस अपने फायदे के लिए मजबूत वैवाहिक, आर्थिक या प्रेम संबंधों के रूप में आते हैं। वो अपने मायाजाल में फंसाकर सेंसिटिव इंफॉर्मेशन उड़ा ले जाते हैं। इसके उदाहरण के तौर पर ली सी नाम के शख्स की कहानी बताई जा रही है। उसे एक विदेशी नाइटक्लब में बेहद खूबसूरत और आकर्षक लड़की के जरिये फंसाया गया। लड़की उसे अदाओं के जाल में फंसाकर बिस्तर तक ले गई और फिर उसकी तस्वीरों और वीडियो से ब्लैकमेल करके उसे जासूसी के लिए मजबूर किया गया। चीन अपने नागरिकों को सतर्क कर रहा है कि ये सिर्फ ऑफलाइन ही नहीं ऑनलाइन भी हो सकता है।

# इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे मैच में भी जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

### रात 11:05 बजे शुरू होगा मैच




लंदन (ईएमएमएस)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांचवें और अंतिम मैच को भी जीतने के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले ही ये सीरीज जीत ली है। ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। भारतीय टीम इस सीरीज में 3-1 से आगे हैं। इस मैच को जीतने के साथ ही उसकी बढ़त 4-1 हो जाएगी। भारतीय टीम ने पिछले सप्ताह एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे वह इस मैच में भी जीत की प्रबल दावेदार है। उत्सुक होगी। भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने संघर्ष करते दिखे हैं। इस सीरी में अब तक स्पिनरों ने 22 विकेट लिए हैं। राधा यादव और श्री चरणी ने इस सीरीज में जबरस्त प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर केवल एक मैच जीती मेजबान इंग्लैंड की महिला टीम के लिए स्पिनर दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में भारत के स्पिन आक्रमण का सामना करना आसान नहीं रहेगा। बल्लेबाजी में भारत की स्मृति मंधाना ने अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को आक्रामक शुरुआत दिलाई है। जेमिमा रोड्रिग्स मध्यक्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं हालांकि कप्तान कहरमनप्रीत कौर अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं दिखीं हैं। । वहीं इंग्लैंड के लिए कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के बिन परेशानी बढ़ गयी है। ब्रंट फिट नहीं होने के कारण बाहर हो गयी हैं। इससे उसका संतुलन गड़बड़ा गया है। उसके बल्लेबाजों में सोफिया डंकले ही केवल रन बना रही हैं। सलामी बल्लेबाज़ डंकले और डैनी वायट-हॉज अच्छी शुरुआत नहीं दे पायी हैं। उसका मध्यक्रम भी लड़खड़ा गया है। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने छह विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है पर उसने अन्य गेंदबाज फिसल हैं दोनो ही टीमें इस प्रकार हैः

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंडः** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

# भारतीय मूल के एक स्पिनर ने एक ही मैच में ली दो हैट्रिक



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड में भारतीय मूल के एक स्पिनर किशोर कुमार साधक ने ऐसा ऐसा रिकार्ड बनाया है जो आने वाले कई साल तक शायद ही टूट पाये। टू काउंटीज चैंपियनशिप डिविजन सिक्स के मैच में किशोर ने लगातार दो ओवर में दो हैट्रिक लेकर अपनी टीम इप्सविच और कोलचेस्टर क्रिकेट क्लब को जीत दिलायी। क्रिकेट इतिहास में एक ही मैच में दो हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड पहले भी बना है, पर उसमें एक खास फर्क है। 2017 में मिशेल स्टार्क और 1912 में जिमी मैथ्यूज ने यह कारनामा किया था, लेकिन उन्होंने यह हैट्रिक अलग-अलग पारियों में ली थी। जबकि किशोर ने लगातार दो ओवर में, एक ही पारी में दो हैट्रिक ली

किशोर ने केसग्रेव क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेले गए इस मैच में कुल 6 ओवरों में केवल 21 रन खर्च देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने अपने चौथे ओवर की अंतिम तीन गेंदों पर हैट्रिक लेकर विरोधी टीम की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया। इसके बाद उन्होंने अगले ओवर की तीसरी, चौथी और पांचवीं गेंद पर फिर से तीन बल्लेबाजों को आउट कराकर दूसरी हैट्रिक ली। कुल मिलाकर 8 गेंदों में 6 विकेट लेना किसी भी गेंदबाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान पांच बल्लेबाज बोल्ड हुए जबकि एक बल्लेबाज कैच हुआ। इस मैच में केसग्रेव टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन बनाए थे। किशोर ने इसके बाद बल्लेबाजी में भी अपनी टीम की सहायता की। उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाकर नाबाद 14 रन बनाए। किशोर की इस पारी से उनकी टीम ने 21 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। और 7 विकेट से मैच जीत लिया।



स्वीटजरलैंड में यूईएफए महिला यूरो लीग फुटबॉल में नार्वे की सिगनी गवापसैट गोल करने के बाद उत्साहित होती हुई।

## टॉस हारने में सबसे आगे है भारतीय टीम

लॉर्ड्स (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम टॉस हारने के मामले में शीर्ष पर पहुंच गयी है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में टॉस हारने के साथ ही भारतीय टीम के नाम ये अनचाहा रिकार्ड दर्ज हो गया है। भारतीय टीम अब तक लगातार 13 टॉस हारी है। वहीं वेस्ट इंडीज की टीम 12 बार टॉस हारी थी। इंग्लैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीनों मैचों में टॉस हारे हैं। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 2025 में आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच के दौरान टॉस जीता था। भारत के नाम सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड है। भारत 31 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025 तक कुल 13 मैचों में टॉस हारा है। वहीं वेस्टइंडीज इस सूची में दूसरे नंबर पर है। इंडीज टीम 2 फरवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999 तक कुल 12 टॉस हारी है। वहीं इंग्लैंड की टीम 17 दिसंबर 2022 से 12 मार्च 2023 तक कुल 11 मैचों में टॉस हारी हैं।

## एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट इस साल के अंत में होगा

सैंटियागो (ईएमएस)। एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट इस साल के अंत में होगा। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला एक दिसंबर को नामीबिया से होगा। इसी दिन मेजबान टीम चिली का भी पहला मुकाबला नीदरलैंड से होगा। नीदरलैंड अभी जूनियर महिला विश्व चैंपियन है और दुनिया की नंबर एक टीम है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत जर्मनी और आयरलैंड के बीच मैच से होगी। यह टूर्नामेंट 1 से 13 दिसंबर, 2025 तक सैंटियागो शहर में खेला जाएगा और इसमें 24 टीमें शामिल होंगी। भारतीय टीम को इसमें ग्रुप सी में रखा गया है। भारतीय टीम के साथ इस ग्रुप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया की टीमें हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से खेलेगी। महिला जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप पिछली बार साल 2023 में सैंटियागो में हुआ और तब 16 टीमों ने भाग लिया था। इस बार टीमों की संख्या बढ़कर 24 हो गयी है। ऐसे में प्रशंसकों को अधिक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

### टीमें और उनके पूल इस प्रकार हैं :

**ग्रुप ए में नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया**
**ग्रुप बी में अर्जेंटीना, बेल्जियम, ज़िम्बाब्वे, वेल्स**
**ग्रुप सी में भारत, जर्मनी, आयरलैंड, आयरलैंड**
**ग्रुप डी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन और ऑस्ट्रिया**
**ग्रुप ई में ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा और स्कॉटलैंड**
ग्रुप एफ में संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड और उरुग्वे शामिल हैं। क्रॉसओवर और नॉकआउट राउंड के मैच 7 दिसंबर से खेले जाएंगे, जबकि फाइनल 14 दिसंबर को खेला जाएगा।

## फीफा रैंकिंग में भारतीय टीम को हुआ नुकसान, 133वें स्थान पर खिसकी

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय फुटबॉल टीम का विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) रैंकिंग में नुकसान हुआ है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में छह स्थान टूटकर 133वें स्थान पर खिसक गई है। भारतीय टीम की रैंकिंग में गिरावट का कारण जून में मिली दो हार रही हैं। उसे थाईलैंड और फिर एशियाई कप क्वालीफाइंग दौर में हांगकांग से हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम की रैंकिंग पिछले नौ साल में सबसे नीचे हो गयी है। इससे पहले भारतीय टीम की सबसे खराब रैंकिंग दिसंबर 2016 में थी तब वह 135वें स्थान पर फिसल गयी थी। भारतीय टीम की अब तक की सबसे अच्छी रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 रही थी। भारतीय टीम के अभी 1113.22 रेटिंग अंक हैं जबकि पहले उसके 1132.03 रेटिंग अंक थे। वह 46 एशियाई देशों में 24वें स्थान पर है जिसमें जापान (17वीं रैंकिंग) के साथ ही सबसे आगे है। हांगकांग के खिलाफ हार से टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद को भी झटका लगा है। टीम को पिछले आठ में से केवल एक मैच में जीत मिली है। य जीत उसे मार्च में मालदीव से मिली थी। इस साल भारतीय टीम ने अभी तक चार मैच खेले हैं जिसमें से उसे एक ही जीत मिली है जबकि दो मुकाबलों में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है। फीफा रैंकिग में अभी विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर बना हुआ है। वहीं उसके बाद स्पेन, फ्रांस, इंग्लैंड, ब्राजील और पुर्तगाल जैसी टीमें हैं।

## आईसीसी नियम के अनुसार जुरेल नहीं कर सकेंगे ऋषभ की जगह पर बल्लेबाजी

लॉर्ड्स (ईएमएस)। यहां इंग्लैंड के खिलाफ जारी तीसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले ही दिन भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की अंगुली में चोट लग गयी जिसके बाद उनकी जगह पर विकेकीपिंग करने के लिए ध्रुव जुरेल मैदान पर उतरे। ऋषभ के अब इस मैच मे विकेटकीपिंग करने की संभावना नहीं है। ऐसे में जुरेल ही विकेटकीपिंग संभालेंगे। जुरेल इस मैच में केवल विकेटकीपिंग ही करेंगे बल्लेबाजी नहीं कर पायेंगे। इसका कारण आईसीसी का एक नियम है। आईसीसी के इस नियम के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होता है तो उसका सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी ना तो गेंदबाजी कर सकता है और ना बल्लेबाजी या कप्तानी अंपायरों की सहमति से वह विकेट कीपिंज जरूर कर सकता है। नियमों में आगे कहा गया है, केवल एक नामित खिलाड़ी ही बल्लेबाजी कर सकता है और.ऐसा तब भी कर सकता है, जब पहले एक सबस्टीट्यूट प्लेयर ने उसके लिए काम किया हो।

# राधा यादव की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारत ए टीम

### श्रेयंका और टिटास शामिल



मुम्बई (ईएमएस)। साधू यादव की कप्तानी में भारत ए महिला टीम क्रिकेट टीम अगले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और तेज गेंदबाज टिटास साधु को भी को इस टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भारत ए टीम सात से 24 अगस्त के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एकदिवीसय और चार दिवसीय मैच खेलेगी।

श्रेयंका पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हुए महिला टी20 विश्व कप के बाद से ही फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। उन्हें सितंबर में महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) में खेलने के लिए गत चैंपियन बारबाडोस रॉयल्स ने पहले ही शामिल कर लिया है। टिटास फिट नहीं होने के कारण श्रीलंका में त्रिकोणीय सीरीज के अलावा इंग्लैंड में सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भी शामिल नहीं की गयीं थी।

श्रेयंका बीसीसीआई 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से अनुमति मिलने के बाद ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खेल पायेंगी। वहीं टिटास को खेलने की मंजूरी मिल गयी है। स्पिनर राधा इस सीरीज में टी20 के अलावा एकदिवसीय और चार दिवसीय मुकाबले के लिए टीम की कप्तान बनायी गयी हैं। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को भी सभी टीमों में शामिल किया गया है।

### टी20 टीम इस प्राकर हैः

राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिष्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

### वनडे और चार दिवसीय टीम :

राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि (उप-कप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल हसबनिस, राघवी बिष्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), धारा गुज्जर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु।

### दौर के टी20 मैच

भारत ए और ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम :
पहला टी20 मैचः 7 अगस्त (मैके)
दूसरा टी20 मैचः 9 अगस्त (मैके)
तीसरा टी20 मैचः 10 अगस्त (मैके)

### एकदिवसीय कार्यक्रम

पहला एकदिवसीय मैच : 13 अगस्त (ब्रिसबेन)
दूसरा एकदिवसीय मैचः 15 अगस्त (ब्रिसबेन)
तीसरा एकदिवसीय मैच : 17 अगस्त (ब्रिसबेन)
चार दिवसीय मैच : 21-24 अगस्त (एलन बॉर्डर फील्ड)



लंदन में पोलैंड की इगा स्वीटेक महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में जीत के बाद उत्साहित होती हुईं।

## जिम्बाब्वे ने त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए रजा को बनाया कप्तान

हरारे (ईएमएस)। जिम्बाब्वे ने ऑलराउंडर सिकंदर रजा को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के साथ होने वाली आगामी टी20 त्रिकोणीय सीरीज के लिए टीम का कप्तान बनाया है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस त्रिकोणीय सीरीज के लिए 16 सदस्तीय टीम घोषित की है। ये सीरीज 14 से 26 जुलाई तक हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी। जिसमें प्रत्येक टीम राउंड-रॉबिन चरण में मुकाबला करेगी जिसके बाद शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा। इस सीरीज के लिए जिम्बाब्वे की टीम में अनुभवी के साथ ही उभरते खिलाड़ियों को रखा गया है। टीम में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा के अलावा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजराबानी को भी रखा गया है। इसके अलावा युवा ऑलराउंडर ब्रायन बेनेट को भी शामिल किया गया है।

टीम में रयान बर्ल, टोनी मुनयोंगा और ताशिंगा मुसेकिवा भी शामिल हैं, जिन्होंने फरवरी में आयरलैंड के खिलाफ जिम्बाब्वे के पिछले टी20आई मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। टीम में तीन नए खिलाड़ी भी शामिल हैं जो टी20 प्रारूप में अभी तक नहीं खेले हैं जिनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज तफादज़्वा त्सिगा, बाएं हाथ के तेज गेंदबाज न्यूमैन न्यामहुरी और लेग स्पिनर विंसेंट मसेकेसा आदि हैं। जिम्बाब्वे इस त्रिकोणीय सीरीज में 18 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलने से पहले 14 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद 20 जुलाई को उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। वहीं 24 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से वह अपने राउंड-रॉबिन मुकाबलों का समापन करेगा। तालिका में शीर्ष दो टीमों का फाइनल 26 जुलाई को होगा।

**जिम्बाब्वे टीम** : सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ट्रेवर ग्वांडू, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, टिनोटेंडा मापोसा, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, विंसेंट मासेकेसा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड नगारवा, न्यूमैन न्यामहुरी, तफदजवा त्सिगा।

## जिम्बाब्वे और आयरलैंड से खेले मूर ने संन्यास लिया



मुम्बई (ईएमएस)। आयरलैंड के बल्लेबाज पीटर मूर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के मूर ने अपने करियर में 85 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आयरलैंड से पहले जिम्बाब्वे की ओर से खेला था। हरारे में जन्मे मूर ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इसी साल फरवरी में बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था।

इस क्रिकेटर ने नवंबर 2014 में, मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उन्होंने 2016 में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के खिलाफ अपना टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उनके 49 एकदिवसीय, 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 8 टेस्ट मैच ज़िम्बाब्वे के लिए खेले। उन्होंने अक्टूबर 2022 में आयरलैंड के लिए लिए अनुमति ली क्योंकि उनकी नानी की आयरिश विरासत के कारण उनके पास आयरिश पासपोर्ट था। उन्हें पहली बार मार्च-अप्रैल 2023 में बांग्लादेश और श्रीलंका के टेस्ट दौरों के लिए आयरलैंड की टीम में शामिल गया था। इसके बाद उन्होंने आयरलैंड के लिए सात टेस्ट मैच खेले।

मूर ने कहा, मुझे अब भी लगता है कि शीर्ष स्तर पर मेरे अंदर तीन या चार साल का अच्छा क्रिकेट खेलने का मौका है। भले ही पिछले कुछ सालों में मैं जिम्बाब्वे के लिए कुछ विश्व कप नहीं खेल पाया पर मुझे उम्मीद है कि मैं अगले विश्व कप में आयरलैंड के लिए खेल सकूंगा। हालांकि मूर ने आयरलैंड के लिए कभी कोई एकदिवसीय या टी20 मैच नहीं खेला। वहां जाने के बाद उनका टेस्ट प्रदर्शन भी गिर गया, जिम्बाब्वे के लिए आठ टेस्ट मैचों में उनका औसत 35.53 रहा जिसमें 5 अर्धशतक शामिल थे, लेकिन आयरलैंड के लिए उनका औसत केवल 14.35 रहा जिसमें एक अर्धशतक शामिल था।

## नीतिश ने कहा कमिंस और मोर्कल से सुझावों से मेरी गेंदबाजी बेहतर हुई

लंदन (ईएममएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां लॉर्ड्स में हुए तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में गेंदबाजी कर सभी का प्रभावित किया है। पहले ही दिन नितीश ने दो विकेट लिए। नितीश को मिली इस सफलता का कारण सही जगह पर गेंद फेंकना रहा है। इस क्रिकेटर ने अपनी अच्छी गेंदबाजी का श्रेय कोच मोर्ने मोर्कल और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान कप्तान पैट कमिंस को दिया है। रेड्डी ने पहले दिन जैक क्रॉली और बेन डकेट के विकेट लिए थे। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड दौरे से पहले आईपीएल मैचों के दौरान कमिंस से सलाह मांगी थी और उनकी सलाह से भी उन्हें काफी लाभ हुआ। कमिंस आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे थे।

## लारा ने मुल्डर से बात कर कहा,उन्हें मेरा रिकार्ड तोड़ना चाहिये था

बुलावायो (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कप्तान वियान मुल्डर से मुलाकात कर कहा है कि उन्हें मेरा 400 रनों का रिकार्ड तोड़ना था। इससे पहले वियान ने जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच में जब वह 367 रन बनाकर खेल रहे थे तभी पारी घोषित कर दी थी। जब उनसे पूछा गया कि पारी क्यों घोषित की गयी थी। तब इस क्रिकेटर ने कहा था कि वह महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का 400 रनों का रिकार्ड नहीं तोड़ना चाहते थे। उनका मानना था कि ये रिकॉर्ड इस महान क्रिकेटर के नाम पर ही रहना चाहिये। वहीं अब लारा ने मुल्डर से बात की है और कहा कि उन्हें उनका रिकॉर्ड तोड़ना चाहिए था। मुल्डर और लारा की यह बातचीत बुलावायो टेस्ट में मेजबान जिम्बाब्वे के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत के बाद हुई। इस मैच में मुल्डर ने टेस्ट इतिहास की पांचवीं सबसे बड़ी पारी का रिकॉर्ड बनाया।मुल्डर ने कहा, 'मैंने लारा से थोड़ी बहुत बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी खुद की विरासत गढ़ रहा हूं और मुझे उसके लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड्स टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दी कि भविष्य में मैं कभी भी उस स्थिति में रहूं तो मैं उससे भी ज्यादा रन बनाऊं, जितने उन्होंने बनाए थे।' इससे पहले वियान के पारी घोषित करने के फैसले की वेस्टइंडीज के ही आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल ने आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके कभी-कभार आते हैं और अगर मुल्डर की तरह उन्हें कभी ऐसा मौका मिला होता तो वह लारा का रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश जरूर करते। लारा से बातचीत के बाद भी मुल्डर घोषित करने के अपने फैसले को सही मानते हैं। उन्होंने कहा, यह सुपर स्पेशल था और कुछ ऐसा था जिसके बारे में मैंने सपने में भी नहीं सोचा होगा।

# करुण को नहीं सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारें : मांजरेकर



मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि आठ साल बाद टीम में शामिल किये गये करुण नायर को नंबर तीन पर नहीं उतारा जाना चाहिये। करुण इस सीरीज में अब तक असफल रहे हैं। वह दोनो ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। मांजरेकर ने कहा कि अभी इस बल्लेबाज को अवसर मिलने चाहिये क्योंकि एक-दो मैचों के आधार पर फैसला नहीं हो सकता। मांजरेकर ने इसके साथ ही केवल एक मैच के बाद बाहर कर दिये गये साई सुदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि वह प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है जिसे अभी अपने को साबित करने पर्याप्त अवसर मिलने चाहिये। साथ ही कहा कि सुदर्शन को नंबर तीन पर उतारना चाहिये।

वहीं करुण को पांचे क्रम पर अवसर देना चाहिये। मांजरेकर ने कहा, पिछले मैच में चयन जिस प्रकार हुए उनसे में सहमत नहीं हूं। एक जीत उन फैसलों को कैसी सही ठहरा सकत है। सिर्फ एक मैच के बाद साई सुदर्शन को टीम से बाहर कर देना समझ से परे है क्योंकि वह एक युवा खिलाड़ी हैं और हम भविष्य के लिए उन पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने दूसरी पारी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

मैं उनके साथ रहना चाहता हूं, लेकिन यह टीम प्रबंधन थोड़ा अलग है और वे माहौल के अनुसार बदलाव करने में पीछे नहीं हटता है। मांजरेकर ने सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारने की जरुरत बतायी। साथ ही कहा कि करुण इस जगह के लिए उपयोगी नहीं है। उन्होंने कहा, मैं सुदर्शन को तीसरे नंबर पर देखना चाहूंगा। मेरी नजर में करुण तीसरे नंबर के खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर सभी बड़े शतक लगा रहे हैं, तो उन्हें एक टेस्ट के बाद बाहर करना अनुचित है।

मुझे लगता है कि सुदर्शन भी और अवसर दिये जाने के अधिकारी हैं। मांजरेकर ने करुण के चयन और टीम में वापसी के भावनात्मक पक्ष का हवाला देते हुए उनका समर्थन करते हुए कहा कि उन्हें अभी अवसर मिलने चाहिये। करुण ने साल 2027-18 में इंग्लैंड के खिलाफ ही तिहरा शतक लगाया था। उसके बाद भी वह टीम में अपनी जगह नहीं बचा पाये थे।



टूर डी फ्रांस साइकिल रेस में जीत पर उत्साहित होते हुए बेन हियेले।

# बेंगाबाद में चल रहा था अवैध शराब तैयार करने की मिनी फैक्ट्री, पुलिस ने मारा छापा तो उड़ गए होश

## बरामद हुई शराब की पेटियां ओर शराब तैयार करने की सामाग्री





गिरिडीह. गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बड़कीटांड़ पंचायत के दालगंदो गांव में पिछले लम्बे समय से शराब माफियाओं के द्वारा मिनी शराब की फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था. इसका खुलासा तब हुआ जब पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली ओर फिर जब पुलिस दालगंदो गांव स्थित एक घर में छापेमारी करने पहुंची तो घर में रखे हुए नकली शराब ओर शराब बनाने की सामग्री देख कर पुलिस के होश उड़ गए. उक्त घर की तलाशी में पुलिस ने विभिन्न ब्रांडो के शराब से भरी बोतल जिसे कार्टून में पैक कर रखा गया था को जब्त कर लिया. वहीं बोरा में भरकर रखे खाली बोतल, विभिन्न ब्रांडो के कॉर्क, रैपर, स्टीकर, केमिकल से भरा जारकिन, स्प्रिट, खाली ड्रम, टूलू पंप सहित कई सामग्री भी बरामद किया. छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके पर एक से कार और घर के मालिक और दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार कर लिया. इस बाबत बेंगाबाद के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गयी है जिसमें मिनी शराब की फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया है. फिलहाल मामले की जांच पड़ताल चल रही है ओर मुख्य सरगना की पहचान करने के लिए गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है. जानकारी के अनुसार उक्त गांव में शहर के धंधेबाज स्थानीय युवकों की मदद से नकली शराब फैक्ट्री का संचालन कर विभिन्न स्थानों पर खपाने का काम कर रहा था.

## सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



रांची(ईएमएस)।सावन माह के पहले दिन रांची के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।यह श्रावण मास 30 दिनों तक चलेगा, जिसमें शिवभक्ति का उत्साह पूरे शहर में देखने को मिल रहा है।पहाड़ी मंदिर, सुरेश्वर धाम, श्री श्री प्राचीन इक्कीसो महादेव धाम (स्वर्णरेखा तट), लिंगेश्वर मंदिर (मधुकम) सहित शहर के सभी प्रमुख शिवालयों को फूल-मालाओं से सजाया गया।सुबह 4 बजे मंदिरों के पट खोल दिए गए।पहाड़ी मंदिर में ओमकारनाथ मिश्र और पिंटू पांडे उर्फ कबीर ने सर्वप्रथम पूजा-अर्चना की। सुबह से शाम तक शिवभक्त कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। भक्तों ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र अर्पित किए और घर की सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर समिति की ओर से रुद्राभिषेक, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया।सावन की पहली सोमवारी को हजारों शिवभक्तों की भीड़ पहाड़ी मंदिर में उमड़ने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं। मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर परिसर तक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।वहीं 13 जुलाई (रविवार) को श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन को पहुंचेंगे। 14 जुलाई (सोमवार) को सावन की पहली सोमवारी होगी। इस दिन कांवड़ियों के जत्थे पहाड़ी मंदिर पहुंचेंगे। सुबह 3:30 बजे से दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।श्रावण मास के विशेष दिनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा रातू रोड दुर्गा मंदिर और हरमू रोड शनिमंदिर के सामने बैरिकेडिंग की गई है। रविवार और सोमवार को इन मार्गों पर वाहनों का आवागमन कठिन हो जाएगा, क्योंकि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ने वाली है।

## कोयलांचल पत्रकार संघ का 34वाँ स्थापना दिवस मनाया गया



लोयाबाद।कोयलांचल पत्रकार संघ के शालीमार स्थित मुख्य कार्यालय में शुक्रवार को 34 वाँ स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान संघ के पुराने दिवंगत साथियों को याद कर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुख्तार अहमद, समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव, सचिव संजय पांडेय, महामंत्री राहुल मिश्रा, अध्यक्ष सुनील सिंह, संरक्षक सीडी मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, सह कोषाध्यक्ष काजल राय ने चित्र पर माला पहनाकर व पुष्प अर्पित कर कलम के सिपाहियों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिसके बाद बारी बारी से सभी पत्रकार साथियों ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं संयुक्त रूप से केक काटा गया। इस दौरान संघ की ओर से सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अंगवस्त्र एवं कलम देकर उन्हें सम्मानित किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा कि जब पत्रकारों पर उत्पीड़न की घटना बढ़ गई थी। तब उनके आवाज को उठाने के लिए 11 जुलाई 1992 को कोयलांचल पत्रकार संघ की स्थापना की गई थी। संघ ने पत्रकारों की अनेक लड़ाइयां लड़ी। साथ ही पत्रकारों को सम्मान दिलाने का काम किया। जो आज भी ऐतिहासिक रही। कहा जिले में पत्रकारों का एकमात्र संगठन कोयलांचल पत्रकार संघ है। संगठन की एकजुटता ही हमारी शक्ति है। संघ को जहां भी हमारी जरूरत पड़ेगी, हम साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों से चिंतन शिविर लगाने की बात कही। कोयलांचल पत्रकार संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संघ ने कई उतार चढ़ाव देखे हैं। संघ की मजबूती का प्रयास करे। संगठन का विस्तार करें। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कोयलांचल पत्रकार संघ के महामंत्री राहुल मिश्रा ने कहा कि संघ एक परिवार हैं। जहां कोई बड़ा छोटा नहीं। पत्रकारों के हितों एवं सम्मान की रक्षा करना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। संघ पत्रकारिता क्षेत्र के साथ समाजिक कार्यों में भी बढ़चढ़ कर कार्य कर रहा है। अध्यक्षता कर रहे संघ के अध्यक्ष सुनील सिंह ने पत्रकारों को अपने दायरा में रहकर कार्य करने की बात कही। कहा अगस्त माह में चिंतन शिविर लगाया जाएगा। जल्द ही तिथि की घोषणा की जाएगी। संघ के सचिव अरुण कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।मौके पर गोविंदपुर क्षेत्रीय प्रभारी अवधेश कुमार, पवन कुमार गुप्ता, जितेंद्र सिंह, आशीष घोष, गणेश तिवारी, मंगल सिंह, जिष्णु गोपाल सिंह, मनोज यादव, सूर्यभान मिस्त्री, सतेंद्र चौहान, कृष्णा चौरसिया, जगत नारायण पाठक, शशि मिश्रा, दीपक गुप्ता, गुलजार आलम, राजेंद्र कुमार, एहसान जख्मी, राजकुमार तांती, शिवम पांडेय, आदि पत्रकार साथी उपस्थित थे।

## आसनबनी के रैयतों के साथ किसी भी कीमत पर अन्याय नहीं होने दी जाएगी : प्रवीण कुमार सिंह

बलियापुर।सेल के टासरा कोल प्रोजेक्ट के अंतर्गत विस्थापितों के पुनर्वास हेतु आसनबनी मौजा में 41.11 एकड़ जमीन भू अर्जन की प्रक्रिया के तहत अधिग्रहित की गई है, जिसमें कुल 379 रैयतों को चिन्हित करते हुए लगभग 60 करोड रुपए की राशि का अवार्ड घोषित किया गया है। 379 में से लगभग 350 रैयतों ने जमीन के बदले भुगतान प्राप्त कर लिया है। कुछ शेष बचे हुए रैयत जिनका हिस्सेदारों में आपसी विवाद, जमीन के दस्तावेज में त्रुटियां एवं अन्य कई कारणों से राशि भुगतान नहीं ली गई है उन्हें भुगतान किया जा रहा है। अंचल अधिकारी बलियापुर में बताया कि किसी भी रैयत की 1 इंच जमीन बिना भुगतान किए नहीं ली जाएगी। जमीन की मुआवजा राशि के अलावा प्रत्येक परिवार को साढे 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। जमीन पर जो भी घर या दुकान निर्मित है उसका मुआवजा अलग से दिया जा रहा है। जिन जमीनों में फसल लगी हुई है उसकी भी क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जा रहा है।किसी भी रैयत के साथ किसी भी प्रकार का कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। न्यायपूर्ण तरीके से जमीन ली जा रही है। आज पूरे 41.11 एकड़ जमीन का सीमांकन कर उसकी घेराबंदी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अंचल अधिकारी ने बताया कि यदि कोई ऐसे रैयत हैं जिन्हें कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है या अन्य कोई शिकायत है तो वह तुरंत जिला भू अर्जन कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्हें उनकी जमीन का भुगतान अवश्य किया जाएगा। जमीन सीमांकन के क्रम में प्रशासन को हल्का विरोध का सामना करना पड़ा। अधिग्रहण की प्रक्रिया में दंडाधिकारी के रूप में अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी बालकिशोर नाथ शाहदेव एवं वरीय पदाधिकारी के रूप में जिला भू अर्जन पदाधिकारी रामनारायण खलखो उपस्थित थे। पुलिस बल के तरफ से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंदरी, थाना प्रभारी बलियापुर आशीष भारती, थाना प्रभारी गौशाला रवि कुमार सिंह, थाना प्रभारी तीसरा सुमन कुमार, थाना प्रभारी पाथरडीह, अवर निरीक्षक मृत्युंजय तिवारी, अवर निरीक्षक अशोक कुमार मेहता एवं बलियापुर थाना के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रेस क्लब ने लगाया निशुल्क कांवरिया सेवा शिविर



डुमरीःपूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रेस क्लब डुमरी द्वारा प्रेस क्लब प्रांगण में श्रावणी मेला के अवसर पर निःशुल्क कांवरिया सेवा शिविर की शुरूआत की गयी जिसका उद्घाटन गुरूवार को सीओ शशिभूषण वर्मा इंस्पेक्टर राजेन्द्र प्रसाद जिप सदस्या सुनीता कुमारी बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो भाजपा नेता जिवाधन महतो आजसू नेता छक्कन महतो सामाजिक कार्यकर्ता डीके पहाड़िया झामुमो नेता राजकुमार पांडेय विहिप जिला अध्यक्ष रामकिशोर शरण आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर किया।इस दौरान दर्जनों जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।उद्घाटन कार्यक्रम में आजसू विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी पूर्व मुखिया अजीत कुमार भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार झामुमो नेता पंकज कुमार झाएकिमयू केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेन्द्र पांडेय युवा कांग्रेस नेता गुड्डु मलिक सामाजिक कार्यकर्ता मानिकचंद महतो शिबू स्वर्णकार,कमलेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।अपने संबोधन में सीओ ने कहा कि कांवरियों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का काम है।कहा कि प्रेस क्लब में कांवरियों को भोजन एवं ठहरने की निःशुल्क व उत्तम व्यवस्था उपलब्ध रहती है,वह बेहद प्रशंसनीय है।वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शिविर का यह 9वां वर्ष है।बताया कि शिविर में कांवरियों के लिए बिस्कुट,चाय,भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था पूरी तरह से निःशुल्क है।इस दौरान पत्रकार मनोज सिंह,शशि जायसवाल,बिरेन्द्र कुमार सिन्हा,आशीष जायसवाल सहित नंदन सिन्हा,रवि सिन्हा,मुकेश कुमार,कामाख्या नारायण,रवीन्द्र कुमार,घनश्याम सिंह,सूरज मंडल आदि सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### लोयाबाद में बांसजोड़ा के दो लोगों पर बिजली चोरी का आरोप

लोयाबाद।लोयाबाद में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के आदेश पर शुक्रवार को बिजली चोरी के आरोप में बांसजोड़ा के दो लोगों पर एफआईआर करने का आवेदन दिया है। विभाग द्वारा 6 नंबर निवासी बीसीसीएल कर्मी मनोहर नोनियां के आवास में छापेमारी की। मनोहर मीटर से बायपास कर बिजली उपयोग करते पाया गया। इस पर 21002 रू का जुर्माना लगाया गया।वहीं बांसजोड़ा के पुनित सिंह और शेबून खातुन पर 16802 रू का जुर्माना लगाया गया। इन दोनों पर बायपास कर बिजली जलाने का आरोप है।छापेमारी में सहायक विद्युत अभियंता मंतोष रवानी,कनीय अभियंता सूरज दास,अवनीश कुमार,महावीर महतो आदि शामिल थे।

## राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में अंतर सदनीय वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

### प्रतियोगिता से प्रतिभा निखरती है, सुमंत कुमार मिश्रा,





धनबाद, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद में अंतर सदनीय भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गोदावरी ,सिंधु, यमुना एवं गंगा इन चार सदनों के दो दो प्रतिभागी सम्मिलित हुए। नौवीं कक्षा से 12 वीं कक्षा तक के प्रतिभागियों के लिए" विश्व को युद्ध चाहिए या बुद्ध चाहिए" विषय रखा गया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिंधु सदन के शिवेंद्र तिवारी, द्वितीय स्थान सिंधु सदन के ही प्रत्यूष चौधरी, गंगा सदन के फहद खान तृतीय स्थान पर रहे। वहीं छठी से आठवीं तक के बच्चों के लिए कविता पाठ का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान गंगा सदन के अविनाश प्रताप, द्वितीय स्थान यमुना सदन के अंकित गोस्वामी एवं तृतीय स्थान गंगा सदन के प्रतीक वर्णवाल को प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता से प्रतिभा निखरती है।बार-बार प्रतियोगिता में भाग लेने से झिझक भी टूटती है। साथ ही तार्किक क्षमता का विकास होता है। श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने एवं विजयी होने से आत्म बल बढ़ता है। विश्व को युद्ध चाहिए या बुद्ध चाहिए विषय पर युद्ध के पक्ष में बोलने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि हमें शत्रुओं को जवाब शस्त्र से ही देना चाहिए। अन्यथा ऐसा न करने से शत्रु हमें कमजोर समझता है। दुनिया को बुद्ध चाहिए इस विषय पर वक्ताओं ने कहा कि शांति, सत्य, प्रेम, अहिंसा के मार्ग से भी हम दुनिया को जीत सकते हैं और यह जीत जो प्रेम से होती है वह स्थाई भी होती है। कविता पाठ प्रतियोगिता में गंगा सदन के अवनीश प्रताप को प्रथम स्थान, यमुना सदन के अंकित गोस्वामी को द्वितीय एवं गंगा सदन के ही प्रतीक वर्णवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।इन प्रतिभागियों ने विभिन्न कवियों की ओजस्वी कविता का वाचन किया। इनके अलावा अक्षत कुमार, निशीथ कश्यप, विनायक स्वर्णकार , जीतांशु गुप्ता, अंकित गोस्वामी, प्रतीक मिश्रा, प्रतीक वर्णवाल ,अवनीश प्रताप, रूद्र, प्रत्यूष चौधरी ,आदर्श, आलोक आर्यन सिंह, फहद खान एवं आरव गौतम ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष, राकेश कुमार मिश्रा एवं हिंदी की शिक्षिका रेणु सिन्हा ने निर्वहन किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी कमल नयन , पार्थ सारथी सरकार , आशा प्रसाद, अर्चना झा एवं मीना कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## पूर्व सांसद के 76वें जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा तांता





धनबाद । राजनीति के अजातशत्रु अभिवाहक तुल्य धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह के जन्मदिन को बड़े ही हर्षोल्लास के उनके आवास पर मनाया गया। अपराजित राजनीतिक जीवन व्यतीत करने वाले पशुपति नाथ सिंह का कोई सानी नहीं है सभी के साथ सम्मिलित होकर अच्छे व्यवहार के लिए देश में जाने जाते हैं। वार्ड काउंसलर से विधायक , शिक्षा मंत्री, उद्योग मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष , सांसद की जिम्मेवारी निर्वहन करते हुए आज भी संगठन में बड़े ही उत्साहपूर्वक अग्रसर हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनके आदर्श है। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने चरण स्पर्श कर पशुपति नाथ सिंह से आशीर्वाद मांगा और सुखमय जीवन की कामना की। आज सुबह सुबह पूर्व सांसद ने लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए कार्यकर्ता के आग्रह पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। शुभकामना देने वाले लोगों में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद नगर निगम के पूर्व महापौर चंद्र शेखर अग्रवाल, झरिया विधायिका रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शरद महतो, सिंदरी पूर्व विधायक इंद्र जीत महतो पत्नी तारा देवी, निरसा पूर्व विधायिका अर्पणा सेन गुप्ता, बोकारो पूर्व विधायक विराँची नारायण, पूर्व विधायक चंदन क्यारी अमरबौरी, धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण यादव, पूर्व अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, राज कुमार अग्रवाल, महानगर महामंत्री नितिन भट्ट, मानस प्रसून, उपाध्यक्ष संजय झा, रामदेव प्रसाद महतो, मनोज मालाकार, उचित महतो, शेखर सिंह, प्रितपाल अजमानी, ओबीसी मोर्चा उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल पूर्वी आई टी सेल संयोजक सह झारखंड प्रदेश ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश आई टीसेल संयोजक जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा मार्ग दर्शक सूरजनाथ सिंह, राम मोहन सिंह, श्याम मोहन सिंह, बोकारो के वरिष्ठों में एक हरे राम मिश्र, विद्या सिंह, रविन्द्र सिन्हा , प्रभात सिन्हा, अशोक सिन्हा, कपिल पासवान, जयनाथ रवानी, सदानंद वर्णवाल, आनंद खंडेलवाल, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमलेश सिंह, महामंत्री तमाल मिश्रा, मनोज सिंह मुखिया , विकास कुमार,उमेश सिंह , चुन्ना सिंह, राजीव रंजन, मौसम सिंह, प्रभात कुमार, सुरेश महतो, अरुण सिंह , बच्चा सिंह , पूर्व भूली मंडल अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, महामंत्री बबलू सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी प्रयाग राज रविदास , जितेंद्र मालाकार, अमन कुमार , अमित कुमार, इत्यादि के साथ सभी छह विधान सभा के वरिष्ठतम नेता कार्यकर्ता गणों ने शुभकामना संदेश फोन पर और मिलकर देने का काम किया।

## केएल राहुल का अर्धशतक, पंत के साथ 30 रन की साझेदारी, भारत का स्कोर 130 के पार



लंदन । भारत और इंग्लैंड के बीच जारी लॉर्ड्स टेस्ट (तीसरा मुकाबला) का दूसरा दिन है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहली पारी में 10 विकेट पर 387 रन बनाए। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है।केएल राहुल ने 96 गेंदों में अपना 19वां अर्धशतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और ऋषभ पंत के साथ 25 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। भारत का स्कोर 130 के पार पहुंच गया।क्रिस वोक्स ने शुभमन गिल को आउट कर भारत को तीसरा झटका दिया है। पिछले टेस्ट में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले कप्तान गिल तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और 16 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिए राहत की बात यह है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिए उतर गए हैं। पंत पहले दिन चोटिल हो गए थे और उन्होंने आज विकेटकीपिंग नहीं की थी। भारत को दूसरा झटका बेन स्टोक्स ने दिया। उन्होंने करुण नायर को अपना शिकार बनाया। वह 62 गेंदों में 40 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने केएल राहुल के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी निभाई। जो रूट ने करुण का कैच लपककर उन्हें आउट कराया। अब केएल का साथ देने शुभमन गिल आए हैं।

तीसरे सत्र का खेल जारी है। करुण नायर और केएल राहुल क्रीज पर हैं। भारत का स्कोर 50 के करीब पहुंच गया है।भारत ने पहली पारी में एक विकेट गंवा दिया। जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 13 रन बना पाए। अब क्रीज पर केएल राहुल और करुण नायर मौजूद हैं। चायकाल तक भारत ने एक विकेट पर 44 रन बना लिए हैं। भारत को पहला झटका जोफ्रा आर्चर ने दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। वह आठ गेंदों में सिर्फ 13 रन बना पाए। अब केएल राहुल का साथ देने करुण नायर आए हैं।भारत की पहली पारी शुरू हो चुकी है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर मौजूद हैं। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 387 रन बनाए हैं।इंग्लैंड की पहली पारी 387 रन पर सिमट गई। उनके लिए जो रूट ने शतकीय और जेमी स्मिथ व ब्रायडन कार्स ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने पहले दिन का खेल चार विकेट पर 251 रन बनाकर समाप्त किया था। उस वक्त जो रूट 99 और बेन स्टोक्स 39 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।दूसरे दिन इंग्लैंड की शुरुआत खराब हुई। बुमराह ने पहले सत्र में तीन विकेट झटके।

## बूथ लेवल पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया

गिरिडीह, आज गिरिडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध तृतीय दिवस के प्रशिक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंथू महतो के द्वारा 32 गिरिडीह विधानसभा एवं एवं 31 गांडेय विधानसभा के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति बूथ लेवल पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग एवं राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के आलोक में पीपीटी के माध्यम से एवं डमी प्रपत्रों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी बूथ लेवल पदाधिकारियो को को गणन प्रपत्र, भवनों का मानकीकरण, नजरी नक्शा का टैगिंग, प्रपत्र 6 ,7 ,8,घोषणा प्रपत्र एवं पुनरीक्षण के हेतु मानक वर्ष 2003 के वोटर लिस्ट के बारे में बताया गया। सभी ट्रेनी बूथ लेवल पदाधिकारियों को ट्रेनिंग के उपरांत लाइव रॉल प्ले डेमो के माध्यम से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। सभी बूथ लेवल पदाधिकारी को डमी प्रपत्रों में निर्धारित कॉलम एवं शर्तों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गिरिडीह प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गणेश रजक ने भी संबोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर बृजेश कुमार गुप्ता, बद्रीनारायण एवं विजेंद्र सेठ उपस्थित रहे। कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में रंजीत कुमार वर्मा अशोक कुमार भी अपना योगदान दिए।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

## सिविल सर्जन ने सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





धनबाद, विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन को लेकर शुक्रवार को जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत धनबाद सदर अस्पताल से हुई। इसे सिविल सर्जन डॉ० आलोक विश्वकर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य समुदाय में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि लोग इस सेवा का आसानी से लाभ उठा सकें। यह विशेष अभियान आज से 30 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस दौरान जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में परिवार नियोजन से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस जनसंख्या से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने और जनसंख्या वृद्धि की चुनौतियों पर लोगों को जागरूक करने का अवसर होता है। इस वर्ष की थीम, मां बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही है।

इसके बाद सिविल सर्जन ने सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर 30 दिनों तक प्रचार-प्रसार करेगा। वहीं जिले के सभी प्रखंडों में अगले 15 दिनों तक यह रथ भ्रमण कर लोगों को परिवार नियोजन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।

मौके पर डॉ० रोहित गौतम, डॉ० अनीता चौधरी, डीपीएम, नीरज कुमार यादव, रेखा सिंह, पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि प्रेम कुमार, अभिजीत कुमार, मनोवर आलम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## जन शिकायत के प्रभारी पदाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन के निर्देशानुसार प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत, नियाज अहमद ने समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा हटाने, आर्म्स लाइसेंस निर्गत करने, ऑनलाइन रसीद में सुधार करने, जबरन दुकान खाली करने की धमकी देने पर कार्रवाई करने, प्रधानमंत्री आवास एवं बुआ आवास आवंटन में अनियमित की जांच करने, आयुष्मान कार्ड निर्माण करने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आंगनबाड़ी पोषण सखी का वेतन देने, अंक प्रमाण पत्र एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र निर्गत करने, भूमि से अवैध कब्जा हटाने, दाखिल खारिज करने, बाउंड्री वॉल में अवरोध करने वालो पर कार्रवाई करने, चौकीदार की दूसरी लिस्ट जारी करने, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने, आंगनबाड़ी सेविका के चयन करने, श्मशान घाट का रास्ता निर्माण करने समेत कई विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।उन्होंने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नियमानुसार आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## मुखिया जालिम रजक ने लगाए गए आरोपों को बताया बेबुनियाद

### कहा छवि खराब करने की हो रही साजिश,



बाघमारा, (धनबाद), बाघमारा प्रखंड अंतर्गत बेहराकुदर पंचायत के मुखिया जालिम रजक ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला एक पारिवारिक झगड़े का है। जिसे आधार बनाकर उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश रची जा रही है।मुखिया ने कहा कि पंचायत के कुछ तथाकथित जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मामले को अनावश्यक रूप से तूल दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कायदे में रहिएगा तो फायदे में रहिएगा, वरना अगर काला चिट्ठा खोलना शुरू किया तो कई चेहरों से नकाब हट जाएगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदिका पायल कुमारी के पति मोहन दास द्वारा स्व०अभिप्रमाणित वंशावली व खतियान प्रस्तुत किया गया था। जिसके आधार पर ही उन्होंने दस्तावेजों का सत्यापन किया। ऐसे में शिकायतकर्ता लक्ष्मी कुमारी द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं और यह उन्हें बदनाम करने की सोची-समझी चाल है।वहीं मोहन दास ने भी मुखिया के समर्थन में बात करते हुए कहा कि वंशावली उनके ही परिवार के सदस्य व प्रज्ञा केंद्र संचालक रमन कुमार द्वारा तैयार की गई थी। उन्होंने दावा किया कि वह और लक्ष्मी कुमारी दोनों चामु महरा के वंशज हैं। इसलिए विवाद का कोई औचित्य नहीं बनता।पूरे मामले में मुखिया जालिम रजक ने खुद को बेवजह घसीटे जाने की बात कही और सच्चाई जल्द सामने आने का भरोसा जताया।

# पुलिस की पाठशाला में बच्चों को पढ़ाया गया अनुसाशन व कानून का पाठ




धनबाद, बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बिराजपुर हाई स्कूल में शुक्रवार को पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम आयोजित की गई । एसएसपी, प्रभात कुमार के निर्देशानुसार बरवाअड्डा थाना प्रभारी रजनीकांत ने बच्चों को अनुशासन व कानून का पाठ पढ़ाया।पुलिस की पाठशाला के दौरान छात्र-छात्राओं से यातायात नियम, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, नशे से बचाव एवं घरेलू हिंसा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए बचाव की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व सेहत पर भी ध्यान देने की सीख दी। इस दौरान वहां मौजूद छात्र,छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि कभी भी किसी तरह की समस्या हो, तो सीधे 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दें। पुलिस की टीम समय पर पहुंचकर आपकी मदद करेगी। साइबर अपराध का शिकार होने पर उन्होंने 1930 नंबर डायल कर शिकायत दर्ज कराने को कहा गया। सड़क पार करते समय विशेष सावधानी बरतने के अलावा बारिश के दिनों में बिजली के खम्भे व विद्युत उपकरणों से दूर रहने की भी सलाह दी गई।

## शनिवार को सदर अस्पताल के सर्जरी में रहेंगे डॉ. प्रभात कुमार, शिशु रोग में डॉ. राजेंद्र कुमार

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन के निर्देश पर सदर अस्पताल में शनिवार को मौजूद रहने वाले चिकित्सकों की सूची जारी की गई है। शनिवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में डॉ० पीपी पांडेय और डॉ० एपिल टोपनो रहेंगे। जबकि हड्डी रोग में डॉ० हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉ० प्रभात कुमार, नेत्र में डॉ० सरोजिनी मुर्मू, दंत रोग में डॉ० स्नेहा केसरी, शिशु रोग में डॉ० राजेंद्र कुमार, मनोरोग में डॉ० मीनाक्षी दुबे तथा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉ० सुरभि रहेंगे। वहीं गायनी इमर्जेंसी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ० अंजना कुमारी, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉ० रूमा प्रसाद तथा रात 8 बजे से रविवार सुबह 8 बजे तक डॉ० संध्या तिवारी रहेंगे। जेनरल इमर्जेंसी में दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक डॉ० नीलम बाला तथा रात 9 बजे से रविवार सुबह 9 बजे तक डॉ० एम, आलम रहेंगे।

## पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे के निधन पर सत्यदेव पाठक ने व्यक्त किया शोक

धनबाद । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री सत्यदेव पाठक ने धनबाद के पूर्व सांसद श्री चंद्रशेखर दुबे ( ददई दुबे) के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। श्री पाठक ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतृप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री पाठक ने बताया कि मुझे जानकार यह अत्यंत दुःख हुआ कि कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं ट्रेड यूनियन के कर्मठ कार्यकर्ता श्री ददई दुबे जी का निधन हो गया। वे एक समर्पित समाजसेवक, प्रतिबद्ध कार्यकर्ता एवं उत्कृष्ट राजनेता थे। बहुआयामी प्रतिभा के धनी श्री दुबे धनबाद लोक सभा से सांसद रहे और प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। मूल्य आधारित राजनीति के प्रखर प्रवक्ता रहे दुबे जी जनता की मुखर आवाज थे।सौम्य व्यक्तित्त्व, कुशल सांगठनिक क्षमता, ओजस्वी वक्ता और जनता से जुड़ी समस्याओं को उठाने वाले एक जुझारू नेता के रूप में श्री दुबे सदैव याद किये जायेंगें। उनके निधन से देश ने राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन के एक महत्त्वपूर्ण कार्यकर्ता एवं कुशल मार्गदर्शक को खो दिया है। श्री दुबे का निधन मेरे लिए एक व्यक्तिगत क्षति है।दुःख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता हूँ। साथ ही भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को धैर्य और साहस प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

# धनबाद में मोटरसाइकिल चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार, 6 बाइक बरामद




चिरकुंडा, (धनबाद), बीते 10 जुलाई की रात करीब 8 बजे कालूबथान ओपी प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि निरसा थाना कांड संख्या 375/25 से चोरी हुई मोटरसाइकिल पिंड्राहाट से कलियासोल की ओर जा रही है। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, निरसा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर चेकिंग अभियान चलाया गया।करीब 8:30 बजे दो बाइक सवारों को रोकने का प्रयास किया गया। जिसमें एक आरोपी को मोटरसाइकिल सहित पकड़ा गया। जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे और झाड़ियों का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम विजय महतो उर्फ हरिबोल महतो, निवासी सावलापुर, पाथरडीह बताया।

उसके पास से चोरी की पैशनप्रो बरामद की गई।छानबीन के क्रम में भागे आरोपी का नाम उमेश महतो, निवासी परसबनिया, बलियापुर बताया गया। मौके से छोड़ी गई दूसरी बाइक स्प्लेंडर थी।आगे की पूछताछ में विजय महतो ने अपने अन्य साथियों के नाम बताए, जिनमें से बिट्टू महतो उर्फ विकास महतो, बेनागड़िया, चिरकुंडा और रॉकी यादव,भालुकसुंडा, गोपीनाथपुर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कुल 6 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। अभियुक्तों का रहा हैं आपराधिक इतिहास,विजय महतो, निरसा व बलियापुर थानों में चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले,बिट्टू महतो, निरसा और चिरकुंडा थानों में पूर्व से दर्ज मामले, रॉकी यादव, बलियापुर थाना में वर्ष 2021 में चोरी का मामला, टीम में पुलिस अधिकारीयों में पु.अ.नि. नितेश कुमार मिश्रा, प्रभारी,कालूबथान ओपी,पु.अ.नि. प्रभात रंजन राय, प्रभारी, पंचेत ओपी, स.अ.नि. अरुण कुमार, दुबराज महली, संतोष कुमार,हवलदार सकेन्द्र राम,आरक्षी गिरिवर राम, शामिल थे।इस पूरे अभियान से पुलिस को बाइक चोरी के अंतरजिला गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। मामले की आगे जांच की जा रही है।

## धनबाद में बिना मुआवजा काम करने पर बवाल, पुलिस लाठीचार्ज में दर्जनों ग्रामीण घायल



धनबाद(ईएमएस)।जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र के आसानबनी गांव में शुक्रवार को उस स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) प्रबंधन आमने-सामने हो गए,ग्रामीणों का आरोप है कि सेल प्रबंधन बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन पर कार्य शुरू करा रहा था, जिसके विरोध में उन्होंने प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और विरोध कर रहे ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया।इसमें दर्जनों ग्रामीण घायल हुए हैं। पुलिस ने कई ग्रामीणों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति नियंत्रित करने के प्रयास में जुटे हैं।बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि यह विवाद सेल के झरिया अंचल स्थित टासरा प्रोजेक्ट से जुड़ा है। रिहैबिलिटेशन के लिए आसनबनी गांव में भूमि अधिग्रहण के तहत लगभग 41 एकड़ जमीन ली गई थी।इस परियोजना के लिए 60 करोड़ रुपए की अवार्ड राशि घोषित की गई थी, जिसमें कुल 379 रैयत शामिल थे। इनमें से 350 रैयतों को भुगतान किया जा चुका है, जबकि कुछ रैयतों का भुगतान बाकी है।उन्होंने दावा किया कि सीमांकन का कार्य वैधानिक प्रक्रिया के तहत किया जा रहा था। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बल प्रयोग से इंकार किया है।वहीं स्थानीय ग्रामीण अमित महतो ने आरोप लगाया कि सेल कंपनी द्वारा जबरन जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है।ग्रामीण 2017 से इसका विरोध कर रहे हैं, लेकिन उनकी बात अब तक नहीं सुनी गई। महतो के अनुसार आज की कार्रवाई में कुछ लोगों के मकान तोड़ दिए गए।कोचिंग सेंटर भी तोड़ दिया गया। डीसी व जनप्रतिनिधियों को कई बार आवेदन के माध्यम से मामले की जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।उन्होंने कहा कि जब तक रोजगार और पूरा मुआवजा नहीं मिलेगा, वे जमीन नहीं छोड़ेंगे।

## स्कॉलरशिप का सर्टिफिकेट वितरण के दौरान छात्र-छात्राओं ने किया हंगामा




राजगंज,( धनबाद), राम गोविंद ग्रुप ऑफ कॉलेज कोडरमा, जे सी एस टी के तत्वाधान में 1 मई 2025 को धनबाद जिला के कई विद्यालयों से छात्र छात्राओं का राजगंज इंटर कॉलेज में परीक्षा ली गई। जिसमें सैकड़ो छात्राओं ने भाग लिया था। जिसका 11 जुलाई 2025 को परीक्षा फल प्रकाशित किया जाना था। इस दौरान राजगंज स्थित बिटिया मैरिज हॉल, राजगंज में आयोजित सर्टिफिकेट वितरण के दौरान राम गोविंद ग्रुप के द्वारा 300 मांगे जाने को लेकर छात्र-छात्राओं ने किया हंगामा। जिसमें एक लड़की बेहोश हो गई। जिसे बगल के क्लीनिक में ले जाया गया । जहां उसका इलाज किया गया। वहां रखे कुर्सी टेबल तोड़े गए। साथ ही साथ राम गोविंद ग्रुप के सदस्यों के साथ भी मारपीट भी की गई। वहां छात्रों से लिए गए रुपया को कुछ लड़के लेकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राजगंज पुलिस पहुंची और मामला किसी तरह शांत करवाया। बाद में सर्टिफिकेट का वितरण किया गया।

# बस मालिकों एवं ट्रांसपोर्टरों के साथ सहायक श्रम आयुक्त ने की बैठक

### श्रम कानूनों के अनुपालन को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश,



धनबाद, सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, धनबाद के प्रकोष्ठ में सहायक श्रमायुक्त, प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के बस मालिकों एवं ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के साथ श्रम कानूनों के अनुपालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के आलोक में किया गया। जिसमें मोटर परिवहन कर्मचारी अधिनियम, 1961 के अंतर्गत बस चालकों, खलासियों एवं अन्य कर्मचारियों के कार्य अवधि को प्रतिदिन अधिकतम 8 घंटे निर्धारित करने की बात कही गई। सहायक श्रम आयुक्त ने सभी बस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों को हर माह की 7 तारीख तक मजदूरी का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 का सही अनुपालन सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों को खाता के माध्यम से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने तथा मोटर वाहन उपक्रमों में किसी भी स्थिति में नाबालिगों की नियुक्ति नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए। श्रम विभाग द्वारा सभी बस मालिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई ताकि परिवहन क्षेत्र में कार्यरत सभी श्रमिकों को उनके अधिकार प्राप्त हो सकें तथा श्रम कानूनों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में बीसीसीएल के उप प्रबंधक प्रतीक आर्यन, सीनियर मैनेजर शेखर सुमन, एमपीएल के ट्रांसपोर्टर, एसीसी के ट्रांसपोर्टर , बस मालिक एव कार्यालय कर्मी मन्नू सिन्हा , इंद्रजीत कुमार , प्रत्यूष कुमार आदि बस मालिकगण उपस्थित रहे।

## बीसीसीएल से सेवानिवृत्त हुए राजकुमार नोनियां अपने चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए एक साल से काट रहे हैं विभागीय कार्यालयों के चक्कर



लोयाबाद। बीसीसीएल के निचितपुर कोलियरी से सेवानिवृत्त कर्मचारी राजकुमार नोनियां एक साल से अपने चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। राजकुमार सितंबर 2024 में सर्वे विभाग से वरीय हेडचेन मैन के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने बताया कि सीपीआरएमएस योजना के तहत उन्हें मेडिकल कार्ड संख्या 11685 जारी किया गया था, जिसकी वैधता 19 सितंबर 2024 तक थी और उन्होंने समय पर इसका नवीनीकरण भी करवा लिया था। इस दौरान उन्होंने और उनकी पत्नी ने इलाज के उपरांत विभिन्न तिथियों में कुल 6267 रुपये के चिकित्सा बिल कोलियरी कार्यालय में जमा किए। हालांकि, कंपनी द्वारा अब तक केवल 1974 रुपये के एक बिल का ही भुगतान किया है। शेष बिलों के भुगतान के लिए उन्हें आज तक दौड़ाया जा रहा है।अंततः थक-हारकर उन्होंने 23 मई को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अपील दायर की है।राजकुमार ने कहा वह उसी कंपनी से रिटायर हुए हैं, फिर भी यह हाल है। अगर वह न रहें तो मेरे आश्रितों का क्या होगा।यह सिर्फ मेरा मामला नहीं है,औरों के साथ भी ऐसा हो सकता है या हो चुका होगा। हम अंतिम सांस तक यह लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने 5 मई को कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी को एक पत्र सौंपकर संबंधित कर्मी पर जानबूझकर लापरवाही का आरोप लगाया था और जल्द भुगतान की मांग की थी। बताया जा रहा है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए चिकित्सा बिलों का समय पर भुगतान एक गंभीर एवं संवेदनशील मुद्दा बनता जा रहा है। देरी या अस्वीकृति के कारण कई बुजुर्ग कर्मचारियों को वित्तीय संकट से गुजरना पड़ता है, खासकर तब जब वे पूरी तरह से अपने चिकित्सा खर्च के लिए इस सुविधा पर निर्भर होते हैं। इस विषय में पूछे जाने पर कोलियरी के कार्मिक पदाधिकारी निलेश जोशी ने बताया कि राजकुमार नोनियां की मेडिकल फाइल एरिया कार्यालय को भेज दी गई है और जल्द ही भुगतान कर दिया जाएगा।जब उनसे देरी का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा, संभवतः फंड की अनुपलब्धता के कारण विलंब हुआ। जैसे ही फंड उपलब्ध होगा शेष भुगतान कर दिया जाएगा।वहीं सिजुआ एरिया फाईनेंस मैनेजर गिरधारी मंडल से पूछे जाने पर बताया कि कोई कारण से उनके बिल भुगतान मे देर हो रही होगी।फंड की कोई कमी नहीं है।

## पूर्व सांसद पीएन सिंह के जन्मदिन पर नित्यानंद मंडल ने समेत अन्य ने दी शुभकामनाएं, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की



धनबाद, शुक्रवार को धनबाद के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह के जन्मदिन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजपा के वरिष्ठ नेता विक्रम पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान रंजन सिन्हा, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,तमाल राय,भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनको अंगवस्त्र ओढाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, नित्यानंद मंडल ने कहा कि हमारे अभिभावक पशुपतिनाथ सिंह ने अपने लंबे विधायक एवं सांसद कार्यकाल के दौरान भाजपा को धनबाद में अपने अथक प्रयत्न -प्रयासों से बहुत मजबूत किया। जिसका परिणाम है कि वर्तमान में धनबाद का सांसद और धनबाद झरिया और बाघमारा का विधायक भाजपा के प्रत्याशी बने हैं। जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे भाजपा की वरिष्ठ नेता विक्रम पांडे ने कहा झारखंड भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री एवं निवर्तमान लोकप्रिय सांसद हमारे अभिभावक हमारे गार्जियन पशुपतिनाथ सिंह को हम सभी जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। साथ ही इन्हे गुरु पूर्णिमा की भी शुभकामनाएं देते हैं और आज से सावन शुरू हुआ और मैं महादेव से यही प्रार्थना है कि ये सदा स्वस्थ रहे, प्रसन्न रहे, खुश रहे, ताकि भारतीय जनता पार्टी को, एक-एक कार्यकर्ताओं को, क्षेत्र वासियों को और जनता को अपना आशीर्वाद देते रहे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने उनको जन्मदिन की बधाई एवं दीर्घायु रहने की कामना करते हुए राजनीति में बने रहने का आग्रह किया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।